# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 09 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 216, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 765 अंकों की गिरावट

निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के चलते सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। } 14

## लोगों को मिले किफायती ऊर्जा : जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि सरकार ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और लोगों को किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो, इसके लिए सरकार ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। } 16



## रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



रक्षाबंधन के अवसर पर बच्ची से राखी बंधवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# हम जियेंगे स्वदेशी के लिए और मरेंगे देश के लिए : योगी

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रभक्ति का आह्वान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने लोगों से स्वदेशी चीजों का उपयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि भले ही महंगी ही मिलें लेकिन आने वाले त्योहारों में स्वदेशी चीजें ही खरीदें।वर्तमान पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जियेंगे स्वदेशी के लिए, हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा



कि आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिकाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया।

मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काकोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था, उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### केजीएमयू को नैक के निरीक्षण में मिला ए डबल प्लस ग्रेड

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए++ ग्रेड प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय को यह मान्यता 3.67 की उत्कृष्ट सीजीपीए के साथ प्रदान की गई है, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध कार्य एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। ये जानकारी केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने दी। उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक उपलब्धि उस दिशा में एक बड़ा कदम है जिसकी नींव दो वर्ष पूर्व नौ अगस्त 2023 को प्रो. सोनिया नित्यानंद के कुलपति पद ग्रहण करने के साथ ही रखी गई थी। उस समय केजीएमयू को नैक द्वारा ए+ ग्रेड प्रदान ...शेष पृष्ठ 14 पर

### साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

सहारनपुर। नगर कोतवाली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके चार महिलाओं समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह अमेरिका के नागरिकों से ठगी करने में सक्रिय था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने घंटाघर के पास एक होटल पर छापा मारा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में दिल्ली, मणिपुर, नगालैंड और दार्जिलिंग के निवासी शामिल हैं।

### अवकाश की सूचना

रक्षाबंधन पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

9 अगस्त यानी शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 11 अगस्त सोमवार को प्रकाशित होगा। –संपादक



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- हर घर तिरंगा अभियान को बनायें सफल : मुख्य सचिव (पृष्ठ-02)
- सारनाथ का विश्व धरोहर में शामिल होना गौरव का विषय (पृष्ठ-02)
- टमाटर की बिक्री 47-60 रुपये प्रति किलो से शुरू (पृष्ठ-14)
- विदेशी मुद्रा भंडार 688.87 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-14)


# पेट्रोलियम कंपनियों को सरकार का बड़ा तोहफा

### ○ 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मिली मंजूरी ○ उज्ज्वला योजना के तहत मिलेगी 12,000 करोड़ की सब्सिडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को पिछले 15 महीने में लागत से कम कीमत पर एलपीजी बेचने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को शुक्रवार को मंजूरी दे दी।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से देश के करीब 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। पीएमयूवाई की शुरुआत मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने के लिए की गई थी। इस साल एक अगस्त तक देश भर में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन दिए जा चुके हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष नौ गैस सिलेंडरों

**○ बहुविषयक शिक्षा व अनुसंधान सुधार योजना के लिए बजट मंजूर**

पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। भारत अपनी रसोई गैस जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 175 इंजीनियरिंग संस्थानों और 100 पॉलिटेक्निक सहित 275 तकनीकी संस्थानों में बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान सुधार (मेरिट) योजना के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव



ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका कुल वित्तीय भार 2025-26 से 2029-30 तक की अवधि के लिए 4,200 करोड़ रुपये है। इस 4,200 करोड़ रुपये में से, विश्व बैंक से ऋण के रूप में 2,100 करोड़ रुपये की बाहरी सहायता प्राप्त होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 275 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त तकनीकी संस्थानों का इस योजना के अंतर्गत चयन और सहयोग किया जाएगा। इसमें चयनित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), राज्य इंजीनियरिंग संस्थान, पॉलिटेक्निक और संबद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (एटीयू) शामिल होंगे। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विभागों को भी मेरिट योजना के माध्यम से सहयोग दिया जाएगा। लगभग 7.5 लाख छात्र इस योजना से लाभान्वित होंगे।

**○ मरक्कनम–पुडुचेरी राजमार्ग को चार लेन में बदलने की मंजूरी**

उधर सरकार ने तमिलनाडु में मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन में बदलने को लेकर कुल 2,157 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्तमान में, चेन्नई, पुडुचेरी, विलुप्पुरम और नागपत्तनम के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 332ए (एनएच-332ए) और संबंधित राज्य राजमार्गों पर निर्भर है, जहां यातायात की अधिकता के कारण, विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों और गलियारे वाले प्रमुख कस्बों में काफी भीड़भाड़ रहती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, इस परियोजना के तहत मरक्कनम से पुडुचेरी तक लगभग 46 किलोमीटर लंबे एनएच-332ए को चार-लेन का बनाया जाएगा।

आधिकारिक बयान के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को यह क्षतिपूर्ति 12 किस्तों में दी जाएगी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतें उच्च स्तर पर थीं और आगे भी ऊंची बनी रहेंगी। हालांकि, उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए बढ़ी हुई लागत का बोझ घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया जिससे तीनों तेल विपणन कंपनियों को भारी नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने घाटे के बावजूद देश में किफायती दामों पर घरेलू एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है। बयान में कहा गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से की वार्ता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को फोन पर बात की और दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

पुतिन ने मोदी को यूक्रेन के साथ अपने देश के जारी संघर्ष के बारे में जानकारी दी और प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम से अवगत कराने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अमित शाह ने कांग्रेस गठबंधन पर किया प्रहार

### केन्द्रीय गृहमंत्री ने बिहार में रैली को किया संबोधित

एजेंसी

सीतामढ़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में एक रैली के दौरान आरोप लगाया कि विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आलोचना करके बांग्लादेशी घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहा है।

शाह बिहार के सीतामढ़ी जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने पुनौरा धाम को नया रूप देने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला रखी। पुनौरा धाम उस स्थान पर स्थित है, जहां माना जाता है कि राजा जनक को पुत्री के रूप में देवी सीता मिली थीं। पूर्व



भाजपा अध्यक्ष ने कहा, विशेष गहन पुनरीक्षण पहले भी कई बार हो चुका है। लेकिन राहुल गांधी या (राजद अध्यक्ष) लालू प्रसाद ने कभी इसकी आलोचना नहीं की। वे अब इसका विरोध कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि वे अपना वोट बैंक बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से उन घुसपैठियों के नाम हटाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता है जो बांग्लादेश से अवैध रूप से आए हैं और उन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इजराइली कैबिनेट ने गाजा पर नियंत्रण लेने की योजना को दी मंजूरी

यरूशलम। इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा शहर पर सैन्य नियंत्रण लेने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी उस पांच सूत्री लक्ष्य के तहत दी गई जिसका मुख्य उद्देश्य हमास को निरस्त्र करना है। इस निर्णय ने इस क्षेत्र में लगभग दो साल से जारी युद्ध के और तीव्र होने की आशंका पैदा कर दी है। गाजा शहर पर नियंत्रण करने का विवादास्पद निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब पूरे इजराइल में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें युद्ध को तत्काल समाप्त करने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की तत्काल वापसी सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, सुरक्षा कैबिनेट के मंत्रियों का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# धराली आपदा : 600 से अधिक को बचाया

### सीएम धामी ने प्रभावितों को शीघ्र पुनर्वास का दिया भरोसा

प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। धराली में आई भीषण आपदा के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार राहत और बचाव कार्यों की जमीनी निगरानी कर रहे हैं। वे खुद धराली में कैम्प कर रहे हैं और प्रभावितों के दुख-दर्द को न सिर्फ सुन रहे हैं बल्कि उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिला रहे हैं।

अब तक चिन्यालीसौड़ और मताली हेलीपैड से हेलिकॉप्टरों के जरिए धराली और हर्षिल क्षेत्र से 600 से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। सेना के डॉग स्क्वायड राही की सहायता से मलबे में फंसे जीवन की तलाश जारी है। इस



मिशन को 'ऑपरेशन ज़िंदगी' नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री ने राहत शिविरों, सर्च ऑपरेशनों और संचार बहाली के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और संचार नेटवर्क बहाल कर दिए गए हैं और अब सरकार का पूरा फोकस सड़क, पानी और पुनर्वास कार्यों पर है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि क्षतिग्रस्त संपत्तियों और फसलों का तुरंत सर्वे किया जाए ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने जुर्माने के तौर पर बढ़ाया टैरिफ

# भारत के साथ व्यापार वार्ता की संभावना नहीं : ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ शुल्क का मुद्दा हल होने तक उसके साथ व्यापार वार्ता की संभावना से इनकार किया है। ट्रंप से बृहस्पतिवार को ओवल कार्यालय में पूछा गया था कि क्या उन्हें भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करने के बाद व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की उम्मीद है, इस पर उन्होंने कहा तब तक नहीं जबतक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता।

पिछले सप्ताह, ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए,



जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है।

## ट्रंप ने अमेरिका-भारत साझेदारी को जोखिम में डाला : ग्रेगरी मीक्स

न्यूयॉर्क। अमेरिकी संसद के एक सदस्य ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार ने अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए वर्षों से सावधानीपूर्वक किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के भारत के साथ गहरे रणनीतिक और आर्थिक तथा दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध हैं।

मीक्स डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद हैं और वह हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी डेम्स के रैंकिंग सदस्य भी हैं। मीक्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रंप के टैरिफ वार ने अमेरिका-भारत साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए वर्षों से सावधानीपूर्वक किए गए काम को जोखिम में डाल दिया है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 21 दिनों बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। शुल्क पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नयी दिल्ली को निशाना बनाना अनुचित और अविवेकपूर्ण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रदेश में सड़क हादसों के दौरान आठ लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाराबंकी, इटावा और मुजफ्फरनगर में हुए सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए।

**○ बाराबंकी, मुजफ्फरनगर व इटावा में हुईं दुर्घटनाएं**
**○ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनाओं पर जताया दुख**

बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर क्षेत्र में हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर हरख गांव के पास राजाबाजार में तेज बारिश के दौरान रोडवेज की अनुबंधित बस पर अचानक एक गूलर का पेड़ गिर गया जिससे चार महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बाराबंकी में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरख के समीप अनुबंधित रोडवेज बस पर गूलर का पेड़ गिरने से यह हादसा हुआ और जिला प्रशासन द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# योगी राज : वंचितों को मिला अधिकार और सम्मान, गांव-गांव पहुंची विकास की रोशनी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले आठ साल में समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। 2017 से पहले लोकहित की योजनाएं असली पात्र तक पहुंचने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थीं। योजनाओं का लाभ दिलाने में जाति-मत और मजहब को आधार बनाया जाता था, प्रदेश को गीरीबी से मुक्त राज्य बनाने के लिए सरकारों के पास किसी भी तरह का रोडमैप नहीं था। 2017 के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश की बागडोर संभालते ही योजनाएं न सिर्फ पटरी पर आईं हैं बल्कि लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लेकर आई हैं। वृद्धावस्था पेंशन से लेकर सामूहिक विवाह और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग तक जन कल्याणकारी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकि समावेशिता ने इसका दायरा और प्रभावशीलता आज कई गुना तक बढ़ाया है।

- 2017 के बाद कई गुना तक बढ़ा समाज कल्याण की योजनाओं का दायरा और प्रभाव
- वृद्धावस्था पेंशन से लेकर सामूहिक विवाह और कोचिंग तक, लाखों लोगों के जीवन में लाया सकारात्मक बदलाव
- प्रदेश में दलित अत्याचार में आई कमी, पीड़ितों को मिल रही आर्थिक सहायता
- सीएम योगी ने गरीब बेटियों की शादी में आने वाले आर्थिक व्यवधान को किया दूर
- अब तक 1.08 लाख दलित युवाओं को योगी सरकार ने स्वरोजगार से जोड़ा

2017 के पहले प्रदेश के वृद्धजनों को न सिर्फ 300 रुपये मासिक पेंशन राशि निर्धारित की थी, बल्कि ये भ्रष्टाचार के कराह रही थी। प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद योगी सरकार ने इस योजना में समयबद्ध व पारदर्शी पेंशन प्रक्रिया लागू कर प्रदेश के बुजुर्गों और किसानों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किया है। जिससे न सिर्फ लाभार्थियों की संख्या बढ़ी है बल्कि घर बैठे आसानी से पेंशन की राशि प्राप्त कर रही हैं। 2017 के पहले वृद्धावस्था/किसान पेंशन योजना के 37.47 लाख लाभार्थी थे, आठ वर्ष में बढ़कर 67.50 लाख हो गए हैं। यह करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यही नहीं योगी सरकार ने पेंशन राशि को ?300 से बढ़ाकर ?1000 प्रतिमाह किया। जो वृद्धजनों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों, जिनके मुखिया (18-59 वर्ष) की मृत्यु हो जाती है, उन्हें योगी सरकार की ओर से ?30,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। 2017 के पहले मात्र 86 हजार परिवार इससे लाभान्वित हुए, जबकि 2024-25 में लाभार्थियों की संख्या बढ़ी और 8,72,896 परिवारों को योजना का लाभ मिला। योगी सरकार द्वारा लाभ देने के प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रणाली ने इस योजना को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया, जिससे लाखों परिवार आज इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। यही नहीं वंचितों को वरीयता का मूलमंत्र को आधार बनाकर योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों में 6 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण कार्य किया है। योगी सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजनाओं का पूर्ण कम्प्यूटरीकरण कर आधार-आधारित ई-पेमेंट सिस्टम लागू किया गया। पूर्वदशम (कक्षा 1-8) और दशमोत्तर (कक्षा 9-12) में



अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका भरपूर लाभ मिला। 2017 के पहले के कुल 41.68 लाख (पूर्वदशम) और 12.80 लाख (दशमोत्तर) छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जबकि सामान्य वर्ग में 2017-18 के 7.77 लाख (पूर्वदशम) और 5.71 लाख (दशमोत्तर) को छात्रवृत्ति दी गई। वहीं योगी सरकार के आठ वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिल चुका है। योगी सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण में आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली की व्यवस्था लागू कर इसमें पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित की।

अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत पीड़ित परिवारों को ?85,000 से ?8,25,000 तक की सहायता दी जाती है। 2017 के पहले 16,507 दलित परिवारों पर अत्याचार की शिकायत के बाद सहायता प्रदान की गई। वहीं योगी सरकार की सुदृढ़ कानून व्यवस्था और बेरतर शासन की बदौलत दलितों पर होने वाले अत्याचार में भारी गिरावट दर्ज आई। योगी सरकार ने सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान की और 2024-25 में पीड़ितों का आंकड़ा गिरकर 13,436 परिवारों तक पहुंच गया है।

यूपी में सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब बेटियों की शादी में आने वाले आर्थिक व्यवधान को दूर करने को प्राथमिकता दी। यह योजना अपने लागू होने के साथ ही गरीब बेटियों के उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। अबतक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 4,76,207 जोड़ों का सामूहित विवाह संपन्न हो चुका है। योगी सरकार ने लाभार्थियों के लिए योजना को और सुलभ और आसन कर जरूरतमंद परिवारों के लिए विवाह को सुलभ बनाया है। योगी सरकार जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में 60% अनुसूचित जाति/जनजाति, 25% पिछड़ा वर्ग और 15% सामान्य वर्ग के छात्रों को मुफ्त शिक्षा, आवास, यूनिफॉर्म और किताबें उपलब्ध करा रही है। इस योजना से जहां 2017 के पहले 31,484 छात्रों को लाभ मिला, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 32,538 रहा। इन आठ वर्ष में सीएम योगी के निर्देश पर इसे प्रभावशाली बनाते हुए कुल 2,65,666 छात्र-छात्राओं को लाभांवित किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 100 विद्यालयों में से 41 विद्यालय उइरए बोर्ड के हैं, बाकि 59 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध हैं। योगी सरकार 45 विद्यालयों में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कर शिक्षा को और उच्चीकृत किया है। प्रदेश में 20 नए विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत गरीब मेधावी छात्रों को कअर, ढउर, खएए, ठएएळ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था प्रदान की जा रही है। 2020-21 में 5,128 छात्रों से शुरू होकर 2024-25 में 23,017 छात्र इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। इसमें अबतक कुल 76,059 छात्रों को लाभांवित किया जा चुका है। इस योजना के माध्यम से वढरउ में 60, वढढउर में 300+, इढरउ में 50+, खएए में 35, ठएएळ में 100 और पुलिस भर्ती में 100+ समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में 800 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर इतिहास रचा है।

2017 से सत्ता में आने के बाद योगी सरकार ने जनजाति कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। पीएम-जनमन के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) को शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पक्के मकान, सड़के, पेयजल, दूरसंचार, सोलर लाईट आदि मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। प्रदेश की बुक्सा जनजाति के सभी 815 परिवारों को योजना से लाभ देकर उनकी सामाजिक सुरक्षा और विकास सुनिश्चित किया है। साथ ही 42 वनग्राम को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित कर उनका विकास किया गया है। स्वरोजगार के क्षेत्र में योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं वित्त विकास निगम लिमटेड के माध्यम से अब तक 1.08 लाख दलित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा है। साथ ही उनकी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 955.49 करोड़ रुपये स्वीकृत कर करीब 1.20 लाख दलितों को ऋण सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। इनमें अधिकांश लाभार्थियों को 50% अनुदान के साथ लोन मिला है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 1,951 दलित बहुल गांवों में 93,400 विकास कार्य कराए गए हैं। सोलर लाइट, शौचालय, पेयजल, सड़क और सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण से इन गांवों की तस्वीर बदली है। इनमें रहने वाले करीब 19 लाख वंचितों को इसका लाभ मिला।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने जनसुनवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 38 शिकायती प्रकरणों पर जनसुनवाई की गई। इस जनसुनवाई में पेंशन भुगतान में देरी, अवैध कब्जे, अधिकारी अनुपस्थिति जैसे गंभीर मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया।

- 38 शिकायती मामलों पर सुनाया फैसला
- पेंशन में देरी, अवैध कब्जे जैसे मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया
- पेंशन भुगतान में देरी पर नाराजगी जताई और दोषी कर्मियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये
- विधवा दिव्यांग महिला की भूमि पर कब्जे के मामले में प्रशासन कोदिये निर्देश



राम आसरे सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त पेंशन, ग्रेच्युटी और राशिकरण भुगतान में 63 दिन की देरी पर आयोग ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सहायक कोषाधिकारी, जवाहर भवन ने सूचित किया कि सभी देयकों का भुगतान कर दिया गया है, परन्तु शासनादेश के अनुसार अधिकतम तीन दिन में भुगतान होना चाहिए था। आयोग ने दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की।

फूलकेसरी कश्यप के मामले में नगर निगम लखनऊ का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर अध्यक्ष ने गम्भीर असंतोष जताते हुए चेतावनी दी कि अगली तिथि पर सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति की स्थिति में नगर आयुक्त के विरुद्ध शासन को कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा।

जनपद बाराबंकी निवासी विधवा दिव्यांग महिला मधु देवी के मामले में आयोग ने विशेष संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस को उनकी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के सख्त निर्देश दिए। जनपद अयोध्या के धनीराम वर्मा के प्रकरण में संविदा समाप्ति के बाद भी भूमि खाली न किए जाने पर आयोग ने क्षेत्राधिकारी, अयोध्या को कार्यवाही कर रिपोर्ट के साथ अगली तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया। रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के पेंशन प्रकरणों में अनावश्यक विलंब पर पेंशन विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई गई और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुनवाई में अनुपस्थित अन्य विभागीय अधिकारियों पर आयोग ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध शासन को लिखकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# सारनाथ विश्व धरोहर सूची में शामिल होना गौरव का विषय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने वाराणसी स्थित विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस संबंध में आज लखनऊ स्थित पर्यटन निदेशालय में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी सितंबर माह में होने वाली यूनेस्को की बैठक के एजेंडे और प्रस्तावित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

- सारनाथ को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के लिए पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सारनाथ हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है। इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करना पूरे विश्व के लिए भारत की विरासत को निकट से जानने का अवसर प्रदान करेगा। सारनाथ को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा मिलने से न केवल इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी बल्कि पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षण मिलेगा। उन्होंने इस बैठक के लिए पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश में तीन विश्व धरोहर पर्यटन स्थल हैं। सारनाथ को युनेस्कों की सूची में शामिल होने से उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर स्थान बनायेगा, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी।



बैठक के उपरान्त एएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से भेंट की। उन्होंने अब तक की प्रगति और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

ज्ञात हो कि, भारत ने 2025-26 नामांकन चक्र के तहत यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची के लिए प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ को आधिकारिक रूप से नामांकित किया है। उत्तर प्रदेश में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थायी सूची में अब तक केवल ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। तीनों विश्व धरोहर आगरा में स्थित हैं। सारनाथ को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बीते डेढ़ साल की प्रक्रिया, पारिस्थितिकी, सतत पर्यटन विकास, इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। वाराणसी में एक बैठक स्टेक होल्डर्स, स्थानीय समुदायों के साथ आयोजित करने पर सहमति बनी।

बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन ने कहा कि पर्यटकों को ध्यान में रखकर सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकीसा, कुशीनगर और कौशांबी तक बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। सारनाथ आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए कुशीनगर और वाराणसी में एयरपोर्ट की भी व्यवस्था की गई है। नेपाल से सटे होने के कारण वहां से भी बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक यदुवीर सिंह रावत, अतिरिक्त महानिदेशक जाह्नवीज शर्मा ने भी अपने विचार रखे और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। यूनेस्को की सूची में किसी भी स्थल को शामिल करने के लिए संबंधित स्थल का मानव रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्ट कृति होना आवश्यक है।

# सपा राज में 3.45 करोड़ बच्चे थे स्कूल से दूर : संदीप सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद, नकल माफिया और लापरवाहियों की शिकार थी, जबकि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता, निवेश और सोच के साथ इसे बदलने का कार्य किया है। उन्होंने 2015 के अखबार की कटिंग दिखाते हुए सपा मुखिया को आईना दिखाया और कहा कि सपा के राज में 3.45 करोड़ बच्चे स्कूल से दूर थे। संदीप सिंह ने कहा कि जब से भाजपा आई तभी पढ़ाई में जान आई।

संदीप सिंह ने सपा मुखिया को घेरते हुए कहा कि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश सरकार में एक भी ऐसा मॉडल स्कूल नहीं बना, जिसे राज्य गौरव से दिखा सके। उन्होंने कहा कि सपा ने सिर्फशिक्षा ही नहीं, संस्कृति का भी अपमान किया। वहीं, भाजपा सरकार ने 2017 के बाद शिक्षा सुधार प्रयासों पर निरंतर काम किया। 11,500 करोड़ से अधिक की लागत से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 बुनियादी सुविधाएं परिषदीय विद्यालयों में पहुंचायी गयीं, जिनमें पेयजल, टॉयलेट, ब्लैकबोर्ड, फर्नीचर, बिजली, और क्लासरूम का सुदृढ़ीकरण शामिल है। संदीप सिंह ने

- सपा प्रमुख अखिलेश पर बेसिक शिक्षा मंत्री का तीखा हमला

कहा कि सपा सरकार के समय जहां बच्चों की संख्या घट रही थी, वहीं भाजपा सरकार ने इस प्रवृत्ति को रोका और इस वर्ष के स्कूल चलो अभियान में 27 लाख से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में हुआ।

संदीप सिंह ने बताया कि हर जिले में दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय की लागत 30 करोड़ रुपये है। इनमें नई एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप केजी से 12वीं तक की आधुनिक शिक्षा व्यवस्था होगी। इसी प्रकार, सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जिनमें 18,000 से अधिक श्रमिक एवं अनाथ बच्चों को मुफ्त आवासीय शिक्षा, भोजन, खेलकूद व कौशल विकास की सुविधा दी जा रही है। यही नहीं, यूपी के 1,722 स्कूलों (1565 परिषदीय, 157 माध्यमिक) को पीएमश्री स्कूल्स के अंतर्गत स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल सामग्री और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से लैस किया जा रहा है। वहीं 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कऌळ लैब, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, टॉयलेट ब्लॉक और डॉर्मेट्री की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के प्रयासों से शिक्षा के स्तर में जो सुधार आया है, उसका गुणगान हम ही नहीं कर रहे, बल्कि असर 2024 और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 दोनों ने यूपी के शिक्षा क्षेत्र में सुधार को मान्यता दी है।

# भूपेंद्र चौधरी व धर्मपाल ने दी रक्षाबंधन की बधाई

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव है। इसके साथ ही यह विश्वास, सम्मान, सुरक्षा और उत्तरदायित्व का जीवंत प्रतीक है। यह पवित्र रक्षा बंधन परिवार में आपसी प्रेम, सामाजिक सौहार्द और महिलाओं के प्रति आदर की भावना को समर्पित है। उन्होंने कहा, रक्षाबंधन हमें यह भी स्मरण कराता है कि जैसे भाई अपनी बहन की रक्षा को संकल्पित है, वैसे ही हम सभी को राष्ट्र, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्रीय सम्पदाओं की रक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व उत्सव के साथ ही समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का अवसर भी हैं। रक्षाबंधन का यह संदेश हमें एक-दूसरे की रक्षा, सहयोग और उत्थान के लिए प्रेरित करता है। आज स्वदेशी से स्वावलंबी भारत के संकल्प के साथ हमसभी रक्षा बंधन पर्व मनाये।

## उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने रक्षाबंधन पर दी बधाई

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश विधान परिषद मे नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मौर्य ने कहा है कि है कि यह पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सद्भाव, समृद्धि और सौहार्द की वृद्धि करें। उप मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत परंपरा का उत्सव है, जो स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को दर्शाता है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा, और परिवार व समाज में आपसी स्नेह और सम्मान को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।

# बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तर प्रदेश में इन दिनों बाढ़ से हाहाकार मचा हैं। बाढ़ पीड़ितो की सुध लेने वाला कोई नही है। भाजपा सरकार अपनी ही आंतरिक खींचतान में उलझी हुई है। बाढ़ पीड़िता कई जगह फंसे है। उन्हें तुरन्त राहत की जरूरत है। भोजन, पानी, दवा की व्यवस्था करना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है पर लगता है कि पूरी सरकार मठ में विश्राम करने चली गई है। जनता कराह रही है, मुख्यमंत्री दौरा करने में लगे है। बाढ़ से पीड़ितों की ओर उनका ध्यान नही जा रहा है।

- प्रदेश की बाढ़ विभिषका पर सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार को घेरा

उन्होंने कहा कि बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई है। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे है। मुख्य मार्गो से कटे इलाको में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान का संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे है। पशुओं



की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उरई में सड़के पानी से लबालब भरी हुई है। बच्चों को दूध तक मयस्सर नही। उरई में पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए है। 100 घरों तक पानी भर गया है। दुकाने बंद हैं। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लाज-कमरे छोड़कर चले गए है। 400 से अधिक लाइब्रेरी बंद हो गई है। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवो में बाढ़ का पानी है। बाढ़ का पानी घरों के अंदर बह रहा है। बड़ी संख्या में लोग राहत शिविरों में या रिश्तेदारी में चले गए है। यही हाल प्रदेश के तमाम जनपदों का है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से कमजोर पौधों के नष्ट होने की आशंका है। बाजरा, दलहन की फसलों को नुकसान होने से किसान चिंता में हैं। जर्जर मकान गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके है। जब तब मौतें भी हो चुकी है। बिजली गुल होने से बड़ी आबादी की नींद हराम है। ट्रान्सफार्मर फुंक रहे है। करंट की चपेट में कई मौंते हो चुकी है बिजली विभाग निरंकुश है।

बाढ़ में सच पूछिए तो बदहाल सड़कों के अच्छे दिन आ गए है। तमाम सड़के उखड़ गई है।

# जन भागीदारी से हर घर तिरंगा अभियान को बनायें सफल : मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश में 4.60 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

उन्होंने जनभागीदारी को अभियान की सफलता का आधार बताते हुए सभी वर्गों को जोड़ने पर बल दिया।



देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए तिरंगा महोत्सव, तिरंगा रैली, म्यूजिकल कॉन्सर्ट जैसे विविध आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए शुरू किया गया है। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया, रेडियो, टीवी, और स्थानीय प्रचार माध्यमों के जरिए लोगों को वॉलंटियर बनने और ₹हर घर तिरंगा₹ सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, युवा संगठनों, स्थानीय क्लबों और छात्र-छात्राओं की व्यापक व सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान अवधि में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में खादी से निर्मित राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए और झंडों की आपूर्ति खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को एनजीओ, लघु उद्योगों, निजी सिलाई केंद्रों और अन्य उत्पादन इकाइयों के साथ समन्वय कर झंडों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार को पद्म आवार्ड के लिए नाम भेजा जाना है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व प्रत्येक जनपद से खेल, शिक्षा या अन्य क्षेत्रों से संबंधित 6-6 प्रतिभाशाली व्यक्तियों के नाम शासन को उपलब्ध कराएं। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समूहों के माध्यम से बनायेगा दो करोड़ झण्डे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियो को व्यापक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को झण्डो के निर्माण के लिए आवंटित लक्ष्यो को पूर्ण करने हेतु युद्ध स्तर पर का कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। श्री मौर्य ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 2022 में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत तथा भावनात्मक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पिछले कुछ वर्षों में, यह राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति एवं गौरव के जन-भागीदारी आंदोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है।

- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिलों को लक्ष्य का किया गया आवंटन

हर घर तिरंगाष्कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में 02 करोड़ झण्डों का निर्माण उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित समूहों के माध्यम से कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गत वर्ष आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम में उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित समूहों द्वारा सफलता पूर्वक 1.88 करोड़ से अधिक झण्डों का उत्पादन किया गया था, जिसकी उच्च स्तर पर प्रशंसा की गयी है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगे झण्डे का सम्मान सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा इन झण्डों का निर्माण कर इसे ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया जायेगा। समूहों द्वारा लक्ष्य के अतिरिक्त भी झण्डों का निर्माण कर स्थानीय प्रशासन, स्थानीय बाजार/मोहल्लों में भी बिक्री की जा सकती है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन द्वारा जिलाधिकारियो को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि समूहों को किसी भी प्रकार की वित्तीय हानि न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। समूहों द्वारा निर्मित झण्डों की बिक्री विभिन्न मिशन के अन्य घटकों से लाभान्वित व्यक्तियों के माध्यम से भी करायी जा सकती है। समूह द्वारा निर्मित झण्डों की सूचना/आख्या निर्धारित प्रारूप पर मुख्यालय को नियमित साझा की जा रही गूगल शीट के माध्यम से कार्यक्रम समापन के तीन दिवस के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी। अपेक्षा की गयी है कि झण्डा फहराने के लिए समूह सदस्यों/विभिन्न मिशन के लाभार्थियों तथा नागरिकों को भी इनके नियम तथा अन्य जानकारियों के बारे में स्पष्ट रूप से संवेदित कर जागरूक किया जाए। सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को झण्डा फहराने के लिए प्रेरित किया जाये तथा इन लाभार्थियों को भी स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित झण्डा क्रय किये जाने हेतु प्रेरित कर सुलभ कराया जाए।



हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम के आयोजन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में झण्डे फहराये जाने हेतु 02 करोड़ झण्डों का निर्माण उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराये जाने एवं भुगतान पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित किये जाने वाले झण्डों का जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

## वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के 4 माह में करीब दो लाख युवाओं ने किया आवेदन , 4 माह में प्रदेश भर के करीब 42 हजार से अधिक युवाओं को वितरित किया गया लोन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के चार माह में अब तक प्रदेश भर में करीब दो लाख आवेदन आ चुके हैं जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य 1 लाख 50 हजार रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर लखनऊ है।

- प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख दो रहा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान
- अभियान से जुड़कर प्रदेश के युवा उपलब्ध करा रहे रोजगार के अवसर, पूरे के विकास को दे रहे गति
- पूरे प्रदेश में सबसे अधिक 1385 युवाओं को लोन वितरित कर जौनपुर ने मारी बाजी
- लाभ देने में आजमगढ़ दूसरे तो लखनऊ ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



**चार माह में करीब दो लाख युवाओं ने किया आवेदन :** पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है बल्कि उन्हे एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष चार माह में पूरे प्रदेश से 1,96,004 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं जबकि 1,58,595 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 45,463 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है जबकि 42,128 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। वहीं, अगर पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की करें तो एक लाख लक्ष्य के सापेक्ष 1,78,662 आवेदन प्राप्त हुए जबकि 1,44,273 आवेदन बैंकों को फॉरवर्ड किये गये। इनमें से 40 हजार से अधिक आवेदन बैंक ने स्वीकृत किये और 28 हजार से अधिक युवाओं को लोन वितरित किया। इसके लिए एमएसएमई विभाग की ओर से 113 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी स्वीकृत की गयी।

**पूरे प्रदेश में सबसे अधिक जौनपुर में 1,385 युवाओं को वितरित किया गया लोन :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,200 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष पिछले चार माह में 4,598 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 3,623 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है। इनमें से 1,385 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में पिछले चार माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह आजमगढ़ ने पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आजमगढ़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,200 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष चार माह में 3,565 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,919 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 1,256 को लोन वितरित किया जा चुका है।

**लखनऊ, कानपुर नगर, आगरा, वाराणसी और प्रयागराज का भी रहा शानदार प्रदर्शन :** लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देने के लिए हर माह बैंकों से साथ बैठक की जा रही है ताकि योजना से संबंधी को कोई समस्या आने पर उसे तत्काल दुरूस्त किया जा सके। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में लखनऊ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3,000 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष चार माह में 3,421 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,258 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 1,008 आवेदकों को लोन देने के लिए बैंक ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है जबकि 920 को लोन वितरित किया जा चुका है। इसके अलावा कानुपर नगर ने 909 युवाओं को लोन वितरित कर प्रदेश में चौथा और आगरा ने 903 युवाओं को लोन वितरित कर पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही योजना का लाभ देने में वाराणसी, प्रयागराज और अंबेडकरनगर का भी प्रदर्शन शानदार रहा।

## मलेसेमऊ में नगर निगम की जमीनों का उपयोग न करे एलडीए

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मलेसेमऊ ग्राम की उन जमीनों का उपयोग करने से एलडीए को रोक दिया है, जो नगर निगम की हैं। न्यायालय ने कहा है कि अब तक उक्त जमीनों पर एलडीए का कोई अधिकार नहीं है लिहाजा इन जमीनों का उपयोग तब तक न करे जब तक उसे इसका अधिकार नहीं प्राप्त हो जाता। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने दिनेश कुमार की जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका वर्ष 2019 में दाखिल की गई थी। याचिका में कहा गया है कि मलेसेमऊ ग्राम की भू प्रबंधन समिति की जमीनों पर एलडीए बिना किसी अधिकार के कब्जा कर रहा है व इन पर तीसरे पक्ष का स्वत्व भी उत्पन्न कर रहा है। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने पाया कि उक्त जनहित याचिका के लंबित रहते, प्रश्नगत जमीनों पर नगर निगम का नियंत्रण हो गया है। एलडीए की ओर से कहा गया कि उक्त जमीनों के पुनर्ग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस पर न्यायालय ने कहा कि वह एक अलग विषय है, हम उस पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि यदि एलडीए के अतिरिक्त कोई और उक्त जमीनों पर अवैध कब्जा का प्रयास करता है तो सम्बंधित अधिकारी विधि सम्मत कार्रवाई करें।

# आईआईए ने औद्योगिकीकरण बढ़ाने व विकसित भारत बनाने का लिया संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 34वीं वार्षिक आम सभा शुक्रवार को कानपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। एजीएम में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 700 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एमएसएमई के विकास के लिए आई.आई.ए. के प्रयासों और पहलों की सराहना की। उन्होंने देश के सबसे बड़े एम.एस.एम.ई. एसोसिएशन में से एक के रूप में आईआईए के बढ़ते दायरे को प्रमाणित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अंतर्गत, आई.आई.ए. उद्योग 4.0 की दिशा में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय रूप से काम कर रहा है।

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 34वीं वार्षिक आम सभा में जुटे उद्यमी



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश सरकार के पास आई. आई.ए. के उचित समर्थन से ओडीओपी और एमएसएमई की योजनाओं के साथ दुनिया की सेवा करने के लिए उन्हें शक्तिशाली संसाधन और क्षमता में बदलने का संकल्प है। उन्होंने आई. आई.ए. को व्यापार करने में आसानी में बाधा डालने वाली नीति संशोधन की आवश्यकता को साझा करने के लिए आमंत्रित किया है और आश्स्वस्त इसे प्राथमिकता पर विचार किया जाएगा। उन्होंने इस एजीएम में उद्यमियों को बिजनेस ग्रोथ के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए प्रसिद्ध कॉरपोरेट ट्रेनर सोनू शर्मा को आमंत्रित करने के लिए आईआईए की पहल की सराहना की। उन्होंने वित्तीय बैकअप के अनुसार व्यावसायिक घाटे और विकास एल्गोरिदम के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। विजेता चैप्टर और प्रतिनिधि उद्यमियों को ट्रॉफी प्रदान की गई और उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। हापुड़ 83.32% के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला आई.आई.ए. चैप्टर रहा और समग्र विकास में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आई.आई.ए. चैप्टर-बाराबंकी को दूसरा, ग्रेटर नोएडा को तीसरा, बरेली को चौथा और मुजफ़्फ़रनगर को समग्र विकास में पाँचवाँ स्थान मिला। आई.आई.ए. चैप्टरों को पाँच और श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया, जैसे आई.आई.ए. स्टार चैप्टर चेयरमैन-सीईसी की उपस्थिति, आईआईए स्टार चैप्टर मंथन बैठक, आईआईए स्टार चैप्टर - सदस्यों की वृद्धि, अध्यक्ष विशेष पुरस्कार और 100% मासिक चैप्टर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र।

**देश के विकास में एमएसएमई की भूमिका अहम :** एजीएम के उद्घाटन भाषण में आईआईए के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने आई.आई.ए. को एमएसएमई के लिए एक आवाज को सशक्त बनाने वाले उद्यमियों के साथ एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आईआईए के लक्ष्यों और एमएसएमई और संबंधित क्षेत्रों के विकास के लिए गैर-प्रतिनिधित्व वाले राज्यों में गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने देश के विकास में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी उद्यमियों को लीक से हटकर सोचने और अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर ज्ञान को प्राप्त कर प्रक्रिया को तेज करने और अपनी सफलता की बाधाओं के लिए आई.आई.ए. के साथ जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने व्यवसाय और व्यापार के विकास के लिए प्रत्येक अध्याय और प्रत्येक उद्यमी को जोड़ने के लिए आईटी के सहयोग से संसाधन प्रबंधन प्रकोष्ठ की स्थापना की आवश्यकता और महत्व को समझाया।

## डीजीपी को आईएसओ का प्रमाण पत्र मिला



**लखनऊ।** प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्णा को एडीजी तकनीकी सेवायें नवीन अरोरा द्वारा कन्नौज प्रयोगशाला को प्राप्त आईएसओ प्रमाण पत्र की प्रति भेंट की गयी। डीजपी द्वारा विधि विज्ञान प्रयोगशाला, कन्नौज को प्रथम आईएसओ प्रमाणित प्रयोगशाला बनने पर पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं कन्नौज प्रयोगशाला के समस्त कर्मचारियों को बधाई दी गई। आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र प्राप्त करना कन्नौज प्रयोगशाला के लिये एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट उपलब्धि है, जो यह दशार्ता है कि प्रयोगशाला वैज्ञानिक विश्लेषण के कार्यों में उच्च स्तरीय गुणवत्ता, पारदर्शिता, तटस्थता एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया का पालन कर रही है।

## भीखमपुर में कलर फुल थीम पर पार्क बनायेगा एलडीए

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण पेपर मिल कॉलोनी स्थित भीखमपुर के 25 एकड़ में कलर फुल थीम पर पार्क बनाएगा। पार्क में फूल, फल और छाया देने वाले 50 हजार पौधे लगेंगे। यहां जंगल की तरह कच्चा निर्माण कर विकसित किया जाएगा। पार्क में किसी भी तरह का पक्का निर्माण नहीं किया जाएगा। चार-चार मीटर दूरी पर एक थीम व रंग के पेड़-पौधे लगेंगे। पार्क में घूमने के लिए पाथ-वे भी कच्चा बनेगा। पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग के अलावा सुरक्षा कर्मी भी रखे जाएंगे। एलडीए ने पिछले वर्ष अवैध निर्माण ध्वस्त करके ये जगह खाली कराई थी, तब पार्क बनाने का प्रोजेक्ट नगर निगम को मिला था। अब नगर निगम से लेकर एलडीए को दे दिया गया है। पर्यटक इस पार्क के पास सौमित्र वन और ठीक उसके सामने शक्ति वन का लुत्फ उठाएंगे। एलडीए थीम पार्क में पीपल, नीम, बरगद, पाकड़, पिलकर, शीशम, महुआ, अमलताश, कचनार, गुलमोहर, अमरूद, आम, जामुन, अर्जुन आदि प्रजाति के पौधे लगाकर पूरी तरह से हराभरा बनाएगा। यह पौधे वन विभाग देगा, जबकि स्पैथोडिया, टबेबुइया, लार्जेस्ट्रोमिया अमलतास, नीली गुलमोहर आदि पौधे एलडीए खरीदकर लगाएगा। पार्क के अंदर कुछ हिस्से में मियावाकी जंगल विकसित किया जाएगा। जापान की मियावकी पद्धति पर पौधे रोपे जाएंगे। इसके अलावा कुकरैल नदी किनारे हिस्से में जामुन, अर्जुन, पनिया, केन आदि पौधे लगेंगे। यह पौधे नदी की धारा बढ़ने पर नष्ट नहीं होंगे।

## नगर नगम में आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में कटौती

**लखनऊ।** नगर निगम में आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में कटौती की शिकायत की गई है। शुक्रवार को नाराज कर्मचारियों ने नगर आयुक्त से नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायत की है। ठेकेदार पर नियमों के खिलाफ जाकर वेतन काटने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि त्योहार के समय वेतन कटौती से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने इसे कर्मचारियों का शोषण बताया और कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि निगम प्रशासन इस बात की जांच करे कि क्या ठेकेदार कर्मचारियों को सही वेतन दे रहा है या नहीं। उनका कहना था कि नगर निगम तो ठेकेदार को पूरा भुगतान करता है, लेकिन ठेकेदार कर्मचारियों का वेतन काट लेते हैं। महामंत्री शमील एखलाक ने कहा कि अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन में त्योहार के समय की गई इस कटौती की जांच होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें महीने की 1 से 5 तारीख तक वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन रक्षाबंधन से ठीक पहले तक उन्हें सैलरी नहीं मिली थी। कई कर्मचारियों के खातों में सिर्फ 7100 रुपये ही आए हैं, जबकि उन्हें लगभग 8100 रुपये मिलने चाहिए। उधर, नगर महापालिका आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज मौर्य ने बताया कि आरआर विभाग में काम करने वाले करीब 400 कर्मचारियों के वेतन में कटौती हुई है। उन्होंने कहा कि यह कटौती नियमों को ताक पर रखकर की गई है और यह बिलकुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है। कर्मचारियों ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

# लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय की अगुवाई में लविवि में शिक्षकों का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविविके मालवीय सभागार में कुलपति प्रो मनुका खन्ना की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्या परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिये गये लेकिन कालेजों के शिक्षकों को पीएचडी कराने का अधिकार नहीं दिये जाने पर वे उग्र हो गये और लुआक्टा के बैनर तले विश्वविद्यालय परिसर में जमकर प्रदर्शन किया।

- लविवि की विद्या परिषद की बैठक में कालेज शिक्षकों को पीएचडी कराने का अधिकार न देने से आक्रोशित हुए शिक्षक



फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शिक्षकों को कोई राहत नहीं दी गयी, जिस पर लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने आंदोलन करने की बात कहीं और विश्वविद्यालय के निर्णय से जन प्रतिनिधियों को अवगत कराने की बात कहीं।इधर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकाय परिषद की बैठकों के कार्यवृत्त पर विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। पीएचडी आर्डिनेंस, 2025 पर अनुमोदन प्रदान किया गया। कुछ ऐसे शोध छात्र/छात्रा जिनके शोध ग्रंथ जमा करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है, को छात्र हित में अंतिम अवसर देते हुए शोध ग्रंथ को जमा करने के लिए अधिकतम तीन माह का अतिरिक्त समय प्रदान करने का निर्णय लिया गया। डीलिट, डीएससी और एलएलडी अध्यादेश पर विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। स्नातक स्तर पर पर्यावरण शिक्षा पाठ्यक्रम को शामिल किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई विद्या परिषद और स्नातक स्तर के शिक्षकों को शोध अधिकार से वंचित किये जाने के विश्वविद्यालय के निर्णय के विरुद्ध लुआक्टा द्वारा आंदोलन किया गया और विश्वविद्यालय मे धरना दिया गया। इस संबंध में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना से दो बार वार्ता हुई, लेकिन वार्ता विफल रही, जिसके कारण लुआक्टा द्वारा आंदोलन को आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया। इसकी जानकारी देते हुए लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि इस संबंध में लुआक्टा कार्यकारणी की यथा शीघ्र बैठक बुलाई जायेगी और आंदोलन की रूप रेखा तय की जायेगी, आंदोलन मे धरना प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन तथा यदि आवश्यक हुआ तो आगामी परीक्षाओं का बहिष्कार, सभी जन प्रतिनिधियो को भी लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे मनमाने निर्णय से अवगत कराया जायेगा। यह भी अवगत कराया जायेगा कि विश्वविद्यालय किस प्रकार छात्रों का अहित कर रहा है। महाविद्यालयो के शिक्षकों के शोध कराने के कारण लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध छात्रों को प्रवेश आसानी से मिल जाता था और जेआरएफ एवं नेट पास विधार्थियो को कहीं भटकना नही पड़ता है। साथ ही जब महाविद्यालय के शिक्षकों को शोध अधिकार मिला है तब सारे जेआरएफ विधार्थियो का प्रवेश नही हो पा रहा है। आज के एकेडमिक काउंसिल की बैठक के एजेंडे में पीएचडी अध्यादेश 2025 को पारित कराने के प्रस्तुत किया जा रहा था तथा पुनः महाविद्यालय के स्नातक स्तर के शिक्षकों को शोध अधिकार से वंचित किये जाने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन के इस भी निर्णय का विरोध किया जा रहा था और यह तय किया गया था कुलपति से इस विषय पर वार्ता किया जायेगा और अवगत कराया जायेगा कि राज्य सरकार द्वारा स्नातक स्तर के शिक्षकों को शोध का अधिकार दिया गया है और विगत वर्ष भी यूजीसी रेगुलेशन 2022 की अधिसूचना निर्गत होने के बाबजूद स्नातक स्तर पर शोध के लिए शिक्षकों को यह अधिकार प्राप्त है, इस सत्र मे भी प्रवेश किया जा रहा है तो आगे यूजी शिक्षकों के शोध कराने मे विश्वविद्यालय को क्यो आपत्ति है, इसे एकेडमिक काउंसिल मे प्रस्तुत किया न किया जाय और जब पूरे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो मे स्नातक स्तर के शिक्षक शोध करा रहे हैं तो लखनऊ विश्वविद्यालय महाविद्यालयो के शिक्षकों के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों कर रहा है? आंदोलन के बाद शिक्षकों को पुनः वार्ता के लिए बुलाया गया, लुआक्टा द्वारा पुनः एकेडमिक काउंसिल की बैठक बुलाकर पुनर्विचार का आग्रह किया गया, जिसे कुलपति द्वारा स्वीकार नहीं किया गया एवं वार्ता विफल हो गयी।

## त्यौहारों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखें : नगर आयुक्त

**लखनऊ।** रक्षाबंधन एवं आगामी त्यौहारों को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने सभी जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर तथा सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के सख्त आदेश दिए हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शहर की स्वच्छता और सुंदरता को प्राथमिकता दी जाए ताकि नागरिकों और बाहर से आने वाले आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, सड़क झाड़ू, बाजारों, धार्मिक स्थलों और पूजा पंडालों के आसपास विशेष सफाई की जाए। साथ ही, त्यौहार के समय बढ़ने वाले कचरे के त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी और वाहन तैनात किए जाएं। गौरव कुमार ने कहा है कि सभी जोनों में सुबह और शाम दोनों पाली में सफाई कार्य अनिवार्य रूप से हो। प्रमुख बाजार क्षेत्रों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगाए जाएं और कचरे को समय पर उठाकर डंपिंग स्थल तक पहुंचाया जाए। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की कि वे भी स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें, कचरा निर्धारित स्थान पर डालें और प्लास्टिक का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर लखनऊ के निर्माण में प्रशासन और जनता दोनों की जिम्मेदारी है।

# बिजनेस अनप्लग्ड 2025 में डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं में जगायी नयी चेतना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** शुक्रवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने द मिलेनियम स्कूल, साउथ सिटी, रायबरेली रोड, लखनऊ में आयोजित ळटर मिलेनिया और बिजनेस अनप्लग्ड 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

- एआई से लेकर हरित विकास तक नई पीढ़ी को मिला दिशा-संकेत
- डॉ. राजेश्वर सिंह ने 5 छात्रों को भेंट किए लैपटॉप
- सरोजनीनगर विधायक ने विद्यार्थियों में भरा आत्मविश्वास

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने बिजनेस अनप्लग्ड प्रतियोगिता के विजेता दलों - नव दृष्टि (प्रथम पुरस्कार), बिल्डोरा (द्वितीय पुरस्कार), सिप-इन (तृतीय पुरस्कार) को नकद पुरस्कार प्रदान कर उनके उद्यमशीलता और नवाचार की सराहना की। साथ ही उन्होंने पाँच मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप भेंट कर डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरक पहल की।



युवाओं का चेहरे की चमक देश के भविष्य का दर्पण होती है ॥ ॥आज आप सभी के चेहरों को देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य सुनहरा और उज्ज्वल है ॥ डॉ. सिंह ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हो रहे युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में $300 बिलियन से अधिक की राशि खर्च हुई है, 1.5 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं और 1 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। ₹ऐसे युद्ध दोबारा न हों झ इसकी ज़िम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी पर है। आप न केवल भारत के, बल्कि विश्व के भी भविष्य के नेता हैं। आपको सुनिश्चित करना है कि शांति बनी रहे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत तेजी से दुनिया बदल रही है ।वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक 70% मौजूदा नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं। युवाओं को निरंतर स्किल अपग्रेड करते रहना होगा, यही सबसे बड़ा चैलेंज है ॥ डॉ. सिंह ने ळटर और बिजनेस अनप्लग्ड जैसे मंचों की सराहना करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मकता, नवाचार और कौशल को बढ़ावा देते हैं और यह पीढ़ी वास्तव में आशीर्वाद स्वरूप है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक की यात्रा को रेखांकित करते हुए डॉ. सिंह ने कहाः ₹आज का युवा उस भारत का उत्तराधिकारी है जिसकी नींव त्याग और संघर्ष पर टिकी है। अब यह पीढ़ी देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी उठाए ।₹ उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य और पर्यावरण आज के युवाओं के लिए प्रमुख चुनौती हैं। ₹हर साल 60 लाख से अधिक भारतीय गैर-संक्रामक रोगों से मरते हैं ।डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यों को रेखांकित कियाः 14 रण बहादुर सिंह डिजिटल सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं जहाँ युवाओं को निःशुल्क डिजिटल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 32 डिजिटल लाइब्रेरी और 31 स्मार्ट पैनल स्कूलों में स्थापित कर शिक्षा को तकनीक से जोड़ा गया है। 2050 तक मशीनें मनुष्यों से अधिक बुद्धिमान हो सकती हैं। युवाओं को तकनीक के उस्ताद बनना होगा, न कि उसका शिकार ।₹ उन्होंने फेक न्यूज, मिसइंफॉर्मेशन और डीपफेक के खतरों पर भी आगाह किया ।सफलता के लिए बस पाँच चीजें चाहिए इच्छाशक्ति, परिश्रम, दृष्टिकोण, सपने और ईश्वर की कृपा ।एलन मस्क झ एक कंप्यूटर और बिना किसी सुविधा के दिन-रात कोडिंग करते हुए दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम झ गरीब परिवार से उठकर, अखबार बेचते हुए, स्ट्रीट लाइट के नीचे पढ़कर भारत के मिसाइल मैन बने। इस अवसर पर शांतनु प्रकाश (चेयरमैन), डॉ. मंजुलिका गोस्वामी (प्रिंसिपल एवं निदेशक), प्रियंका भंडारी (हेडमिस्ट्रेस), अकांक्षा शर्मा (कोऑर्डिनेटर), सचिन दुबे (एडमिन मैनेजर), एवं भाजपा नेता शंकारी सिंह व तेजपाल सियाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नगर निगम में चूनी, चोकर की ऑडिट के नाम पर मांगी घूस

**लखनऊ।** नगर निगम में चूनी, चोकर, भूसे और आवारा कुत्तों की नसबंदी की फाइलों की ऑडिट के नाम पर घूस मांगने का मामला सामने आया है। एक संस्था की ओर से आडिट विभाग के एक लेखा परीक्षक के घूस मांगे जाने की शिकायत की गई थी। इस पर तत्कालीन नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने अनुशासनिक कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी थी। अब शासन ने निदेशक के स्तर से जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्य नगर लेखा परीक्षक ने अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखकर पूरी जानकारी मांगी है। कान्हा उपवन में कुत्तों की नसबंदी तथा गायों के चोकर भूखा खरीदने की फाइल आडिट में गयी थी। आरोप है कि आडिट के नाम पर लेखा परीक्षक की ओर से प्रताड़ित किया जाने लगा। घूस न दिए जाने पर उनकी ओर से फाइलों में आपत्तियां लगा दीं गईं। इसकी जानकारी होने पर तत्कालीन नगर आयुक्त ने शासन को पूरी रिपोर्ट भेज दी।

## शहर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था नगर निगम ने संभाली

**लखनऊ।** शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की देखरेख और मरम्मत का काम अब नगर निगम खुद करेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निजी कम्पनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) का अनुबंध निरस्त करने के बाद नगर निगम ने खुद जिम्मेदारी संभाल ली है। नगर निगम ने ईईएसएल कंपनी को वर्ष 2018 में राजधानी में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने और उसके रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। कंपनी को पूरे शहर में करीब 2,09,957 स्ट्रीट लाइट की देखरेख की जिम्मेदारी दी गयी थी। कंपनी का अनुबंध 31 मई को ही समाप्त हो गया था, लेकिन शासन ने उसे एक महीने का अतिरिक्त समय देते हुए 30 जून तक सेवा विस्तार दिया था। जब कंपनी का कार्यकाल समाप्त होने को था, उस समय शहर में करीब 23,051 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी थीं। इसके अलावा 10,230 स्ट्रीट लाइट या तो चोरी हो गई थीं या पूरी तरह से गायब थीं। नगर निगम ने पूर्व में इस कम्पनी के कर्मचारियों के स्ट्रीट लाइटें खम्भों से चोरी करते हुए पकड़ा था। मामले में नगर निगम ने कम्पनी के कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। अब नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर कंपनी का अनुबंध पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। लगातार लापरवाही, खराब प्रदर्शन और शिकायतों के चलते नगर निगम ने अब उसका अनुबंध समाप्त कर दिया है। कई बार कंपनी को नोटिस जारी हुईं और बिल में कटौती भी हुई। उसके बाद भी कंपनी ने काम में सुधार नहीं किया जबकि वह हर साल करीब 42 करोड़ रुपये मार्ग प्रकाश व्यवस्था के रखरखाव के लिए लेती है। पार्षदों व अधिकारियों ने भी नाराजगी जताई थी। नगर निगम सदन में हर बार स्ट्रीट लाइट को लेकर हंगामा होता था।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

# थानों की कार्य प्रणाली में करें सुधार : डीजीपी

## जन शिकायत व साइबर अपराध पर डीजीपी ने की वीडियो कांफ्रेसिंग, मुख्यालय और फील्ड के अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** थानों की कार्यप्रणाली इस प्रकार विकसित करें कि जनता का कोई भी व्यक्ति थाने पर निसंकोच आ कर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। थानों पर अवांछनीय तत्वों का प्रवेश पूर्णतया बंद करा दिया जाये। ये बातें प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्णा ने जनसुनवाई व साइबर अपराध पर आयोजित समीक्षा बैठक की वीडियों कांफ्रेसिंग के दौरान कही। शुक्रवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेसिंग में मुख्यालय के अफसरों के अलावा सभी जोनल एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी व एसपी शामिल हुए।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने समीक्षा बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपनी 10 प्राथमिकताओं को दोहराते हुये क्रमवार सभी प्राथमिकताओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि 10 प्राथमिकताओं के लक्ष्य को तीन बैक बोन तकनीक, प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विषेषज्ञता के माध्यम से प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। जनशिकायतों के निस्तारण पर चर्चा के दौरान डीजीपी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण का मूल्यांकन इन्फार्मेशन एवं डेटा के आधार पर करना होगा। गोष्ठी के दौरान डीजीपी द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलों के आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के तुलनात्मक डेटा को दिखाते हुये समीक्षा की गयी तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वह स्वयं नियमित रूप से आईजीआरएस के प्रकरणों की समीक्षा करें। वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के आधार पर होगा इसी प्रकार जनपद प्रभारी भी अपने-अपने जनपदों के थाना प्रभारियों के कार्यों का मूल्यांकन जनशिकायतों के निस्तारण के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

### कोविड के बाद बढ़े साइबर अपराध के प्रकरण

साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुये डीजीपी ने कहा कि कोविड के बाद से साइबर अपराधों के प्रकरणों में वृद्धि हुयी है अतः यूपी पुलिस को भी अपनी क्षमता को उसी प्रकार उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है। थाने पर गठित साइबर सेल के सुदृढ़ीकरण और उनके कार्यों के बारे में निर्देश पहले से ही निर्गत किये जा चुके हैं जिनको पूरा करते हुए अगले 15 दिन के अंदर समस्त थानों पर साइबर सेल को सुदृढ़ करते हुये वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करा लें कि साइबर सेल में दक्ष एवं भिज्ञ कर्मी ही नियुक्त हों। थाना स्तर और जनपद स्तर के साइबर सेल सुदृढ़ होकर तत्परता से पीड़ितों की शिकायतों से संबंधित पोर्टल नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करे।

### आपरेशनल एवं सिचुएशनल प्रशिक्षण दिया जाये

प्रशिक्षण पर चर्चा के दौरान डीजीपी ने कहा कि प्रशिक्षण प्रतिदिन की प्राथमिकता है, यह एक एटेट्यूट है। फील्ड व पीएसी इकाइयों में नियुक्त कर्मियों को भी आपरेशनल एवं सिचुएशनल प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। प्रशिक्षण एक कमॉण्ड जॉब है, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को ही अपने निकट पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कराना होगा। डीजीपी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वह स्वयं भी कानून, फारेंसिक एवं तकनीकी ज्ञान की समुचित जानकारी रखें।

### सभी कर्मियों का होगा वर्गीकरण

पुलिस महानिदेशक द्वारा बताया गया कि मुख्यालय स्तर पर यूपी पुलिस के सभी कर्मियों का उनकी प्रतिभा, योग्यता एवं विशेषज्ञता के आधार पर वर्गीकरण किया जा रहा है निकट भविष्य में उनका प्रयोग उनकी स्किल क्षमता के आधार पर ही किया जायेगा।

## अधिवक्ता की कार की बैट्री चोरी

लखनऊ। कृष्णा नगर इलाके में बेखौफ चोरो ने बीते दो सप्ताह पूर्व एक अधिवक्ता के घर के बाहर खडी कार की बैटरी चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बरिगवां निवासी राहुल प्रजापति पुत्र स्व राजेश कुमार प्रजापति के अनुसार वह पेशे से अधिवक्ता है। बीते 18 जुलाई को रात्रि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। जिसमे से चोरों ने बैटरी पार करने के साथ कार का लॉक खराब कर दिया। वहीं पीड़ित का कहना था कि चोरों की करतूतें उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसकी जानकारी उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से फुटेज आधार पर शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

## गोमती में दीपदान व रक्षासूत्र देकर गोमती की रक्षा का भी संकल्प



लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या की श्रावण पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम एवं 141वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी व पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व श्रावण पूर्णिमा पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर गोमती नदी व वृक्षो की रक्षा का संकल्प लिया गया और इसके बाद समाजसेवी सविता दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया गया और श्री गणेश वंदना के साथ नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के प्रसाद ग्रहण किया। हर बार की तरह बाद में 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया।

## महिला आईएएस ने व्यवसायी पर दर्ज करायी एफआईआर

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली में एक महिला आईएएस अधिकारी ने व्यवसायी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का दावा है कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि महानिदेशक युवा कल्याण एवं पीआरडी विभाग आलमबाग आनंदनगर निवासी महिला आईएएस अधिकारी चैत्रा वी. पत्नी हरीश कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि व्यवसायी नरेन राज उनके पति के साथ होटल व्यवसाय में साझेदार हैं। अब वह उन पर नए और बड़े होटल उद्यमियों से परिचय कराने के लिए अनुचित दबाव डाल नरेन राज द्वारा लगातार आरोप-प्रत्यारोप और दबाव डाल उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा हैं। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से व्यवसायी नरेन राज के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाकर नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## गार्ड की बाइक चोरी, एफआईआर दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने बीते एक सप्ताह पूर्व एक निजी प्लाजा से गार्ड की बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने करीब एक सप्ताह बाद तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रुचि खंड निवासी मोहिनी पत्नी धर्मराज के अनुसार उसके पति आशियाना निकट खजाना मार्केट लखनऊ में गार्ड की नौकरी करते हैं। वहीं पीड़ित गार्ड की पत्नी के अनुसार बीते 26 जुलाई की शाम उसके पति अपनी बाइक यूपी32एनयू 2060 से एयरटेल ऑफिस के बगल वाली बिल्डिंग लोक निर्माण आशियाना निकट खजाना मार्केट लखनऊ में गार्ड की नौकरी करने गए थे। उस दौरान उन्होंने अपनी उक्त बाइक को बिल्डिंग के सामने खड़ी कर ड्यूटी करने लगे। रात्रि लगभग डेढ़ बजे उन्होंने देखा कि उनकी बाइक अपने स्थान पर मौजूद नहीं है। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने अपनी पत्नी संग स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर जांच के बाद गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## अंसल के खिलाफ 1.08 करोड़ की ठगी के आठ और मुकदमे दर्ज

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल कंपनी के निदेशकों के खिलाफ 1.08 करोड़ रुपए के आठ मुकदमें और दर्ज हुए हैं। इसके साथ ही लखनऊ में दर्ज मुकदमे की संख्या 270 हो गई। जौनपुर के हुसैनाबाद निवासी विजय लक्ष्मी और सुरेश चंद्र ने वर्ष 2010 में अंसल प्रापर्टीज एण्ड इन्फास्ट्रक्चर में एक प्लॉट बुक कराया था। उन्हें दो साल के अंदर रजिस्ट्री कर कब्जा देने का भरोसा दिलाया गया था। पीड़िता विजय लक्ष्मी ने किस्तों में 17.73 लाख रुपये और सुरेश ने 11.46 लाख रुपये जमा किए थे। 14 साल बाद भी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं की। वहीं, गोमतीनगर के विवेकखंड निवासी ऋतुराज मिश्र के मुताबिक 13 सितंबर 2010 को अंसल में पाइन वुड विला बुक कराकर 21.52 लाख रुपये जमा किए थे। पर अभी तक उन्हें विला नहीं मिला। रेरा में शिकायत के बाद कंपनी को निर्माण पूरा कराकर कब्जा देने का आदेश हुआ, लेकिन आज तक निर्माण पूरा नहीं हुआ। उधर, गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-7 निवासी रामनयन पाल ने प्लॉट के नाम पर 10.29 लाख रुपये, मुरादाबाद निवासी प्रमोद कुमार पाल ने 12.94 लाख रुपये व प्रयागराज के न्याय विहार कॉलोनी निवासी राकेश कुमार पांडेय ने 13.21 लाख रुपए जमा किए थे। साथ ही गोमतीनगर के विनय खंड निवासी मधु श्रीवास्तव ने वर्ष 2011 में दुकान बुक कर 18.31 लाख रुपये और इंदिरानगर की वंदना यादव ने प्लॉट के नाम पर 2.62 रुपये दिए थे। इसके बाद भी प्लॉट नहीं मिला। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेन्द्र सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को मुम्बई से पकड़ा

- प्रतापगढ़ में कई अपराधिक घटना को दे चुका है अंजाम
- गुजरात व मुम्बई में भी घटना, पूछताछ में जुटी एसटीएफ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रतापगढ़ से गोलीबारी के प्रकरण में फरार चल रहे एक 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने मुम्बई से धर दबोचा है। इस पर दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि प्रतापगढ़ में कई अपराधिक घटना को अंजाम देकर मुम्बई में छिपकर रह रहे अपराधी शहरेवार के बारे में जानकारी मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ की टीम मुम्बई भेजी गयी। जहां से

शहरेयार पुत्र इबरार निवासी बहरापुर थाना मान्धाता, प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। शहरेयार ने पूछताछ में बताया, कि वर्ष 2018 में उसने अपने साथी अरमान के साथ मिलकर होमगार्ड को पीटकर उसकी रायफल छीन ली थी, जिसके संबंध में थाना मान्धाता में एफआईआर दर्ज है। वर्ष 2019 में अपने साथी मेराज व अफसर के साथ मिलकर थाना क्षेत्र जेठवारा प्रतापगढ में जन सेवा केन्द्र से 1.5 लाख की लूट किया था। शहबाज, लम्बू, तौफीक उर्फ छोटू, शहबाज उर्फ लोडर के साथ मिलकर गुजरात में भी लूट की घटना को अंजाम दिया है। वर्ष-2024 में बडोदरा (गुजरात) में पेट्रोल पम्प से 4.65 लाख रुपये की लूट किया था, जिसमें इसका एक साथी पकड़ा गया था व अन्य मौके से फरार हो गये थे। वर्ष 2025 में थाना क्षेत्र देल्हूपुर, प्रतापगढ में एक लड़के के साथ लूट की घटना किया था। इसके साथी महफूज की नबाव से आपसी रंजिश चल रही थी। इसी बात को लेकर दिनांक 17-06-2025 को नबाव व उसके साथियो द्वारा फोन पर महफूज को जान से मारने धमकी देकर गाली गलौज किया गया था। इस बात का बदला लेने के लिये उसी दिन महफूज के कहने पर इसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर करौल बाजार में नबाव के साथ मारपीट व फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें 04 लोग घायल हुए थे। इस घटना के संबंध में थाना पटटी, जनपद प्रतापगढ़ में अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना के बाद से ही यह फरार चल रहा था, जिसके गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## जमीन दिलाने के नाम पर 78.60 लाख ऐंठे, तीन के खिलाफ मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जमीन दिलाने के नाम पर जालसाजों ने भाई-बहन से 78.60 लाख रुपए ऐंठे लिए। डीसीपी पश्चिमी के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की जांच कर रही है। चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी निवासी मानवेंद्र राज रस्तोगी के मुताबिक राहुल सिंह उन्हें एक जमीन दिखाई, जिसकी कीमत 83.60 लाख थी। राहुल ने बताया कि यह जमीन नोएडा के सुभाष गुप्ता की है। 30 अक्तूबर 2024 को सुभाष ने मानवेंद्र और उनकी बहन के पक्ष में जमीन का एग्रीमेंट कर दिया। जिसमें नफीस गवाह थे। सुभाष ने 78.60 लाख रुपये ले लिए। रुपए लेने के बाद रजिस्ट्री के नाम पर आनाकानी करने लगे। जांच में पता चला कि जिस जमीन का एग्रीमेंट हुआ है वह जमीन सुभाष की नहीं है। मानवेंद्र ने जिस खाते में रकम ट्रांसफर की वहां पता चला कि उसे सुभाष ने तीन अक्तूबर 2024 को खुलवाया था। इतना ही नहीं अनुबंध के समय आरोपी ने कूटरचित आधार और पैन कार्ड लगाया था। इसकी शिकायत डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव से की। डीसीपी के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने आरोपी सुभाष, राहुल और नफीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वसुंधरा लोटस इंफ्राटेक के डायरेक्टर और चेयरमैन पर 9.64 लाख ठगी का मुकदमा दर्ज लखनऊ। गोमतीनगर थाने में वसुंधरा लोटस इंफ्राटेक प्रालि. के डायरेक्टर सुधीर सिंह और चेयरमैन अशोक त्यागी पर जमीन के नाम पर 9.64 लाख रुपए ठगी का मुकदमा दर्ज हुआ है। अलीगंज सेक्टर-एन निवासी सविता सरोज के मुताबिक वर्ष 2018 उन्हें जमीन खरीदनी थी। वह गोमतीनगर स्थित वसुंधरा लोटस इंफ्राटेक प्रालि. कपनी के दफ्तर पहुंची थीं। डायरेक्टर सुधीर सिंह और चेयरमैन अशोक त्यागी ने उन्हें गोसाईंगंज-सुल्तानपुर रोड पर फर्म की आर्चिड वैली साइट पर जमीन दिखाई। पसंद आने पर 3.64 लाख रुपये पहले देने और बचे हुई रकम 10.92 लाख किस्तों में देने की बात तय हुई थी। सविता के 3.64 लाख रुपये देने पर डायरेक्टर ने उनके नाम जमीन का अलॉटमेंट कर दिया। फिर उन्होंने 2021 तक छह लाख और जमा कर दिए। पीड़िता ने बताया कि इस बीच उन्हें पता चला कि जिस जमीन का उन्हें अलॉटमेंट हुआ था वह फर्म की नहीं थी। शिकायत करने वह दफ्तार पहुंची तो डायरेक्टर और चेयरमैन ने उन्हें धमका कर भगा दिया। पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## व्यवसायी के बंद मकान में चोरी

**लखनऊ।** कृष्णानगर के विजयनगर पंडित खेड़ा में रहने वाले एक व्यवसाई के बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। शाम समय घर से लैपटॉप, आईपैड सहित हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। वहीं चोरों की करतूतें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मूल रूप से प्रयागराज निवासी दिलीप सिंह पुत्र ओम नारायण सिंह के अनुसार वह कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के पंडित खेड़ा में बीते दो वर्षों से विरेन्द्र सिंह के मकान में रहकर वहीं निकट एक निजी प्लाजा में मार्ट संचालित किया है। वहीं पीड़ित विरेन्द्र सिंह का कहना था कि उसके मकान मालिक अपने परिवार संग रक्षाबंधन पर्व मनाने गांव गए हैं और वह गुरुवार शाम अपने मार्ट में मौजूद था उस दौरान चोरों ने उनके मकान में घुस कीमती लैपटॉप सहित आईपैड व लगभग 50 हजार रुपये की नकदी पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उसने पुलिस को कन्ट्रोल नंबर पर जानकारी दे स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली की विजय नगर चौकी पर शिकायत की है। वहीं पीड़ित का कहना था कि चोरों की करतूतें उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

## बाइक मरम्मत की रकम मांगने पर दबंग ने पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के अनैया गांव में शुक्रवार दोपहर मोटर साइकिल मरम्मत की रकम मांगने पर दबंग युवक ने अपने दर्जन भर साथियों के साथ मेकेनिक की पिटाई कर दिया। बचाने दौड़े मेकेनिक के मां-बाप व बहनों को भी पीट दिया । पीड़ित मैकेनिक की मां द्वारा दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगराम के अनैया खरगापुर निवासी जितेंद्र अपने घर पर ही मोटर साइकिल मरम्मत की दुकान चलाता है। जितेन्द्र के अनुसार दो दिन पहले गांव के अंकुल अपनी बाईक बनवाकर मजदूरी अगले दिन देने की बात कहकर चला गया था । कई बार तकादा करने के वावजूद रकम नहीं दिया शुक्रवार को जब फिर उससे रकम की मांग की गई तो उसे नागवार लगा। शुक्रवार दोपहर के समय अपने साथियों इंदल, राजकुमार, राहुल, हरीश, छोटू, दीपू, रंजीत, परी दीन, सूरज, चंद्रप्रकाश, अनुज के साथ घर पर आकर गालियां देने लगा । विरोध करने पर पिटाई करने लगा। पिता छेदा लाल, मां सावित्री, बहन मोनी, सोनी बीच-बचाव करने आई तो सभी ने मिलकर उन्हें भी मारा पीटा। थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि महिला सावित्री द्वारा दी गई तहरीर पर दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी:** बंथरा के भटगांव निवासी महिला शालिनी पाल ने अपने पति वीरेंद्र पाल, देवर विपिन, ननद रंजीता और सरिता के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शालिनी के मुताबिक उसका मायका मोहनलालगंज के खुजेहटा में है। उसका का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में वीरेंद्र पाल के साथ हुई थी।

## बिना तलाक दिए की दूसरी शादी, पति ने दर्ज कराया केस

**लखनऊ।** हरदोई की कछौना सीएचसी में तैनात रहे डॉ. मुकेश गुप्ता ने चिनहट कोतवाली में अपनी दूसरी पत्नी समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डॉ. ने पत्नी पर पहले पति से तलाक दिए बिना शादी करने, बेटी को प्रताड़ित करने, मारपीट और दिन भर भूखा रखने व कई अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक डॉ. मुकेश गुप्ता आनंद लोक कालोनी मटियारी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि बीमारी के चलते उनकी पहली पत्नी मीनल का वर्ष 2019 में देहांत हो गया था। कुछ समय बाद इस बात की जानकारी निहारिका गुप्ता को हुई। वह राजाजीपुरम की रहने वाली हैं। निहारिका ने शादी का प्रस्ताव रखा। निहारिका की शादी का रिश्ता लेकर राम सेवक, लक्ष्य गुप्ता, रेनू गुप्ता निवासी हबीबपुर शेखपुर राजाजीपुरम आए। जानकारी दी कि निहारिका तलाकशुदा है। बातचीत हुई 16 फरवरी 2021 को अयोध्या रोड जायका रेस्टोरेंट में शादी हुई। चूंकि पहले से एक बेटी थी वह साथ में ही रहती थी। कुछ समय बाद निहारिका उसे प्रताड़ित करने लगी। डॉक्टर ने बताया कि उनके ड्यटी पर जाने के बाद निहारिक बेटी को घर में छोड़कर बाहर चली जाती। शाम को लौटती थी। दिन भर बेटी को खाना भी नहीं देती थी। उसे मारती पीटती थी। इसकी जानकारी हुई तो विरोध किया। वह जेल भेजने की धमकी देने लगी। निहारिका का मोबाइल देखा तो वह किसी नंबर पर फोन पर खूब बात करती थी। कुछ दिन बाद पता चला कि निहारिका के पहले पति से दहेज उत्पीड़न का मुकदमा चल रहा है। तलाक नहीं हुई है। यह बात निहारिका ने छुपाई थी। विरोध पर वह और उसके घरवाले धमकाते थे। सीसी फुटेज घर की चेक की तो उसमें भी वह बेटी को पीटती नजर आई। घटना की जानकारी थाने में तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद कोर्ट में गुहार की। इंस्पेक्टर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर निहारिका, राम सेवक, रेनू और लक्ष्य समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अवैध धर्मान्तरण : ...नहीं हम ठीक हैं, नहीं करेंगे घर वापसी

- माजकिये अंदाज में ईडी ने नवीन को बोला
- छांगुर के संबंधों के बयान पर फंसा नवीन

जितेन्द्र प्रताप सिंह (vol)



**लखनऊ।** ...तुम घर वापसी कर लो, नहीं हम ठीक है, संगीता को कैसे जानते हो, संगीता को अहमद जानता है। मजकिये अंदाजा और तीखे सवालों पर ईडी ने अवैध धर्मान्तरण के मामले में इन चार दिनों में नवीन घनश्याम रोहरा को घेरा। छांगुर के संबंध पर आखिरकार नवीन अपने ही बयान में फंस गया। फिलहाल जल्द ही ईडी मोहम्मद अहमद को नोटिस भेज सकती है।

अवैध धर्मान्तरण के मामले में ईडी ने विदेशी फंडिंग व खरीदे गए सम्पत्ति को लेकर नवीन घनश्याम रोहरा को चार दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक रिमांड पर नवीन से फंडिंग, छांगुर से संबंध और निवेश को लेकर कई सवाल किये। जिसका नवीन एक-एक कर जबाब देता रहा। ईडी ने मजकिया अंदाज में कहा कि घर वापसी कर लो, जिस पर नवीन ने भी हस कर बोला, मै ठीक हू। ईडी ने अपने तीखे सवालों में उससे पूछताछ की तुम संगीता को कैसे जानते हो ? मै संगीता को नहीं जानता, अहमद संगीता को जानता है। ईडी ने कहा कि ये विदेशों से रकम कैसे भेजे गए? नवीन ने बोला कि वह दुबई में इंजीनियर था, जो रकम भेजे गए है वह उसकी कमाई के है। अगला सवाल करते हुए पूछा कि तुम व्यापार के लिए उत्तरौला ही क्यों आये? जिस पर नवीन बोला कि झांगुर को वह पीर मानता है, बाबा को असहाय समझ कर वह उनके सहारे के लिए साथ रहने लगा और फिर अपना व्यापार यही शुरू कर दिया। उसने अपना धर्म यूएई में परिवर्तित किया था, इसमें छांगुर बाबा का कोई रोल नहीं है। इसी बीच ईडी ने नवीन से पूछा कि तुम झांगुर के पास कब आये? नवीन ने बताया कि वह वर्ष 2016 में झांगुर के पास आया था, बस इसी सवाल में नवीन फंस गया। ईडी ने वर्ष 2015 का एक एग्रीमेंट सामने रखा तो नवीन चुप हो गया। नवीन ने ईडी को बोला कि मोहम्मद अहमद पर कई मुकदमें है, वह ठग है, उससे भी अहमद ने ठगी की है। जिस पर ईडी ने पूछा कि वह ठग था तो तुम कैसे फंस गए। नवीन बोला कि तब वह अहमद के बारे में नहीं जानता था। पूछताछ के दौरान नवीन ने एक अधिवक्ता, अहमद व अन्य के बारे में कई अहम जानकारी दी हे।

### रिमांड खत्म, जेल भेजा गया नवीन

ईडी ने गत चार अगस्त को अवैध धर्मान्तरण के मामले में नवीन को चार दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था। इस दौरान ईडी ने विदेशी फंडिंग, उत्तरौला मधपुर में खरीदी गयी सम्पत्ति पर पूछताछ की। आठ अगस्त को नवीन घनश्याम रोहरा की रिमांड अवधि पूरी होने पर दोपहर बाद कोर्ट में पेश का जेल भेज दिया गया।

### लैंड प्रकरण में अहमद की ईडी से शिकायत

ईडी द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में 16 करोड़ की लैंड को लेकर नवीन से पूछताछ की लेकिन अपने दस्तावेजों में मोहम्मद अहमद का नाम हटा दिया। जानकारी होने पर कुछ लोगों ने लैंड को लेकर हुए एग्रीमेंट व रकम के ट्रांजेक्शन साक्ष्य के साथ एक शिकायती पत्र ईडी कार्यालय में दिया है।

## तिरंगा राखी प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा राजभवन उत्तर प्रदेश द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इस वर्ष तिरंगा राखी प्रतियोगिता, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता एवं तिरंगे से प्रेरित कला की प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के सुजान सभागार में आज किया गया । इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । तिरंगा राखी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 07 प्रतिभागियों नें प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर सीमरन लौल, द्वितीय स्थान पर नेहा श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त वंशिका सिंह एवं एकता आनंद नें स्थान प्राप्त किया` राखी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की अतिथि शिक्षिका कृतिका त्रिपाठी द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय, महानगर ले जाया गया जहाँ सभी विद्यार्थियों नें पुलिस कर्मियों को रक्षाबंधन बाँधा और देश सेवा में समर्पण का आशीर्वाद दिया। तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 05 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने देश प्रेम से प्रेरित सुन्दर रंगोली का प्रदर्शन किया । तिरंगे से प्रेरित कला प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अभय मिश्रा गायन), हार्दिक गुप्ता (डिप्लोमा ढोलक एवं नेहा यादव गायन) नै तिरंगे पर आधारित कलाकृति को भित्ति पर उकेरा जिसको विश्वविद्यालय द्वारा सर्व सामान्य के अवलोकनार्थ हेतु अपने मुख्य सूचना पटल पर प्रदर्शित किया । कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० रूचि खरे ने बाते की प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से जुड़े शिक्षार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अत्यधिक मनोयोग, रणनीति और एकाग्रता का परिचय देते हुए प्रतिस्पर्धा को रोचक व उच्चस्तरीय बना दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा ।


रक्षाबंधन को लेकर बाजार में राखी खरीदती महिलाएं


मिठाई की दुकान पर लगी ग्राहकों की भीड़


भाई के लिए राखी पसंद करती युवतियां

फोटो-अमित वर्मा

# भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन आज, बाजार गुलजार

## नहीं रहेगा भद्रा का साया, सुबह 5:47 से दोपहर 1:24 बजे तक राखी बांधने के लिए रहेगा शुभ मुहूर्त



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाई-बहन के स्नेह, समर्पण और विश्वास का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, भद्रारहित पूर्णिमा पर यह त्योहार मनाया जाता है। इस बार रक्षाबंधन नौ अगस्त को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि की शुरूआत आठ अगस्त की दोपहर 2:12 बजे से होगी। इसका समापन नौ को दोपहर 1:24 बजे होगा।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि रक्षाबंधन पर बहनें व्रत रखकर शुभ मुहूर्त में भाइयों को राखी बांधकर उनकी लंबी आयु व उन्नति की कामना करती हैं। भाई बहनों को रक्षा का वचन, उपहार देते हैं। रक्षा सूत्र बांधते वक्त मंत्र येन बद्धो बली राजा दानवेंद्रो महाबलः, तेन त्वामभिबध्नामि रक्षे माचल माचल का जाप करना चाहिए।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि नौ की सुबह 5:47 से दोपहर 1:24 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद भी प्रदोष काल तक राखी बंधवाई जा सकेगी। इस बार भद्रा आठ अगस्त को दिन में 02:12 बजे से शुरू होकर देर रात 01:52 बजे तक रहेगी। रक्षा बंधन के दिन सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। इसका समापन 10 की रात 2:15 बजे होगा। इसके बाद शोभन योग बनेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग सुबह 05:47 बजे से दोपहर 2:23 बजे तक रहेगा। इसके साथ ही श्रवण नक्षत्र दोपहर 2:23 बजे तक है।

**राखी बांधने की सही विधि:** भाई की कलाई पर राखी हमेशा सही विधि से बाधंनी चाहिए। इस दौरान सबसे पहले भाई को रोली, अक्षत का टीका लगाएं। फिर भाई के दाहिने कलाई पर राखी बांधें। इसके बाद उसे मिठाई खिलाएं। फिर भाई की आरती उतारे, और उसके सुखी जीवन की कामना करें। वहीं राखी बंधवाने के बाद भाई को अपनी बहनों के चरण स्पर्श करने चाहिए।

**चांदी की राखी की बाजार में खूब रही मांग :** चांदी की राखी की भी मांग है। सराफा कारोबारी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को चांदी की राखी के बारे में जानकारी दे रहे हैं। चांदी की राखी की कीमत 350 से 950 रुपये तक है। जबकि चांदी का ब्रेसलेट पांच से दस हजार रुपये के बीच है। बद्री प्रसाद ज्वैलर्स के मालिक रवि केसरवानी ने बताया कि एक दिन में लगभग पांच से सात चांदी की राखी बिक रही है। सोने का ब्रेसलेट भी लोग खरीद रहे हैं। दस ग्राम सोने के ब्रेसलेट की कीमत 50 हजार रुपये है। बाजार में ट्रेडिशनल राखियां जैसे मौली, टेडी बियर, एंटीक, क्रिस्टल, कुंदन के साथ सोने-चांदी की बनी राखियों की भरमार है। इन सबके बीच नवरत्न राखियों की खूब डिमांड की जा रही है। चौक में ज्वैलर्स विनोद महेश्वरी बताते हैं कि उनके यहां रक्षाबंधन से पहले ही सोने की 100 राखियां बिक चुकी हैं। अब सिर्फ ऑर्डर मिलने पर ही ऐसी राखियां बनाई जा रही हैं। इसके अलावा कुंदन-नवरत्न राखी खास तौर पर बनाई जा रही है। इनकी कीमत 1500 से लेकर 2500 रुपए है।

### मिठाई की दुकानों पर लगी लाइन, जमकर हुई बिक्री

भाई-बहन के त्योहार पर मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। चौक, आलमबाग, गोमतीनगर समेत शहर के अधिकांश इलाकों में मिठाई की तमाम दुकानों पर लोग लाइन लगाकर मिठाई खरीदते नजर आए। शहर की मशहूर दुकानों पर दोपहर बाद खास मिठाईयों का स्टाक खत्म हो गया। कारोबारियों के मुताबिक इस बार तिरंगा मिठाइयों की खास डिमांड है। इनमें तिरंगा बर्फी, तिरंगा घेवर, तिरंगा लड्डू और तिरंगा पेठा शामिल हैं। इनकी डिमांड में काफी है। खासकर बहनें भी इन्हें पसंद कर रखीदने की बात कह रही हैं। गोमतीनगर के मिठाई कारोबारी सृजल गुप्ता ने बताया कि मिठाइयां बनकर आ रही है और हाथों-हाथ बिक रही है। बिक्री का सही-सही आंकड़ा बताना संभव नहीं है। अन्य मिठाई कारोबारियों के अनुसार दो दिनों में करीब 300 करोड़ रुपये की मिठाइयों की बिक्री का अनुमान है।

# बाजारों में दिखा राखी का उत्साह, देर रात तक रही रौनक, खूब हुई खरीदारी







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक त्योहार सोमवार को मनाया जायेगा। रक्षाबंधन को लेकर राखी व मिठाई की दुकानों पर बहनों ने खूब खरीदारी की। इस बार बाजार में मेक इन इंडिया यानि देश में बनी राखी की खूब बिक्री हुई। बाजार में सोने पर डायमंड लगी चार लाख रुपये की कीमत वाली राखी की बिक्री हुई। इसके साथ ही चांदी और अन्य सोने की राखियां भी बाजार में खूब बिकीं। 22 सेंट वाले डायमंड से सजी है यह राखी त्योहार की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए सरार्फा बाजार में सूरत से बनी डायमंड राखियां बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में सोने-चांदी वाली राखियां स्टोन और मीनाकारी वाली चांदी की राखियां भी बाजार में खूब पसंद की जा रही हैं। राजकोट और महाराष्ट्र से आने वाली इन राखियों की कीमत 500 रुपये से 2500 रुपये तक है। इसके साथ ही गिफ्ट आइटम भी बाजार में बहुत हैं। बहनों को गिफ्ट करने के लिए चांदी की घड़ी जिनकी कीमत पांच हजार से दस हजार रुपये है। वहीं सोने की बने राखियों की कीमत दस हजार से पचास हजार रुपये तक है।

**देर रात तक ग्राहकों ने खरीदारी की:** भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर रविवार को बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। कपड़ा, ज्वेलरी से लेकर मिठाई, राखी दुकानों, गिफ्ट आइटम आदि दुकानों पर देर रात तक ग्राहकों ने खरीदारी की। वहीं अमीनाबाद, चौक, आलमबाग व आलमबाग बाजार और फुटपाथ पर जगह-जगह राखियों की दुकाने सजी रही। वहीं हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी काफी महिलाएं पहुंची। मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों ने देर रात तक खरीदारी की। गोमतीनगर और भूतनाथ मार्केट में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। चाहे वह कपड़े की खरीदारी हो या फिर सरार्फा बाजार। राखी की दुकानों पर जमकर भीड़ है। बाजार तरह-तरह की राखियों से सजे थे। बच्चों के लिए गणेशा माई फ्रेंड और जलने-बुझने वाली इलेक्ट्रानिक राखियां हैं तो बड़ों के लिए ब्रेसलेट है। मोतियों से पिरोया हुआ सूती रक्षासूत्र है, तो अमेरिकन डायमंड की राखी भी आकर्षण का केंद्र है। रक्षासूत्र से जुड़े ऐसे-ऐसे रेडीमेड आइटम जो हरेक को अपनी ओर खींच रहे हैं।

**बहनों के लिए साड़ी की मांग अधिक:** अमीनाबाद, आलमबाग व भूतनाथ मार्केट में साड़ियां, कुर्ती, सलवार सूट को खरीदने के लिए महिलाएं पहुंची। इसके अलावा युवाओं ने जींस-शर्ट के अलावा कुर्ते-पजामा खरीदारी की। अमीनाबाद बाजार के कपड़ा व्यापारी अशोक मोतियानी ने बताया कि बाजार में सबसे ज्यादा मांग कॉटन साड़ी, क्रेप साड़ी, बनारसी साड़ी और सिंथेटिक साडियों की सर्वाधिक मांग है। यह सभी वैरायटी की साड़ी दो हजार रुपए से लेकर 10 हजार रुपए कीमत में उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सलवार सूट, जींस, ट्राउजर सहित बच्चों के कपड़े भी खूब बिक रहे हैं।

**ऑटो बाजार में स्कूटी की डिलीवरी लेने पहुंचे लोग:** रक्षाबंधन को लेकर ऑटो बाजार में भी काफी रौनक रही। भाईयों ने बहनों को गिफ्ट में देने के लिए करीब चार हजार स्कूटी की बुकिंग कराई थी। हजरतगंज, अयोध्या रोड, आलमबाग में कई ग्राहक डिलीवरी लेने भी पहुंचे। चारबाग के ऑटोमोबाइल कारोबारी एमपी शर्मा ने बताया कि जिन लोगों ने 15 दिन पहले बुकिंग कराई थी। सभी को डिलीवरी की जा रही है।

**फिटनेस बैंड व स्मार्ट वॉच की धूम:** रक्षाबंधन पर गिफ्ट में देने के लिए मोबाइल और इसके एसेसरीज भी लोगों ने खरीदा। औसतन 15-20 हजार रुपये वाले मोबाइल सबसे ज्यादा बिके। इसके साथ मोबाइल कवर, ब्लूटूथ, ब्लूटूथ बैंड, स्मार्ट फिटनेस बैंड, स्मार्ट वाच की भी खूब बिक्री हुई। वहीं कपड़े शोरूम में भी ग्राहकों ने खरीदारी की।

**राखी वाले गिफ्ट पैक की मांग:** भूतनाथ मार्केट में राखी वाले गिफ्ट पैक की मांग काफी रही। राखी के साथ कुकीज, नमकीन और मिठाई थी। चाकलेट वाले गिफ्ट पैक की भी खासी बिक्री रही। इसके अलावा बादाम, काजू, अखरोट जैसे मेवों के साथ ही चॉकलेट के पैक भी खूब बिके।

**सोने-चांदी के ब्रेसलेट :** चौक सरार्फा बाजार में बुधवार को रक्षाबंधन को लेकर काफी भीड़ रही। चौक सराफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि हल्की रेंज की चांदी-सोने की राखियां खूब पसंद की जा रही हैं। आकर्षक गोल्ड राखियां पांच हजार रुपये से शुरू होकर वजन के हिसाब से बन रही हैं। 35,000 रुपये की डायमंड राखियां भी बहनें खरीद रही हैं। वहीं इस बार भी सेलिब्रेशन गिफ्ट पेक की डिमांड है। कई कंपनियों ने अपने ब्रांडेड गिफ्ट पैक बाजार में उतारे हैं। चॉकलेट से लेकर मोबाइल, टेडी आदि की जमकर खरीदारी हुई।

**मेहंदी लगवाने के लिए लगी कतार:** गोमतीनगर, हजरतगंज, भूतनाथ मार्केट में मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं की जबरदस्त भीड़ रही। बारिश के बावजूद दोपहर से देर रात तक महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करती रही। इस दौरान कई कपड़े और ज्वेलरी शोरूम में ग्राहकों को फ्री में मेहंदी लगाई गई।

**बाजार में कम हैं चाइनीज राखियां :** बाजार में चाइनीज राखियां इस बार कम हैं। चाइनीज राखी 264 से लेकर 340 रुपये दर्जन तक है। फुटकर बाजार में चाइनीज राखी की कीमत 22 से लेकर 45 रुपये तक है। राखी कारोबारी अनूप वर्मा ने बताया कि बाजार में चाइनीज माल न के बराबर है। कुछ लोगों ने लाइट वाली राखियां मंगवाई हैं।





# 'दस्तावेज' से ऐतिहासिक घटनाओं की स्मृति को आकार मिलता है : सहगल

- दुर्लभ और ऐतिहासिक समाचार पत्रों की प्रदर्शनी का शुभारम्भ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** यदि आप इतिहास के दुर्लभ और ऐतिहासिक घटनाओं में रूचि रखते हैं और उनको और करीब से विस्तृत जानकारी के साथ जानना चाहते हैं तो प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी में शीर्षक दस्तावेज-दुर्लभ और ऐतिहासिक समाचार पत्रों की प्रदर्शनी लगाई गयी है। शुक्रवार को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नवनीत सहगल द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी देश व विदेशों के ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित दुर्लभ समाचार पत्रों के संग्रहकर्ता लखनऊ के सुबूर उस्मानी (आई आर एस) हैं। जिन्होंने एक लंबे समय से इन विशेष समाचार पत्रों का संग्रह किया है। इस प्रदर्शनी की क्यूरेटर वंदना सहगल हैं। प्रदर्शनी की क्यूरेटर वंदना सहगल ने कहा कि अखबारी कागज के आविष्कार के बाद से ही समाचार पत्र मानवजाति का अभिन्न अंग रहे हैं। इस धरती पर जो भी घटनाएं घटती हैं, हमारे पर्यावरण पर जो भी विपत्तियाँ आती हैं, मानव जाति द्वारा जो भी अभिलेख रचे जाते हैं समाचार पत्र उन सबका लेखा-जोखा रखते हैं। ये दैनिक समाचार प्रदान करते हैं, जिनमें राजनीतिक, व्यावसायिक, अपराध, खेल, मनोरंजन आदि जैसे विविध विषय शामिल होते हैं, जो स्थानीय घटनाओं से लेकर वैश्विक मामलों तक शामिल हो सकते हैं। समाचार पत्रों को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि शीर्षक बोल्ड फॉन्ट में उभरकर आते हैं, जिसके नीचे उस घटना के विस्तृत समाचार के कीवर्ड होते हैं। ये शीर्षक जनधारणा और विमर्श को प्रभावित करके ऐतिहासिक आख्यानों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ये विशिष्ट घटनाओं को उजागर करते हैं, व्याख्याएँ गढ़ते हैं और यहाँ तक कि जनमत को भी प्रभावित करते हैं, जिससे इतिहास को याद रखने और समझने के तरीके पर भी असर पड़ता है और इस प्रकार ऐतिहासिक घटनाओं की सामूहिक स्मृति को आकार मिलता है। शीर्षक अक्सर कई लोगों के लिए सूचना के संपर्क का पहला बिंदु होते हैं, जो उनकी प्रारंभिक समझ और विचारों को प्रभावित करते हैं। नकारात्मक या सनसनीखेज शीर्षक भय, चिंता या अविश्वास पैदा कर सकते हैं, जो संभावित रूप से सार्वजनिक व्यवहार और यहाँ तक कि आर्थिक गतिविधियों को भी प्रभावित कर सकते हैं। इसके विपरीत, सकारात्मक या सशक्त शीर्षक आशा, एकजुटता और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा दे सकते हैं। इतिहासकार अक्सर अतीत की घटनाओं को समझने के लिए समकालीन समाचार रिपोर्टों, जिनमें शीर्षक भी शामिल हैं, पर भरोसा करते हैं। इसलिए, शीर्षक, उस कथा को आकार देकर, जिसे शुरू में प्रस्तुत किया जाता है और बाद में विस्तार से अध्ययन किया जाता है, अप्रत्यक्ष रूप से ऐतिहासिक अभिलेखों को प्रभावित करते हैं।

संग्राहकों की दुनिया में, ऐतिहासिक शीर्षकों वाले समाचार पत्रों का संग्रह काफी लोकप्रिय रहा है। गैलरी कोकोरो, ऐसे ही एक संग्राहक के खजाने के कुछ अंश यहाँ प्रदर्शित की हुई है। श्री सुबूर उस्मानी (आईआरएस) बचपन से ही समाचार पत्र संग्रह करते रहे हैं और आदान-प्रदान व संपर्कों के माध्यम से... उनके पास कला, संस्कृति से जुडी काफी दुर्लभ और ऐतिहासिक समृद्ध संग्रह है। समाचार पत्रों के इन दुर्लभ संग्रहों को देखने के बाद, जहाँ जीवन बदल देने वाली घटनाओं का दस्तावेजीकरण किया गया है, इसे देखकर कोई भी आश्चर्यचकित हो सकता है कि इन घटनाओं ने मानव जाति के इतिहास, राष्ट्रों के भाग्य को कैसे आकार दिया, और यह भी कि इनके घटित होने से पहले जीवन कैसा था...।

संग्रहकर्ता सुबूर उस्मानी ने कहा कि बचपन की मेरी सबसे यादगार यादों में से एक थी अपने पिता की किताबों के साथ बिताया गया समय और उनके अखबारों के संग्रह की खुशबू में डूबे रहना, जिसने मेरे लिए आश्चर्य और अन्वेषण की एक नई दुनिया खोल दी। उसके बाद से मैंने अखबार इकट्ठा करना शुरू कर दिया। एक बेकार पड़ा ट्रंक मेरी अनमोल संपत्ति बन गया क्योंकि उसमें वो सब कुछ रहता था जो मुझे उस उम्र में प्रासंगिक और दिलचस्प लगता था।

## श्री कोतवालेश्वर महादेव को राखी बांध महिलाओं ने लिया आशीर्वाद

**लखनऊ।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को महिलाओं ने चौक स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में बाबा को राखी बांध कर एक नयी परम्परा की शुरूआत की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिर में श्री कोतवालेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन करके रक्षा सूत्र बांध कर सुख, समृद्धि, रक्षा व सुरक्षा का आशीर्वाद मांगा। महंत विशाल गौड़ उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ सबके माता-पिता, भाई, मित्र हैं और सबकी पीड़ा हरने वाले हैं। इस वर्ष मंदिर में महादेव को राखी बांधकर रक्षा का आशीर्वाद लेने की नयी परंपरा शुरू की गयी है।


**कार्यालय निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ**

पत्रांक : एल,बी,आर,एन,/भ,म,/ई-निविदा/2025-26/2329 दिनांक : 07/08/25

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड, लखनऊ के विद्युत सब स्टेशन के कार्य, जेनरेटर सर्विसिंग एवं मरम्मत हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जा रही है। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र दिनांक-13.08.2025 से 27.08.2025 के अपरान्ह 02.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की जा रही है। ई-निविदायें का तकनीकी पक्ष दिनांक-28.08.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण शासकीय वेबसाइड etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी भी ई-निविदा अथवा समस्त ई-निविदाओं को अस्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्रमांक | कार्य एवं कार्य स्थल का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अग्रिम धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड, लखनऊ के विद्युत सब स्टेशन के कार्य, जेनरेटर सर्विसिंग एवं मरम्मत कार्य हेतु | रु. 10 लाख | रु. 20000.00 | रु. 1,00,000.00 | रु. 2000.00+ जी.एस.टी.18% =2360.00 |

निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक
लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय
कानपुर रोड, लखनऊ

UPID-236742 Date: 08.08.25
Website : www.upgov.nic.in

# कासगंज-मथुरा जं. पैसेंजर का गंगापुर तक हुआ विस्तार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 08 से 20 अगस्त तक 55339/55340 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार अछनेरा तक तथा 55335/55336 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार गंगापुर सिटी तक किया गया है।

मार्ग विस्तार के फलस्वरूप कासगंज से 08 से 20 अगस्त तक चलने वाली 55339 कासगंज-अछनेरा सवारी गाड़ी कासगंज से 21.25 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर पूर्ववत रूकते हुये मथुरा जं. से 23.50 बजे, दूसरे दिन भैंसा से 00.15 बजे तथा परखम से 00.27 बजे छूटकर अछनेरा 01.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 55340 अछनेरा-कासगंज सवारी गाड़ी अछनेरा से 04.20 बजे प्रस्थान कर परखम से 04.35 बजे, भैंसा से 04.47 बजे तथा मथुरा जं. से 05.45 बजे छूटकर निर्धारित स्टेशनों पर पूर्ववत रूकते हुये कासगंज 08.40 बजे पहुँचेगी।

इसी प्रकार, मार्ग विस्तार के फलस्वरूप कासगंज से 08 से 20 अगस्त तक चलने वाली 55335 कासगंज-गंगापुर सिटी सवारी गाड़ी कासगंज से 11.05 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर पूर्ववत रूकते हुये मथुरा जं. से 15.20 बजे, भरतपुर से 15.55 बजे, बयाना से 16.25 बजे, हिण्डौन सिटी से 16.55 बजे तथा श्री महावीर जी से 17.07 बजे छूटकर गंगापुर सिटी 18.20 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 55336 गंगापुर सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी गंगापुर सिटी से 19.00 बजे प्रस्थान कर श्री महावीर जी से 19.25 बजे, हिण्डौन सिटी से 19.37 बजे, बयाना से 20.05 बजे, भरतपुर से 20.40 बजे तथा मथुरा जं. से 22.15 बजे छूटकर निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये दूसरे दिन कासगंज 00.30 बजे पहुँचेगी।

## आज से नियमित चलेगी सीतामढ़ी दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन नियमित रूप से 09 अगस्त से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से तथा 10 अगस्त से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से निम्नवत किया जायेगा। 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 09 अगस्त से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.42, टूण्डला से 16.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 20.10 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 22.20 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.30 बजे, बस्ती से 01.53 बजे, गोरखपुर से 03.25 बजे, कप्तानगंज से 04.12 बजे, सिसवा बाजार से 04.52 बजे, बगहा से 06.35 बजे, नरकटियागंज से 07.20 बजे, रक्सौल से 08.15 बजे तथा बैरगनिया से 09.10 बजे छूटकर सीतामढ़ी 10.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा से 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 अगस्त से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से 22.15 बजे प्रस्थान कर बैरगनिया से 22.42 बजे, दूसरे दिन रक्सौल से 00.15 बजे, नरकटियागंज से 01.30 बजे, बगहा से 02.30 बजे, सिसवा बाजार से 03.48 बजे, कप्तानगंज से 04.08 बजे, गोरखपुर से 05.35 बजे, बस्ती से 07.23 बजे, गोंडा से 08.50 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 11.35 बजे, कानपुर सेंट्रल से 13.50 बजे, टूण्डला से 17.22 बजे तथा गाजियाबाद से 21.27 बजे छूटकर दिल्ली 22.40 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, शयनयान श्रेणी के 08 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

**सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत ट्रेन को गृहमंत्री ने शुभारंभः** सीतामढ़ी-दिल्ली-सीतामढ़ी नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारम्भ शुक्रवार को 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन किया गया। इस विशेष ट्रेन का शुभारंभ सीतीमढ़ी स्टेशन पर एक भव्य समारोह मेंकेंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरी झंडी दियाकर किया। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है। 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन विशेष गाड़ी 5 शुक्रवार को सीतामढ़ी से 14.30 बजे प्रस्थान कर बैरगनिया से 15.20 बजे, रक्सौल से 16.15 बजे, नरकटियागंज से 17.20 बजे, बगहा से 18.25 बजे, सिसवा बाजार से 20.00 बजे, कप्तानगंज से 20.35 बजे, गोरखपुर से 21.40 बजे, बस्ती से 22.50 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.40 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 03.45 बजे, कानपुर सेंट्रल से 06.05 बजे, टूण्डला से 09.15 बजे तथा गाजियाबाद से 12.20 बजे छूटकर दिल्ली 14.00 बजे पहुँचेगी। इस उद्घाटन विशेष गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, शयनयान श्रेणी के 08 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## प्रीमियम सुविधाओं वाली किफायती ट्रेन है अमृत भारत

● देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं, जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रूटों पर चलाया जायेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी, तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच किया गया था। सहरसा और मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन भी मोदी जी के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाने के बाद किया गया। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच दैनिक अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए और दरभंगा तथा मालदा टाउन से भाया भागलपुर, गया,सासाराम लखनऊ के लिए अमृत भारतीय एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं, जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रूटों पर चलाया जाएगा। विदित हो कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इनमें हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिससे सफर आरामदायक होता है। इस ट्रेन के प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सॉप डिस्पेंसर और एरोसॉल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। शौचालयों के निर्माण में शीट मेटल कंपाउंड सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे रखरखाव आसान होगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन में 130 किमी/घंटा रफ्तार देने की क्षमता है। भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जो न केवल यात्रा को सुगम बनाती है, बल्कि कनेक्शन को भी सुविधाजनक बनाती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक स्थिरता के साथ उच्चतम गति और बेहतर संचालन सुनिश्चित करता है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और एढ-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये फीचर पहली बार भारतीय ट्रेनों में जोड़ा गया है। इसके अलावा पूरी तरह से सील गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। यात्री और सुरक्षा-गार्ड के बीच दो-तरफा संचार के लिए प्रत्येक कोच में इमरजेंसी टॉक बैक सिस्टम की नई सुविधा जोड़ी गई है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है। ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम से रियल टाइम व्हील और बियरिंग की निगरानी होती है। इंटरनेट आधारित वाटर लेवल इंडिकेटर स्टेशनों और ऑन-बोर्ड स्टाफ को सहायता प्रदान करते हैं। देश में पहली बार किसी ट्रेन में बाहरी आपातकालीन लाइट्स की सुविधा भी दी गई है।

## ड्रेन की सफाई न होने से जलमग्न हुई फसलें

संवाददाता (vol)

**नगराम।** सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अभियंताओं की लापरवाही से जल निकासी ड्रेनों की सफाई न होने से लगातार हो रही बारिश किसानों के लिए अभिशाप बन गयी है ।तराई क्षेत्र में रोपाई की गई की धान फसलें जलमग्न हो रही है। खेत इस समय जलाशय की शक्ल में हो गये। प्रभावित किसानों का आरोप है कि शारदा सहायक खंड 28 हैदरगढ़ के जिम्मेदार अभियंताओं से ड्रेन सफाई कराने का अनुरोध करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई।

नगराम इलाके में अनैया खरगापुर व घोड़सारा गांवों के बीच तराई इलाके में चोरहा पुर, अमेठियन पुरवा, घोड़सारा, कल्याण खेड़ा गांव के दर्जनों किसानों ने सैकड़ों बीघे खेतों में बड़े अरमानों से जुलाई के पहले पखवाड़े में धान फसल की रोपाई कराया था । इसके बाद समय पर खेतों में पहली सिंचाई कर खाद का छिड़काव कर दिया था ।पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से उनके अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। चोरहा पुर गांव निवासी किसान दिलीप कुमार प्रेम वर्मा कल्लू वर्मा, ,धमानंद वर्मा ,रामचंद्र, धर्मराज, रिंकू वर्मा राजेश रावत अमेठियन पुरवा के मुन्नू सिंह ,रणंजय सिंह, अशोक कुमार घोड़सारा के रामसिंह समेत कई किसानों ने बताया कि तराई इलाके से जल निकासी के लिए घोड़सारा ड्रेन का निर्माण शारदा नहर लखनऊ डिवीजन द्वारा 80-82 के दशक में कराया गया था । मई जून के महीने में हर साल सफाई की जाती रही । ड्रेनों का प्रभार 2009 के बाद शारदा सहायक खंड 28 हैदरगढ़ को हस्तांतरित कर दिया गया, उसके बाद विभाग इसकी सिल्ट सफाई कराना भूल गया। किसानों का आरोप है कि कई बार हैदरगढ़ स्थित अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो सकी। परिणाम यह हुआ कि फसलें पानी में डूब गयी।।इतनी लागत लगाने के बाद अपनी फसलों को पानी में डूबीं देखकर किसान परिवार दुखी हैं। इस बाबत शारदा सहायक खंड 28 हैदरगढ़ के संबंधित अवर अभियंता आर एन श्रीवास्तव ने बताया कि ड्रेन की सफाई के मद में विभाग द्वारा कोई बजट नहीं दिया गया , ऐसे में घोड़सारा ड्रेन, शिवपुरा ड्रेन, व अन्य ड्रेनों की सफाई कराना संभव नहीं हो सका ।

## शहीदों की याद में परिवर्तन चौक से गोंडा तक निकली यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन के 100 वर्ष 9 अगस्त 2025 को पूरे हो रहे हैं। इस शताब्दी वर्ष में शहीद हुए लोगों की याद में शुक्रवार को एक यात्रा निकाली गई।

यह यात्रा उप्र क्रांतिकारी परिषद की ओर से परिवर्तन चौक से निकली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर संजय कृष्ण रहे। काफी संख्या में लोग वाहनों पर सवार होकर तिरंगा हाथ में लिए भारत माता की जय, शहीद हुए लोगों को नमन करते हुए गोंडा तक यात्रा में शामिल हुए। इस वाहन यात्रा के पहले नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई।

**पोस्टर प्रतियोगिता में दिखी शहीदों की झलक :** काकोरी ट्रेन एक्शन की पूर्व संध्या पर उप्र राज्य पुरातत्व निदेशालय की ओर से काकोरी के सिद्धनाथ इंटर कॉलेज सैथा और सुभाष चंद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौ, 10, 11 व 12 के 200 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में शहीदों की झलक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले पांच-पांच छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही हर घर तिरंगा कैंपेन के अंतर्गत प्रतिभागियों को तिरंगा बांटने के बाद तिरंगा यात्रा निकली। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्मारक का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का समन्वय व प्रकाशन सहायक बलिहारी सेठ ने किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम और राज्य पुरातत्व निदेशालय के निदेशक रेनू द्विवेदी की प्रेरणा से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

### चंद्रशेखर आजाद अमर रहें नारे से गूंजी तिरंगा यात्रा

लखनऊ। काकोरी ट्रेन एक्शन के एक दिन पूर्व शहीद हुए क्रांतिकारियों को नमन एवं श्रद्धांजलि दी गई। शहीद क्रांतिकारी शताब्दी आयोजन समिति के संयोजक रविंद्र भारद्वाज कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां बाबू त्रिलोकी इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा शुरू होकर शीतला माता मंदिर पर खत्म हुई। इस दौरान काकोरी नगर के लोगों ने भारत माता की जय, चंद्रशेखर आजाद अमर रहे जैसे वीर क्रांतिकारियों के नारे से तिरंगा यात्रा गूंज उठा। यात्रा में मुख्य रूप से प्रांत संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, जीत सिंह भाटी, रमाकांत गुप्ता, सदर अहमद खान, राजीव नयन गुप्ता, रवि पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

## नगराम थाने पर मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

नगराम । रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर प्रत्येक वर्ष की भांति एकल विद्यालय की आचार्य बहनों द्वारा नगराम थाने पहुंच कर थानाध्यक्ष समेत सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर लंबी उम्र की कामना की गई वहीं पुलिस कर्मियों द्वारा महिला सुरक्षा का संकल्प लिया गया । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा आचार्य बहनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी वरिष्ठ उप निरीक्षक नाजिम खान एकल भाग शिक्षा प्रमुख , राम मूर्ति गुप्ता , बजरंग वर्मा, राज कुमार पटेल, दीपू बाजपेई , वरिष्ठ कार्यकर्ता रघुवर रावत , संघ सचिव गंगा गंज , प्रभात प्रशिक्षण प्रमुख लव कुश, अध्यक्ष शिव गुप्ता ,लल्लू राम कश्यप, दिवाकर सुनील , हेमराज अवध राम अमिता तनुजा मिथिलेश उमेश रीतू समेत थाने के सभी पुलिस कर्मी व स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेघा रिमझिम बरसते रहे, मिठाई और राखी की खरीद चलती रही

माल लखनऊ । मेघों ने रक्षा बंधन त्यौहार पर रिमझिम बारिश जारी रखी,लेकिन बहनों के भाई के प्रतिअगाध प्रेम के आगे बौनी साबित हुयी। बहनों ने बरसात के बावजूद जमकर खरीददारी की ।बाजार में मिठाइयों और राखियों की दुकानों पर भीड़ ही भीड़ देखी गयी। भाई और बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षा बंधन के एक दिन पहले ही बहनें अपने मायके जाने के लिये भाइयों की कलाई पर रक्षा कवच बांधने की तैयारी में लग जाती हैं। जिससे बाजारें गुलजार हो जाती हैं। शुक्रवार को सुबह से ही बरसात शुरू हो गयी, जिससे लग रहा था कि रक्षाबंधन का त्यौहार कुछ फीका रहेगा। लेकिन बहनों के अंदर भाई के प्रति अगाध प्रेम के आगे बरसात फीकी पड़ गयी, और बाजारों में रौनक देखने को मिली। विशेष तौर पर मिठाइयों और राखी की सजी दुकानों पर महिलाओं और लड़कियों की अपार भीड़ थी। जहां मिठाइयों के साथ अंदरसा की विशेषरूप से खरीददारी साथ में भाइयों की कलाइयों पर बांधने के लिये अच्छी से अच्छी राखियों की खरीद करती महिलाएं नजर आयी ।बरसात के बावजूद बाजार भीड़ भाड़ से गुलजार रहा।

## भागवत कथा श्रवण से जीवन बदल जाता है : कथा व्यास बाल भरत

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या के कथा व्यास बाल भरत जी महाराज ने भाई भाई के प्रेम की कथा सुनाई। गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि भाई कैसा भी हो लेकिन यदि वह संकट में हो तो उसकी सहायता करना दूसरे भाई का परम कर्तव्य है वही कार्य गोकर्ण जी महाराज ने किया अर्थात धुंधकारी के घोर पापी होने के पश्चात गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी के लिए गया श्राद्ध के साथ साथ उसके नाम से श्री मद्भागवत कथा का आयोजन भी किया अतः आज कल छोटी छोटी बातों को लेकर एक एक इंच जमीन को लेकर जो सगे भाई आपस में अदालत में केस लड़ते हैं उनके लिए बहुत बड़ा सन्देश है जबकि धुंधकारी तो गोकर्ण का सगा भाई भी नही था। इसी क्रम में धुंधकारी की मुक्ति की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के पश्चात धुंधकारी को श्री ठाकुर जी ने सारूप्य मुक्ति प्रदान की जो एक पापी प्रेत था लेकिन श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से भगवान के स्वरूप में आ गया जैसा कि श्रीमद्भागवत माहात्म्य में वर्णित है। बाल भरत जी महाराज ने कहा कि कोई कितना भी बड़ा अपराधी हो दुष्ट हो लेकिन धुंधकारी के जैसे सत्संग में माध्यम से वह अपने आप को बदल सकता है। इसी क्रम में श्रीमद्भागवत कथा सुनने का विधान सुनाया जिसमें वक्ता और श्रोता दोनों के लिए उचित नियम पालन का विधान बताया। कथा के मुख्य यजमान प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि कथा 13 अगस्त तक होगी। श्री श्याम जी अग्रवाल ने बताया कि कथा पांडाल काफी बड़ा होते हुए भी प्रथम दिन में ही लगभग भरा हुआ था।

## प्रमुख सचिव से मिली रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, दिया ज्ञापन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व इसके कर्मचारियों की समस्याओं/मांगों पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल की परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार गुप्ता से बापू भवन, सचिवालय में शुक्रवार को लंबी वार्ता हुई। इस वार्ता में परिषद द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर हो रही डग्गामारी, अखिल भारतीय पर्यटक परमिट लेकर चलने वाली गाड़ियों द्वारा परमिट की शर्तों का उल्लंघन, निजी बसों व परिवहन निगम की बसों के अतिरिक्त कर की दरों में असमानता, वर्ष 2001 तक के संविदा चालकों-परिचालकों व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का नियमितीकरण, बकाया महंगाई भत्ते का देय दिनांक से भुगतान, गंभीर वेतन विसंगतियों का निवारण, प्रदेश से बाहर तैनात कर्मियों का मकान किराया भत्ते का पुनरीक्षण एवं सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती आदि मुद्दों को प्रमुख सचिव के समक्ष रखकर उनका समाधान करने का अनुरोध किया गया। रोडवेज परिषद के महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रमुख सचिव द्वारा प्रतिनिधि-मण्डल को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अनाधिकृत संचालन/डग्गामारी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है तथा अखिल भारतीय पर्यटक परमिट लेकर चल रही वाहनों द्वारा परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही की जाएगी। निजी बसों व परिवहन निगम की बसों के अतिरिक्त-कर (यात्री-कर) की दरों की असमानता दूर करने का प्रकरण शासन में सक्रिय विचाराधीन है। सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती करने से संबंधित कार्यवाही कर भेजा गया आधियाचन स्वीकार हो चुका है। प्रमुख सचिव द्वारा आश्वस्त किया गया कि बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त स्वीकृत के लिए अधिकृत समिति को भेज दी जाएगी तथा प्रदेश से बाहर तैनात कर्मियों के मकान किराया भत्ते के पुनरीक्षण एवं वेतन विसंगति के निवारण से संबंधित कार्यवाही करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया कि शेष मांगों पर परिषद के साथ बाद में पुनः चर्चा की जाएगी। इस वार्ता में परिवहन निगम की ओर से अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा व प्रधान प्रबंधक (श्रम कल्याण) अंकुर विकास तथा संगठन की ओर से अध्यक्ष गिरिजा शंकर तिवारी, महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष महेश कुमार राय व सुरेश चंद्र पांडे तथा अपर महामंत्री संजय कुमार राणा उपस्थित थे।

## एआई भविष्य की कार्यप्रणालियों को बदलने की क्षमता रखती हैं : असीम अरुण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो अजय तनेजा की अध्यक्षता में शुक्रवार को किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को एआई की नवीनतम तकनीकों, इसके अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यशाला के शुरू में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लैब का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि असीम अरुण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा किया गया। कार्यशाला की प्रस्तावना अमन मिश्रा ने रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ड्रोन मेन मिलिंद राज ने मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन और चैटबॉट डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। ड्रोन मेन ने कहा कि आज का दौर जैक ऑफ ऑल एंड मास्टर ऑफ सम का है। साथ ही प्रतिभागियों को प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से एआई टूल्स और तकनीकों का अनुभव भी कराया गया। कार्यक्रम के अगले सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान के अध्यक्ष डॉ पुनीत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में फ़्यूचर ऑफ एआई एंड इंटेलीजेंस इन सोशल वेलफेयर पर पर फोकस किया।

कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आने वाले समय में शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य और प्रशासन समेत सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की कार्यप्रणालियों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती है और इसका सही उपयोग समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुलपति प्रो अजय तनेजा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों और पेशेवरों दोनों के लिए लाभकारी हैं क्योंकि ये उन्हें उद्योग की वर्तमान मांग और तकनीकी विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में सक्षम बनाते हैं। अंत में असीम अरुण ने विश्वविद्यालय को स्मार्ट क्लास, हॉस्टल के लिए वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की। कार्यशाला में भाषा विश्वविद्यालय के छात्र, शोधार्थी, शिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीरज शुक्ल ने किया। अंत में सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सभी अधिकारी और भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आजमी, प्रो. चंदना डे, प्रो सौबान सईद, प्रो तनवीर खदीजा, डॉ राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ ममता शुक्ला, डॉ मनीष कुमार, डॉ सुमन मिश्रा और डॉ राजकुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने पूरे जोश से निकाली जय हिन्द यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** काकोरी कांड की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर क्रांति दिवस की पूर्व संध्या पर हरदोई रोड स्थित काकोरी शहीद स्मारक में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को जयहिन्द यात्रा निकाली। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के महासचिव एवं यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय शामिल हुए जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने की। जयहिन्द यात्रा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता अराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी धीरज गुर्जर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवननाथ पासवान, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर संयुक्त रूप से प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में एकत्रित हुए हजारों लोग हाथों में तख्तियां व तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए शहीद स्मारक पहुंचे, जहां सभी नेताओं ने अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला, रोशन सिंह व राजेन्द्र लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अविनाश पांडे ने कहा कि देश पर अपना सब कुछ न्यौछावर कर देने वाले अमर शहीदों के योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरा अगस्त माह क्रांति का माह है 1942 में इसी माह में भारत छोड़ो आंदोलन के क्रांतिकारी नारों से पूरा देश गूंज उठा था। अजय राय ने कहा कि हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को हम भावभीनि श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं युवा पीढ़ी का आवहन करते हैं कि वह अपने जीवन में देश के प्रति वही भाव पैदा करे जो हमारे क्रांतिकारियों में था। कार्यक्रम के संयोजक मो हनीफ खान ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया और जय हिन्द यात्रा में शामिल हुए सभी देशभक्तों का आभार जताया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आम का वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्षगण दिनेश कुमार सिंह, शरद मिश्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह उर्फ बब्लू, महानगर दक्षिण अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, महानगर उत्तरी अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, अंकित तिवारी, एनएसयूआई मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान, राजेश जायसवाल, अहमद मियां सदर, नीलम सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जूलूसे मोहम्मदी और युवा नेता आर्यन मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**दुर्गा भाभी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनरः** काकोरी में जय हिन्द यात्रा के पूर्व कांग्रेस के सभी नेता पुराना किला स्थित दुर्गा देवी वोहरा द्वारा स्थापित लखनऊ मांटेसरी स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने महान क्रांतिकारी एवं पूरी एक सदी के लोगों की प्रेरणा स्त्रोत्र स्वाधीनता आंदोलन की नायिका दुर्गा देवी वोहरा (दुर्गा भाभी) की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद पाण्डेय की उपस्थिति में सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वाधीनता आंदोलन की नायिका दुर्गा देवी वोहरा (दुर्गा भाभी) को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## जेपीआई ने निकाली आतंकवाद भारत छोड़ो संकल्प यात्रा



**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच एवं जनसत्ता पार्टी ऑफइंडिया (जेपीआई) के संयुक्त बैनर तले राजधानी में अगस्त क्रांति एवं काकोरी कांड के 100 वर्ष पूरे होने पर शहीदों की स्मृति में पूर्व संध्या पर हजरतगंज स्थित काकोरी स्तम्भ पर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और काकोरी स्तंभ जीपीओ पार्क से शहीद स्मारक तक आतंकवाद भारत छोड़ो संकल्प यात्रा का आगाज किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में आतंकवाद के मूल कारणों को जानना एवं उसको लेकर जागरूकता पैदा करना है। आतंकवाद के जड़ पर को समाप्त कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आदर्श समाज की स्थापना हेतु देश को समृद्धिशाली बनाने से हमें कोई भी रोक नहीं सकता। गांधी ने 8 अगस्त के ही दिन अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था उसी तर्ज पर हम भारत देश के नागरिक तथा राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच एवं जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया के लोग आतंकवाद भारत छोड़ो संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जागरुकता लाकर भारत में भय, भूख, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, गरीबी, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता एवं जातिवाद रूपी आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की शपथ लेते है तथा प्रधानमंत्री से आतंकवाद भारत छोड़ो संकल्प यात्रा के माध्यम से देश से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करने की भी मांग करते है। शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि वर्तमान में राजनैतिक दल जनता की बुनियादी समस्याओं पर ध्यान देने बजाय युवा पीढ़ी को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी एक सीमा तक होनी चाहिये यदि समाज में सस्ती लोकप्रियता के लिए देश व समाज को बांटने एवं जातिगत-धार्मिक उन्माद, द्वेष फैलाने वाले बयान का सरंक्षण होगा तो ऐसे लोगों का पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 29.08.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध अनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 09102025 दिनांक:-07.08.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 21-Sr-DEN-VI-LK0-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत एस.एस.ई/वर्क्स/प्रयाग तथा सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अन्तर्गत एस.एस.ई/वर्क्स/उन्नाव के अधीन पुलों की विविध मरम्मत का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 99,95,682.14 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 1,99,900.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 15.08.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 29.08.2025, 15:00 बजे |
| 9. | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

No: 48WA/Ten/Works/09102025/ Sr. DEN-VI/LKO/2025-26 दिनांक: 07.08.2025 2437/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के

संक्षेप

## प्रबंधक संघ का ब्लड डोनेशन कैम्प 10 को

**देवरिया ।** प्राइवेट टीचर्स फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय विद्यालय प्रबन्धक संघ, देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में 10 अगस्त को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक लाइफ चैरिटेबल ब्लड सैंटर, नई कॉलोन निकट डॉ0 शमशुल आलम , देवरिया के कुशल चिकित्सकीय टीम के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक देवरिया टीचर्स फाउंडेशन प्रमुख प्रिंस तिवारी व प्रबन्धक संघ के जिलाध्यक्ष जनार्दन चौहान है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विजय पटेल जी होंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लूमिंग रोज एकेडेमी की प्रिंसिपल मिस अंजली यादव के ब्लड डोनेशन से किया जाना सुनिश्चित है।

सभी विद्यालयों के प्रबन्धक गण , शिक्षक-शिक्षिका गण, सामाजिक कार्यकर्ता गण, मित्रगण से अपील है कि इस पुनीत महाभियान में अपना सहयोग एवं उपस्थिति अवश्य देने का कष्ट करें।

# धर्म, संस्कृति और सनातन की रक्षा का संकल्प पर्व है रक्षाबंधन : कमलनयन

जिला संवाददाता




**देवरिया।** रक्षाबंधन पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्व है जिसका वर्णन विभिन्न पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक विवरणों मे मिलता है। यह न केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा हेतु लिए जाने वाले संकल्प की अभिव्यक्ति का पर्व है बल्कि यह किसी भी पीड़ित, कमजोर, असहाय और वंचित की सहायता के संकल्प का पर्व भी है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में आयोजित रक्षाबंधन पर्व में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए श्री कमलनयन चतुर्वेदी ने कही। विख्यात ऐतिहासिक धारावाहिक चाणक्य के निर्माण में सह निर्देशक के रूप में योगदान देने वाले और मुंबई में अभिनय स्कूल का संचालन कर रहे, पूर्व जिला कार्यवाह श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राजा बलि की कैद से भगवान विष्णु को मुक्त कराने के लिए लक्ष्मी जी ने राजा बलि को रक्षासूत्र बांधा। द्रौपदी ने शिशुपाल बध के समय कृष्ण की घायल अंगुली में अपने वस्त्र को फाड़ कर बांधा तब कृष्ण ने द्रौपदी को रक्षा का वचन दिया।ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिससे यह पता चलता है कि सदैव सामर्थ्य ने असहाय की रक्षा करने का दायित्व निभाया है। आजादी की लड़ाई में रक्षाबंधन के अनूठे प्रयोग का जिक्र करते हुए श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बंगाल विभाजन से उपजी निराशा और क्षोभ को दूर करने के लिए गुरु रविंद्रनाथ ठाकुर ने प्रत्येक देशवासी को एक-दूसरे की रक्षा का संकल्प लेने के लिए एक-दूसरे को रक्षासूत्र बांधने का आह्वान किया। लोकमान्य तिलक ने भी गणेश जयंती के ऐतिहासिक पर्व को लोकपर्व का रूप देते हुए रक्षाबंधन पर्व सबको मनाने का आह्वान किया।रानी कर्णावती और हुमायूं का ऐतिहासिक विवरण भी रक्षा के वचन को ही अभिव्यक्त करता है।इस मौके पर श्री चतुर्वेदी ने भारतीय सनातन धर्म और परंपरा पर होने वाले प्रहार और साजिश से भी सतर्क रहने की बात की। उन्होंने कहा कि कुछ मीठा हो जाए जैसे स्लोगन भारतीय परंपरा मे गहरे शामिल मिठाईयों के महत्व को किनारे करते हुए चाकलेट और टाफी को इन पर्वों के माध्यम से हमारी संस्कृति में घुसपैठ करना चाहते हैं इससे हमें सतर्क रहना होगा।इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना और अतिथि परिचय देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी कहा कि रक्षाबंधन पर्व सामाजिक समरसता का पर्व है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति भी सुरक्षित और प्रभावी जीवन जी सकें,यह दायित्व सामर्थ्यवान समाज का है। प्रधानाचार्य जी ने मुख्य अतिथि को रक्षासूत्र बांध कर पर्व की शुरूआत की। उपस्थित आचार्य समुदाय ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बांध कर सनातन संस्कृति और आचार्य धर्म,तथा परोपकारी आचरण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री मुन्नीलाल शर्मा जी ने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी और विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक श्रीवास्तव जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव जी ने किया।इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी, जितेन्द्र मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव, मीडिया प्रमुख मनोज कुंदन, देवेंद्र प्रजापति, मार्तंड मणि त्रिपाठी, हरिनाथ त्रिपाठी, नीरज तिवारी, उमेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## राखी बनाने वाले छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



**देवरिया ।** सेवा समिति बनवारीलाल इंटर कॉलेज में आयोजित जुनियर एवं सिनियर वर्ग छात्र छात्राओं के मध्य दो दिवसीय हुए राखी मेकिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्रों को आज को प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर तथा सीनियर दो भागों में था ,जिसमे 30 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम का थीम ह्यफ्रॉम वेस्ट टू बेस्ट ह्य था ।जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया था। प्रतिभागी छात्रों द्वारा कई प्रकार की राखियां बनाई गई यथा तिरंगा राखी ,इको फ्रेंडली राखी तथा सोल्जर राखी ।पुरस्कार वितरण के इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी बनाई हुए राखी प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी तथा गुरुजनों के कलाई पर बाधकर ढेर सारा प्यार एवं शुभाशीष प्राप्त किया। इस शुभ अवसर प्रधानाचार्य जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। विद्यालय में पंजीकृत सभी छात्राओं को उनकी रुचि के आधार पर एन सी सी एवं स्काउट गाइड में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देते हैं ।इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से दिव्य गुप्ता प्रथम स्थान, सिमरन निशा द्वितीय, रिमझिम सिंह तृतीय तथा कु० अंजनी को सांत्वना तथा सीनियर वर्ग से संजय रावत को प्रथम, सागर गुप्ता को द्वितीय, आशुतोष राणा की तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के रूप में खुशी शर्मा, दिविशा वर्मा, जागृति चौहान, कुसुम खरवार तथा प्रिय कन्नौजिया को प्रधानाचार्य जी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संजोयक डॉ ओम प्रकाश गुप्ता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अशोक कुमार चौहान, ,अविनाश बरनवाल, संतोष कुमार राय तथा गुलाबचंद चौरसिया का विशेष सहयोग रहा।

# लेफ्टिनेंट जनरल ने किया छितौनी बंधे का निरीक्षण



**कुशीनगर।** बाढ़ आपदा से बांध व तटवर्ती ग्रामीणों को बचाने के लिए आज उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने छितौनी बांध का निरीक्षण कर बाढ़ पूर्व तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए श्री डिमरी ने क्षेत्र में बाढ़ से निपटने की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान बंधे की मजबूती, मरम्मत कार्य, जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया और कहा कि बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए नाव, आपदा मित्र, और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।श्री डिमरी ने छितौनी बंधे के ठोकर नम्बर 3 व 4 से ही बांध, ठोकर, स्पर आदि पर कराए गए कार्यो का बिंदुवार जानकारी प्राप्त की।श्री डिमरी ने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने चिकित्सक से एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता की जानकारी लिया तत्पश्चात चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, लेबर रूम, साफ सफाई आदि का निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।स्वास्थ्यकर्मी द्वारा प्रसूता से रिस्वत लिए जाने के मामले में उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन /विभाग पूरी तरह तैयार है और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। ₹हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचना है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी रामबीर सिंह, तहसीलदार महेश कुमार, एक्ससीएन बाढ़ खंड एम के सिंह एसडीओ मनोरंजन सहित पीडब्लूडी अधिकारी राजस्व कर्मी सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा के सभी मंडलों की योजना बैठक संपन्न



जिला संवाददाता

**देवरिया ।** तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने जनपद के सभी 28 मंडलों में योजना बैठक की । भाजपा की इन मंडल योजना बैठकों में हर घर तिरंगा लगाने, शहीद स्मारकों से तिरंगा यात्रा निकाल कर युद्धवीरों को सम्मानित करने तथा राष्ट्रवाद की भावना का विकास करना तथा आपरेशन सिंदुर और आपरेशन महादेव की सफलता को जनता को बताना जैसे विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया। इन बैठकों का प्रतिनिधित्व जनप्रतिनिधियों सहित संगठन के पदाधिकारी ने किया ।

इस क्रम में नगर मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा जन जन में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का काम कर रही है, स्वतंत्रता दिवस पर हर मंडलों में तिरंगा यात्रा के माध्यम से क्षेत्र के युद्धवीरों और शहीदों का सम्मानित किया जाएगा तथा देश की बढ़ती हुई ताकत से भी आम जनमानस को अवगत कराया जाएगा । इस क्रम में सलेमपुर में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, भाटपार में विधायक सभाकुंवर कुशवाहा, गोराबाजार में विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, रुद्रपुर में विधायक जयप्रकाश निषाद, सदर ब्लाक में कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बैठक का नेतृत्व किया ।इस दौरान नगर मंडल की बैठक में जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रेम अग्रवाल, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, गोविंद चौरसिया, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, संजू सोनी, मारकंडे गिरी, रूपम पांडे, बजरंगी मणि, अजय सिंह, निशा तिवारी, सुशील सिंह, शीतल गुप्ता, रविंद्र राव, दीपू यादव, हरेंद्र पाल, सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।

## इण्डिया आयल कॉरपोरेशन ने गैस उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**भटनी(देवरिया)।** इण्डियन ऑयल कारपोरेशन ने पहली अगस्ता से 31आगस्त तक गैस उपभोक्ताओं के लिए चलाया जागरूकता अभियान ।इस बीच गैस डिलेवरी मैन उपभोक्ताओं के घर घर जाकर पाँच वर्ष सुरक्षा पाईप बदलने के लिए प्रेरित करेंगें ।इसके अलावे उपभोक्ताओं गैर मानक हौज के जोखिम के सम्बन्ध मे शिक्षित करने व अधिकृत वितरकों से ही सुरक्षा पाईप खरीदने की अपील करेंगें । पाइप न बदलने की स्थिति मे अगर कोई दुर्घटना होती है तो ग्राहक दुर्घटना से वंचित हो जायेगा ।इस सम्बन्ध मे विक्रय अधिकारी सौरभ सेठ ने बता कि डिलेवरी मैन घर -घर जाकर लोगों को जागरुक करेंगें ।इण्डियन आयल द्वारा फायल बॉल प्रोजेक्ट रिलीज किया गया है ।जो सिलेंडर के ऊपर रखा जाता है ।अगर किसी कारणवश सिलेंडर मे आग लग जाती है तो फायर बॉल ब्लास्ट हो जायेगा ।इससेसिलेंडर मे आग नही लग पायेगीऔर कोई जानमाल की क्षति नही होगी ।सुमित्रा इण्डेन गैस सर्विस भटनीबाजार के मैनेजर पियुष जायसवाल ने कहा कि ग्राहकों सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता है ।इसलिएवह स्वयं ही सुरक्षापाईप बदलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ।जिन ग्राहकों ने अभी तक अभी तक अपना केवाईसी नही कराये है ।वे ऐजेंसी पर आकर निःशुल्क केवाईसी करा लें ।

## माकपा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**कसया, कुशीनगर।** मार्क्सवादीकम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा और चुनाव आयोग के मतदाता पुनर्निरीक्षण नीति प्रक्रिया पर रोक की मांग की।

शुक्रवार को माकपा के जिलामंत्री कामरेड अयोध्यालाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी तहसील मुख्यालय पहुंचे और अपना ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जहां बहुमत के आधार पर अपने जन प्रतिनिधि को चुनने का अधिकार सबको है। नागरिकता एक ऐसा मुद्दा है जिसपर चुनाव आयोग को नहीं गृह मंत्रालय को फैसला लेना है। कोई व्यक्ति नागरिक है या नहीं यह निर्णय गृहमंत्रालय का है न कि चुनाव आयोग का। जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत किए जाने वाले संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण मतदाता को हटाना है इसी कानून के तहत मौतों की पुष्टि की अलावा मतदाताओं को नाम हटाने के तमाम प्रस्तावित मामलों में एक नोटिस दिया जाता है ताकि उसे सुनवाई का एक उचित अवसर मिले। विज्ञप्ति में आग्रह किया कि मतदाता बनने या बने रहने के लिए जो 11 दस्तावेज तय है। उसमें से कोई एक दस्तावेज रखा जाय जो मतदाता के लिए 2025 से पहले तय है। माकपा चुनाव आयोग की इस लोकतांत्र विरोधी कार्यवाही का विरोध करती है और उक्त प्रक्रिया पर रोक की मांग करती है ताकि बिहार की तरह से लाखों लोगों को मतदाता सूची से बंचित न किया जाय। इस दौरान एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव, बीपी गुप्ता, गेंदा सिंह, इदरीश सिद्दकी, जवाहर शर्मा, कैलाश गिरी, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## संगठन सृजन अभियान से बूथ स्तर तक मजबूत होगी कांग्रेस : मार्कण्डेय मिश्र

**बरहज, देवरिया।** शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय लाजपत भवन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस को मण्डल व न्याय पंचायत कमेटी के माध्यम से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी मार्कण्डेय मिश्र ने कहा कि हम सबके लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी की मंशा और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के निर्देशन में संगठन सृजन का जो कार्यक्रम चल रहा है उसका बूथ स्तर तक बेहतर समन्वय करने के लिए ब्लाक कमेटी और बूथ कमेटियों के बीच मण्डल कमेटी की अवधारणा की गयी है। मण्डल कमेटियों के गठन से संगठन को नयी ताकत मिलेगी जिससे कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इच्छाओं और आंकाक्षाओं के अनुरूप संगठन को मजबूत बनाने के लिए गांव - जनसंपर्क किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी ही आज जनता की उम्मीद है। बैठक को मुख्य रूप से जिला महासचिव राकेश तिवारी भोला, नगर अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, जिला सचिव ब्यास दुबे, प्रेम लाल भारती, अखिलानंद तिवारी, अच्छेलाल गोड़, हर्षित सिंह, खूबलाल प्रसाद, प्रदीप पटेल, सत्यप्रकाश मिश्र, दीपक कुमार मल्ल, राकेश कुमार, प्रमोद तिवारी, धीरज यादव, छोटेलाल पटेल आदि ने संबोधित किया।

# संस्कार संगम ने समारोह पूर्वक मनाया विश्व संगीत दिवस




**कुशीनगर।** परंपरागत एवं लुप्तप्राय कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था ₹संस्कार-संगम₹ कुशीनगर के तत्वाधान में संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर अंबरीश विश्वकर्मा के नगर स्थित आवास चित्रतुली सदन पर विश्व संगीत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया ।कार्यक्रम का आरम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण कर एवं एकात्मता मंत्र- यं वैदिका मंत्रद्दशः पुराणा के गायन से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर रविशंकर प्रताप राव ने ने कहा विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। विश्व भर में, इस दिन संगीत और ललित कला को प्रोत्साहित करने वाले कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्त ने कहा पहली बार विश्व संगीत दिवस 21 जून 1982 को फ्रांस में मनाया गया। इस दिन लोगों को संगीत के प्रति जागरूक किया जाता है ।संगीत केवल मनोरंजन ही नही बल्कि यह देश- दुनिया की संस्कृति को भी समझने का एक माध्यम है। लगभग 120 से ज्यादा देशों में यह दिन मनाया जाता है। संगीत मानसिक शान्ति देता है। संगीत अकेलापन दूर करता है। संगीत तनाव कम करता है। संगीत गायन वादन और नृत्य का मिश्रण है। संगीत ध्वनि और मौन का कलात्मक संयोजन है। संगीत के जनक भगवान शंकर हैं। प्रवक्ता कृष्णमुरारी धर द्विवेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और दिनेश तिवारी ₹ भोजपुरियार ने गीतों का वर्णन करते हुए प्रत्येक ऋतु के गीतों को गया और राजा जी का गहनवा दे द गीत की प्रस्तुति दी ।अम्बरीष विश्वकर्मा ने- पापीहा पुकारे जहावां बोले कोइलरिया उहे गउआँ मोरा.. एवं ऐ मेरे हमसफर ठीक से सोच लो। सुनंदा शर्मा ने- बोलो जी बोलो भक्तो। निधि शर्मा ने-पकड़ लो हाथ बनावरी एवं देखि के मनवा लोभा गइले रामा। वंदना मद्धेशिया ने -बता क्या करुँ और तेरे लिए। सरिता मिश्रा ने -ठंडी के इस मौसम में तुम अबकी बार तो आँ जाओ। अंत में संस्कार संगम के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया, संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम के सस्वर गायन से हुआ। इस अवसर पर राम नारायण जायसवाल, रमेश मद्धेशिया, अमित मिश्रा, धनंजय राव, धीरज जायसवाल, मनोज सिंह, विवेक विश्वकर्मा, सुभाष मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन



**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज सेंट जेवियर्स स्कूल, में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बनाने की प्रतियोगिता और उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की राखियां बनाईं और अपने बड़े भाई-बहनों की कलाई पर राखी बांधी। स्थानीय निर्देशक आकाश चन्द्रा एवं रत्नेश चंद्रा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. वैभव ने की, जिन्होंने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और बंधन का प्रतीक है। उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने भी बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी की कलाई पर राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। आगे मैनेजर अरविन्द कुमार पांडेय ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर रेहाना और शालिनी के साथ-साथ शिक्षकगण यास्मीन, कल्पना, दीपिका, रागिनी, प्रिया विश्वकर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## सरकारी सड़क से इंटरलॉकिंग ईंट जबरिया उखाड़ ले जाने का आरोप

**कुशीनगर।** जिले के मथौली बाजार, कस्बे के वार्ड नंबर सात फर्दहां निवासी एक व्यक्ति ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर सरकारी सड़क से इंटरलॉकिंग ईंट जबरिया उखाड़ ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है ।अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में वार्ड नंबर 7 फर्दहां निवासी जितेंद्र यादव पुत्र आद्या यादव ने आरोप लगाया है कि वार्ड के ही विवेक चौबे व इसके साथी राजेंद्र, सुमंत, मार्कण्डेय व योगेश द्वारा सरकारी रोड से इंटरलॉकिंग ईंट जबरिया उखाड़कर उठा ले गए। इसका विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा मुझे गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। इस संबंध में कप्तानगंज थाने व मथौली पुलिस चौकी पर दूरभाष के जरिए सूचना दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बार बार धमकी मिलने के बाद पीड़ित ने गुरुवार 7 अगस्त को डीएम व एसपी को प्रार्थना पत्र देकर इंटरलॉकिंग ईंट बरामद कराते हुए ट्रैक्टर ट्राली को भी जब्त करते हुए उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाया है।

# उपाध्यक्ष उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता में बैठक




**कुशीनगर।** लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पीवीएस, बीएसएम, उपाध्यक्ष (मुख्य सचिव स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

**● उपाध्यक्ष ने ली बाढ़ राहत से संबंधित तैयारियों की विभागवार जानकारी**

की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ प्रबंधन संबंधी कार्यो के संबंध में विचार विमर्श संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित की गई। उपाध्यक्ष द्वारा जनपद में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों, बांधों, की जानकारी संबंधित से लेने उपरांत जनपद स्तर से बाढ़ की तैयारियों की जानकारी सभी संबंधित से ली गई ।उपाध्यक्ष ने कहा कि जनपद स्तर की तैयारियां तभी कारगर हैं जब तहसील स्तर पर भी इतना ही प्रभावी हो उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर क्या कार्यवाही हुई है ये मायने रखता है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में 118 तहसीलें व 2500 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, उन्होंने आज के नदी जल स्तर की जानकारी लेते हुए कहा कि बाल्मीकि नगर बैराज से पानी आने में भले ही 4 -5 घंटे लगे लेकिन सभी को जमीनी स्तर पर सदैव तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा कि बाढ़ खंड, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि सभी को पता है कि उनके द्वारा क्या कार्य किया जाना है, परंतु मौसम और स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत कितनी संवेदनशीलता है ये मायने रखता है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से जितनी मौतें नहीं होती उससे अधिक बच्चों द्वारा नदी नालों में नहाने के दौरान डूबने से होती है, इसके लिए उन्होंने बच्चों एवं उनके अभिभावकों /टीचर के माध्यम से जागरूक किए जाने पर बल दिया गया साथ ही सभी ऐसे स्थानों पर बोर्ड लगाए जाने का निर्देश दिए गए जहां पर पानी अधिक है, या बहाव अधिक है, या जहां घटनाएं अधिक होती हैं। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने की संभावना बने रहने के बावजूद भी लोग खेतों में काम करते हैं उन्हें जागरूक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सर्प दंश से होने वाले मृत्यु के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसका प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने एवं सरकार द्वारा मिलने वाली राशि के संबंध में अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बाढ़ के दृष्टिगत तैयारियों के क्रम में अवगत कराया गया कि नदी उस पार के 12 गांवों जहां 06 गांव गैर आबाद हैं वहीं पर बाढ़ की संभावना बनी रहती है, जिसके स्थाई समाधान हेतु ग्रामवासियों को पट्टा आवंटित कर विस्थापित किए जाने की कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि अभी नदी का डिस्चार्ज 97 हजार क्यूसेक है इस लिए की दिक्कत नहीं है फिर भी प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है, उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर आपात स्थिति पर तत्काल कंट्रोल करने की कार्यवाही की जाती है, एवं माइक्रोप्लान अंतर्गत किस लेबल पर किसे संपर्क करना है सभी विभागों सहित ग्राम प्रधानों आदि का नम्बर रखा गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आने वाले विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयारीयों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी खड्डा, तमकुहीराज, पीडी पीयूष, डीडीओ अरुण कुमार पाण्डेय, डीसी मनरेगा राकेश, बीएसए रामजियावन मौर्य, अधि0 अभि0 बाढ़ खंड, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, विद्युत, सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने ली परेड की सलामी, रिक्रूटों को दिए जरूरी निर्देश



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके बाद उन्होने पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य, आरटीसी बैरक, आरटीसी शौंचालय तथा आरटीसी मेस का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों के प्रशिक्षण का जायजा लिया और उन्हे कई जरूरी टिप्स दिए। उन्होने कहा कि ड्यूटी करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहना आवश्यक है तभी वह पूरी तन्मयता और निष्ठा के साथ कार्य कर सकेंगे। इसके बाद एसपी ने आरटीसी बैरक, आरटीसी क्लास रूम, आरटीसी शौंचालय और आरटीसी मेस का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद रजिस्टर पेशी कर अनेक रजिस्टरों को चेक किया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक माविस टक, क्षेत्राधिकारी पीयूष पाण्डेय और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर्व पर जिलाधिकारी ने दी शुभकामना

**देवरिया।** ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के स्नेह, समर्पण एवं विश्वास का प्रतीक है जिलाधिकारी ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद देवरिया में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि जनपद की बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने हेतु सुरक्षित और सुलभ यात्रा कर सकें।

उन्होंने बताया कि जनपद की बहनों द्वारा सीमा पर तैनात देश के वीर जवानों के लिए राखियां भेजी गई हैं।

संक्षेप

## गड्ढे में डूबकर दो बालकों की मौत

सीतापुर। तालगांव इलाके में दो बच्चों की बरसात के पानी से भरे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरापुर के पास राजा ईंट ब्रिक फील्ड द्वारा ईंट बनाने के लिए जगह-जगह मिट्टी निकाली गई थी। बरसात होने के कारण उन सभी गड्ढों में पानी भर गया। शुक्रवार दोपहर गांव के बच्चे खेलने के लिए निकले थे। जिसमें दो बच्चे अर्पित राज पुत्र संतोष कुमार और अक्षय लाल पुत्र लल्लू प्रसाद लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए और दलदल में फंस गये। दलदल में फंसने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाये। साथ में मौजूद बच्चों ने गांव जाकर इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही गांव और परिवार वालों ने मिलकर खोजबीन शुरू की। गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। ईंट भट्ठा संचालकों की लापरवाही के कारण क्षेत्र में यह बड़ा हादसा हुआ है। अमरापुर गांव के समीप स्थित राजा ईंट उद्योग द्वारा जगह-जगह गहरे गड्ढे खोदकर मिट्टी निकाली गई है। ये गड्ढे बरसात के समय ग्रामवासियों के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। गांव वालों ने बताया कि राजा ईंट ब्रिक द्वारा बनाए गए गहरे गड्ढे में ही दोनों बच्चे डूब गये।

## वृहद स्तरीय रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन कल

पाटन, उन्नाव। समाजसेवी सीएस पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 10 अगस्त यानी कल उन्नाव में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके द्वारा समाज को एक सशक्त संदेश देने की तैयारी की जा रही है। यह पर्व केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, सुरक्षा और दायित्व का प्रतीक है। महोत्सव के दौरान पुष्पेंद्र प्रताप सिंह दस हजार बहनों से राखी बंधवाकर उनके सुख-दुख में साथ निभाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेंगे। इस अभूतपूर्व पहल को देश में अब तक के सबसे बड़े राखी आयोजन के रूप में देखा जा रहा है।

## ट्रक पलटने से चालक परिचालक घायल

फतेहपुर चौरासी, (वीओएल)। हरदोई उन्नाव सड़क मार्ग पर ट्रक पलट जाने से चालक परिचालक घायल हो गए। घायलों को सी एच सी लाया गया, जहां से चालक को रेफर कर दिया गया। असगांव अटवा जिला हरदोई निवासी चालक रामखेलावन परिचालक संजू के साथ ट्रक से कानपुर जा रहा था। उन्नाव हरदोई सडक मार्ग पर रात एक बजे के करीब पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर एम्बुलेंस चालक परिचालक को सी एच सी लायी। संजू को मामूली चोट आई, वहीं रामखेलावन को जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कांशीराम कालोनी से निकाले जाएंगे अवैध कब्जेदार

सीतापुर। नगर की कांशीराम कालोनी में अवैध कब्जों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने अवैध कब्जेदारों का सर्वे कर सूची जारी की गई है। तहसील प्रशासन ने मुनादी कराते हुए अवैध रूप से मकानों में रह रहे लोगों को एक सप्ताह के भीतर स्वयं मकान खाली करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि तय समय सीमा में मकान खाली न करने पर पुलिस बल के साथ कार्रवाई कर कब्जा मुक्त कराया जाएगा। बता दें कि तहसील प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि काशीराम कालोनी में गैर-पात्र लोग अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं। जबकि पात्र लोगों को आवास नहीं मिल पा रहा है। इस पर प्रथम चरण में सर्वे कराया गया। कुल 1500 मकानों में से 211 मकानों पर अवैध कब्जा पाया गया। शनिवार को तहसील सदर प्रशासन की टीम काशीराम कॉलोनी पहुंची और मुनादी कराते हुए कब्जेदारों को नोटिस थमाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक अवधेश पांडे और लेखपाल अंजनी मौजूद रहे। टीम ने अवैध कब्जेदारों की सूची भी दीवारों पर चस्पा की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही अवैध रूप से रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने साफ किया कि यह कदम पात्र लाभार्थियों को उनका हक दिलाने के लिए उठाया जा रहा है। नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने बताया कि एक सप्ताह की समय सीमा पूरी होने के बाद प्रशासन खुद मकान खाली कराएगा।

# चौराहों पर लाइटिंग के साथ देशभक्ति गीतों की धुन बजायी जाये




सीतापुर। आगामी 14 और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सीतापुर जनपद में विभिन्न आयोजन धूमधाम से संपन्न कराए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि सुबह 7:30 से 8 बजे तक 12 से 21 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की दौड़ आयोजित की जाएगी। यह दौड़ तरणताल से शुरू होकर बड़ा डाकखाना, बहुगुणा चौराहा होते हुए द्वितीय वाहिनी पीएसी से गुजरती हुई मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर समाप्त होगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे से वाल्दा कॉलोनी, मोहल्ला अम्बेडकर नगर (लोहारबाग) और अन्य चयनित मलिन बस्तियों में नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। कुछ नई बस्तियों को भी इस बार शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 10 बजे से मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दिव्यांगों की तिपहिया दौड़ और उसी समय पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में भाषण, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं स्वच्छता, भारत छोड़ो आंदोलन, स्वतंत्रता संग्राम, ह्वविभाजन विभीषिका दिवस जैसे विषयों पर आयोजन होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य दिन 15 अगस्त को सुबह 6 बजे सभी धर्म स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर, जैन मंदिर एवं बौद्ध मठों में सामूहिक प्रार्थना का आयोजन होगा। इसके बाद 7 बजे हाईस्कूल स्तर के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो लालबाग पार्क से गांधी पार्क तक जाएगी। सुबह 7:30 बजे सीतापुर नगर व खैराबाद स्थित शहीदों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। 8 बजे समस्त सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाओं एवं स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान और वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा। सुबह 9 बजे पुरुष चिकित्साल्य, नेत्र चिकित्सालय और खैराबाद स्थित कुष्ठ आश्रम में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। 10 से 11:30 बजे तक जिला कारागार में बंदियों को फल वितरण किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से वृक्षारोपण और 3:30 बजे से कल्याणकारी योजनाओं की ह्वतिरंगा थीमह्व पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। शाम 4:30 बजे लालबाग पार्क (वर्षा होने पर हिंदी सभाकक्ष, नरोत्तम भवन) में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं सार्वजनिक सभा आयोजित होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे एक भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि तैयारियों की रूपरेखा पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। नगर के प्रमुख चैराहों पर लाइटिंग के साथ देशभक्ति गीतों की धुन लाउडस्पीकर पर बजाई जाए। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को झंडा लगाने और सजावट करने की अपील की गई। सरकारी भवनों पर विशेष रूप से लाइटिंग सुनिश्चित की जाएगी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों को भव्य बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## सीएचसी के सामने जल भराव, संक्रामक रोगों का बढ़ा खतरा

सीतापुर। गंदगी व जलभराव के बीच मलेरिया तथा वायरल फीवर के साथ ही संक्रमित बुखार तेजी से क्षेत्र में पांव पसार रहा है। ऐसे में प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य महकमें की ओर से स्वच्छता अपनाने व आस पास गंदगी न होने व पानी न ठहरने देने की सलाह दी जा रही है। लेकिन इसके विपरीत पहला सीएचसी मुख्य गेट पर ही हल्की बारिश से जलभराव व गंदगी देखी जा रही है।

विकास क्षेत्र पहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के पास ही सड़क नीची होने से लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई है और गंदगी पसरी हुई है। ऐसे में यहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। लेकिन जिम्मेदारों की ओर से न तो जलभराव समाप्त करने का उपाय किया जा रहा है और न ही गंदगी हटाने की। इस समय जिले में संक्रमित बुखार तेजी से अपने पांव पसार रहा है। अस्पताल पहुंचने वाले करीब 90 फीसदी मरीज बुखार, वायरल फीवर मलेरिया के मिल रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों की ओर से लोगों का इलाज करने के साथ ही मच्छरों से बचने, जलभराव न होने देने व स्वच्छता अपनाने की सलाह दी जा ती है। साथ ही प्रशासन की ओर से भी तमाम प्रकार के निर्देश जारी कर गांवों में विशेष साफ सफाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में ताज्जुब की बात तो यह है कि जिस परिसर में बैठ कर चिकित्सक लोगों को स्वच्छता अपनाने की सलाह देते हैं। उसी अस्पताल परिसर के मुख्य गेट के पास ही जलभराव व गंदगी की समस्या देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि सड़क अस्पताल के पास नीची बनाई गई थी। लेकिन जलनिकासी का समुचित उपाय नहीं किया गया था। इससे सालों साल जलभराव की स्थिति रहती है और गंदगी भी पसरा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## जर्जर विद्युत पोल हादसे का पर्याय स्थानीय लोगो में आक्रोश



उन्नाव, (वीओएल)। बारिश का मौसम अपने पूरे शुरूर पर है। ऐसे में विद्युत पोल की चपेट में अक्सर मवेशी आते है। कई बार जान तक गवानी पड़ती है। विभाग इस तरफ कोई ठोस कदम नही उठा रहा है। ऐसे में जर्जर विद्युत पोल कब गिर जाए इसका कोई भरोसा नही है। विभाग समय रहते नही चेतता है तो कोई बडी दुर्घटना से भी इंकार नही किया जा सकता है। बता दें कि ए.बी. नगर मोहल्ला में इन दिनों एक विद्युत पोल किसी यमदूत से कम नही है। पोल नीचे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर गल चुका है। कई बार स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना विभाग को दी। इसके बाद भी विभाग ने इसकी सुध नही ली। एबी नगर मोहल्ला निवासी राम कुमार, विजय कुमार, अजय विमल, गुड्डू वर्मा आदि ने बताया कि हमारे घर के सामने यह पोल खडा है। इतना ही नही नीचे से गल जाने की वजह से यह तिरछा हो गया है। ऐसे में किसी भी समय गिर सकता है। इस पर तमाम विद्युत तार एवं अन्य नेट संबन्धी तार का जाल बंधा हुआ है। अगर यह विद्युत पोल नीचे गिरता है तो किसी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता है। मामले में विद्युत विभाग के अधिकारियों का रवैया उदासीन है। या यूं कहे कि विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। जानकार बताते है कि मेंटीनेंस का खर्च बचाने के लिए अघोषित कटौती का खेल खेला जाता है। अधिक सप्लाई न होने पर नुकसान का खर्च स्वतः कम होगा। लेकिन विभागीय जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से बचते है। आम पब्लिक परेशान होती है। स्वयं को कोसती नजर आती है।

## मिर्री कंपोजिट विद्यालय का एसडीएम ने निरीक्षण किया



असोहा-उन्नाव, (वीओएल)। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने मिर्री खेड़ा कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में रजिस्टर में दर्ज 180 बच्चों में से केवल 115 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। जहाँ कक्षा 1 से 5 तक के 60 पंजीकृत बच्चों में से 40 बच्चे और कक्षा 6 से 8 तक के 120 पंजीकृत बच्चों में से 67 बच्चे ही मौजूद थे। विद्यालय में कुल 6 अध्यापक हैं, जो सभी निरीक्षण के दिन उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील में तहरी की व्यवस्था की गई थी। उपजिलाधिकारी ने बच्चों की कम उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कक्षा 6 से 7 के एक बच्चे से सवाल पूछा, जिसका वह जवाब नहीं दे पाया। इस पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

## पुलिस लाइन के प्राथमिक विद्यालय में मना वृक्ष रक्षाबंधन उत्सव



उन्नाव, (वीओएल)। रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़ पौधों की रक्षा हेतु ट्री मैन के नाम से मशहूर सीनियर सब इंस्पेक्टर (प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम) अनूप मिश्र अपूर्व द्वारा चलाये जा रही अनूठी मुहिम के तहत शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाईन स्थित प्राथमिक विद्यालय में वृक्ष रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय, विद्यालय प्रभारी नुपुर श्रीवास्तव के साथ बच्चों ने पेड़-पौधों को राखी बांधी और वृक्ष रक्षा का संकल्प लिया। सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को पेड़ - पौधों का महत्व बताया और उनकी देखरेख करने के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर पुलिस दम्पति सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और रीना पाण्डेय द्वारा बच्चों को चॉकलेट और मिठाई भेंट की गई। अभियान संयोजक अनूप मिश्रा ने बताया कि इस मुहिम के तहत जनपद में 250000 से अधिक लोगों को अभी तक इस अभियान से जोड़ा गया है, पेड़-पौधों की रक्षा हेतु आम जनमानस को व्हाट्सप्प संदेश भेजकर रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण रक्षा उत्सव के रूप में भी मनाने की अपील की जा रही है।

## एनसीसी प्रथम वर्ष में कैडेटों का शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा से हुआ चयन



सोहरामऊ, उन्नाव। 57 यू पी बटालियन एनसीसी नवाबगंज के द्वारा एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती शुक्रवार को संपन्न हुई।

कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल विवेक पांडे के दिशा निर्देश में श्यामलाल इण्टर कॉलेज नवाबगंज में एनसीसी प्रथम वर्ष सीनियर डिवीजन एसडी की भर्ती के लिए एनसीसी पोर्टल पर आन लाइन पंजीकरण कराया जाता है। जिसकी भर्ती 57 यू पी बटालियन एनसीसी के सुबेदार मेजर नवीन चन्द्र की देखरेख में पीआई स्टाफ द्वारा शुक्रवार को शारीरिक दक्षता, मेडिकल, दौड़ एवं लिखित परीक्षा कराई गई। लिखित परीक्षा का परिणाम बटालियन द्वारा घोषित किया जाता है। अंत में बटालियन द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित कैडेटों की सूची व प्रतीक्षा सूची जारी की जाती है। एनसीसी कैडेटों का चयन बटालियन से सूबेदार नारायन, सूबेदार कवींद्र मोहन तिवारी ने किया। मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज की एक टीम डॉक्टर पंकज के नेतृत्व में उपस्थित रहीं। भर्ती प्रक्रिया में एनसीसी प्रभारी (भर्ती अधिकारी) कैप्टन सन्तोष कुमार तिवारी विद्यालय के प्रधानाचार्य डा अनूप सिंह सहित एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## एनसीसी में चयन के लिए शारीरिक व मानसिक दक्षता परीक्षण किया

पाटन, उन्नाव। बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय सुमेरपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) हेतु यूपी 57 बीएन एनसीसी के संबंधित अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं की शारीरिक एवं मानसिक दक्षता परीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यनरत 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सूबेदार मेजर द्वारा यह अवगत कराया गया कि चयनित छात्र-छात्राओं कीसूची आगामी एक दो कार्य दिवसों में प्रकाशित की जाएगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तुनीरा भदौरिया, राष्ट्रीय कैडेट कोर के शिवेंद्र कुमार श्रीवास्तव शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रशांत शुक्ला सैन्य अध्ययन प्रवक्ता डॉ रविंद्र कुमार जितेंद्र सिंह पंकज सिंह शिवम सिंह अमित मिश्रा योगेश सिंह सुनील यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## महासभा के प्रदेश सचिव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

असोहा, उन्नाव (वीओएल)। यदुकुल महासभा के प्रदेश सचिव व समाजवादी पार्टी के जिला सचिव साथ ही समाधा प्रधान हरिकेश यादव का जन्मोत्सव आज कार्यकर्ताओं ने बड़े जोश खरोश से मनाया, प्रधान प्रतिनिध हरिकेश यादव स्वयं समाधा गांव पहुँच प्राथमिक विद्यालय पहुंच बच्चो के बीच फल व मिठाई वितरित कर अपना जन्म दिन मनाया, वही ग्राम वासियों ने उनके आवास पहुंच उनको बधाई दी। हरिकेश यादव ने अपने जन्म दिन पर सभी को अभिवादन करते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान सियाराम यादव, लवकुश धीमान, रिषभ तिवारी, किशन कुमारी, माधवी देवी, मुन्नी देवी, भगवान देई, गोपाल सिंह सहित सौकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक



सफीपुर, उन्नाव। लोक कल्याण हेतु विधायक ने परिवार समेत प्रसिद्ध प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर में रुद्रा अभिषेक किया। क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने परिवार समेत देवाधिदेव महादेव को समर्पित पवित्र श्रावण मास में लोक कल्याण हेतु कस्बा सफीपुर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन मोटेश्वर महादेव मंदिर में विधि विधान से मंत्रोचारण के साथ रुद्रा अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि पुत्र अश्वनी दिवाकर, चेयरमैन प्रतिनिधि ऊगू अनुज दीक्षित, राजू चैहान, जयदीप मिश्रा, लाले गौड़, लल्ला तिवारी, अनूप सिंह, मलखान सिंह, पम्मू गौड़, अभिनव शर्मा, आशीष कन्नौजिया, रामसजीवन विमल, कुलदीप महराज, पुष्पेंद्र कुमार, राहुल सिंह, प्रमोद शर्मा भारी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

## कैथी टोला में जल भराव, अनशन पर बैठे पूर्व सभासद

सीतापुर। बिसवां नगर पालिका के अध्यक्ष तो बदले मगर नगर की सफाई एवं जलभराव की समस्या नहीं बदली। लोगों ने इस समस्या से निजात के लिए नगर पालिकाध्यक्ष को बदल दिया। मगर समस्या आज भी वहीं है हल्की सी बारिश में नगर के कैथी टोला महराजगंज समेत कई मोहल्ले कल मगन हो जाते हैं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। चारों तरफ की सड़के तालाब में तब्दील हो जाती हैं। मगर आज तक उसका कोई समाधान नहीं निकल सका।

बीते तीन दिन से लगातार हो रही रुक रुक का बारिश ने नगर पालिका को पोल खोल कर रख दी है। बारिश के जल भराव की समस्या के निदान न होने पर गुस्साये मोहल्लेवासियों के लिए नगर निवासी पूर्व सभासद विवेक पांडे धरने पर बैठ गये। उनके धरने पर बैठने की खबर पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला ने एक माह में उक्त समस्या का समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर आलोक श्रीवास्तव, विनय सिंह, मोनू बाजपेई, अमरदीप श्रीवास्तव आदि कैथी टोला के लोग मौजूद थे।

## गांवों तक पहुंचने लगा बाढ़ का पानी

सीतापुर। जनपद की नदियों में बैराजों से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से शारदा और घाघरा नदी उफान पर आ गई हैं। इससे तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। जलस्तर में वृद्धि के कारण स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया है। एसडीएम लहरपुर आकांक्षा गौतम के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की टीम ने तटवर्ती इलाकों का दौरा किया है। टीम ने मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। प्रशासन ने नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन करने को कहा है। जलस्तर में और वृद्धि होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। तंबौर क्षेत्र के बसंतापुर, कोल्हूपुरवा, मानपुर, लखनीपुर और चंदीभानपुर आदि दर्जनों गांवों में शारदा नदी का पानी पहुंचने लगा है। इसे देखते हुए ग्रामीणों को अपने मवेशियों और महत्वपूर्ण सामानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## मैकेनाइजेशन योजना में 76 कृषकों का ईलॉटरी से होगा चयन

उन्नाव, (वीओएल)। उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश ने बताया कि जिला अधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति सदस्य सचिव जिला कृषि अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नव प्रभात रंजन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक प्रतिनिधि एवं नामित कृषक बृजेंद्र सिंह मुकेश सिंह एवं राकेश कुमार, अरविंद कुमार निषाद सेल्फ हेल्प ग्रुप से नीरज कुमार सिंह के समक्ष वर्ष 2025-26 में सबमिशन एंड एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन का इन सीटू मैनेजमेंट क्रॉप रेसिड्यू योजना के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्रों को क्रय करने वाले कृषक के लिए ऑनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई लॉटरी के माध्यम से पन्नालाल सभाकर में किया गया। उन्होंने बताया है कि मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कुल 76 कृषकों को ई लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया।

## जलभराव की समस्या को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

सीतापुर। बिसवां नगर के मोहल्ला महाराजागंज में जलभराव की समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चैहान की अगुवाई में उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि मोहल्ला महाराजागंज, थाना तहसील में जलभराव के कारण स्थिति जरा सा ही पानी बरसने पर बहुत ही खराब हो जाती है। घरों के चारों तरफ पानी भर जाता है। जिससे घर से बाहर निकलने में औरत और बच्चों को बहुत कठिनाई होती है। और बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते हैं। नगर पालिका द्वारा पानी निकालने के लिए मात्र दिखाने के लिए पंप सेट रखे हुए हैं। कर्मचारी वहां सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं। मोहल्ले वालों के पूछने पर जवाब मिलता है कि नगर पालिका की ओर से हमको पंप सेट चलाने के लिए डीजल और अनुमति प्रदान की जाएगी तभी हम पंप सेट चला पाएंगें। मांग की गई है कि जलभराव से मोहल्लेवासियों को निजात दिलाया जाये। इस दौरान रेउसा प्रभारी नरेश गौड़, जिला सचिव अब्दुल मुजीब सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा, स्वाती, गीता, किरन देवी, मदन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए आवश्यकः बृजेश पाठक



- नैमिष व मिश्रित में आयोजित सभाओं में दिया विकास का भरोसा, विरोधियों पर भी कसा तंज

**सीतापुर**। मिश्रिख नगर पालिका परिषद के उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है।

शुक्रवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नैमिष और मिश्रित में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव के समर्थन में जोरदार प्रचार किया सभा को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि जनता के उत्साह को देखकर स्पष्ट हो गया है कि इस बार मिश्रित नगर पालिका में कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि नैमिष की धरती धर्म की भूमि है, और भाजपा धर्म और विकास दोनों के संतुलन पर काम कर रही है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी की जीत क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी को चुनाव की चर्चा अपने घर-परिवार और परिचितों से करनी है, और भाजपा प्रत्याशी को इतनी मजबूती देनी है कि विरोधियों की जमानत जब्त हो जाए। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि सपा केवल अपने परिवार और स्वार्थ का विकास चाहती है, जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ पूरे देश को आगे बढ़ा रही है। सभा में मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने भी भाग लिया और जनता से सीमा भार्गव को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से बूथ स्तर पर मजबूती से काम करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने इस चुनाव को सनातन के सम्मान का चुनाव बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि दधीचि की तपोभूमि धर्म से जुड़ी है और भाजपा धर्म की असली ध्वजवाहक है। सभा में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे, प्रत्याशी सीमा भार्गव समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने भी संबोधन किया। नैमिष व मिश्रित क्षेत्र के कई प्रमुख संत-महंत भी सभा में उपस्थित रहे।

## सुपुर्द ए खाक हुए हाजी वकील



तंबौर/सीतापुर। कस्बे की जानी मानी मशहूर व मारूफ मजहबी रूहानी शख्सियत हाजी वकील अहमद गौरी का 98 वर्ष की आयु में बीते गुरुवार की शाम को निधन हो गया। सन 1927 में जन्मे हाजी वकील अहमद गौरी के पिता हाजी मोहम्मद इस्माईल रहव भी एक नेक दिल अल्लाह वाले इंसान थे।

हाजी वकील अहमद दो भाई थे, छोटे भाई का नाम हाजी जमील अहमद गौरी है। हाजी वकील अहमद गौरी की नमाज ए जनाजा शुक्रवार को पीर जुल्फिकार अहमद नक्शबंदी के खलीफा हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रहमान नक्शबंदी मुरादाबादी ने ईदगाह कब्रिस्तान में पढ़ाई। नमाज पढ़ाने के लिए मुफ्ती अब्दुर्रहमान नक्शबंदी साहब सीधे मुरादाबाद से आए थे। हाजी वकील अहमद गौरी के तीन पुत्र शकील गौरी भट्ठा व्यवसाय, जमीर अहमद गौरी प्लाईवुड व्यवसाय और और खुर्शीद गौरी सराफा कारोबार के साथ ही व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष भी है। इनके अलावा पांच लड़कियां है। दीनी खिदमत से जुड़े हाजी वकील को ईदगाह कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इनके निधन पर लहरपुर चेयरमैन हाजी जावेद अहमद, मुफ्ती मोहम्मद खबीर नदवी, हाजी अशरफ अली बिस्वा, इस्लामु लहरपुर, हाजी हिसामुद्दीन, हाजी शोएब, हाजी इस्लामुद्दीन खीरी, हाजी सिराज, मैनुद्दीन खीरी, हाजी मुन्ना, जेड आर रहमानी, हाजी अजीज गौरी, पवन वर्मा (रामू), सुयश श्रीवास्तव, सैय्यद मोंव रेहान सभासद, मौलाना शाहिद अली, मौलाना इदरीश कासमी, हाफिज अतीक, हाफिज रईस, अफजाल हुसैन, शीश ठेकेदार, यसीर गौरी, आजम अंसारी, मेराज प्रधान, हाजी शामुन खान, शकील गौरी, फराज खान, इसराइल अंसारी, इकरार गौरी, गुड्डू भाइयों, हाजी गुड्डू तिरंगा, शाद गौरी, साबीर अली, डॉ सगीर, जावेद असद सहित हजारों की संख्या मे मूसलाधार बारिश मे लोगों ने जनाजे की नमाज अदा कर रंजो गम का इजहार किया है।

## एनकाउंटर में मारे गये दोनों शूटरों का हुआ अंतिम संस्कार

सीतापुर। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए दोनों शूटरों रिजवान और अमील का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह सीतापुर के गोपालघाट श्मशान घाट पर हिन्दू रीति-रिवाज से किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। गुरुवार देर रात मृतकों के परिजन कृ पत्नी, साला और चचेरी बहन कृ को मामले की सूचना दी गई थी। इसके बाद नोएडा से रिजवान का भाई राहुल शुक्रवार तड़के सीतापुर पहुंचा और हिंदू रीति से मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार की यह पूरी प्रक्रिया बेहद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शवदाह स्थल पर मौजूद परिजनों के चेहरे पर हल्की शिकन जरूर नजर आई, लेकिन किसी की आंखों से आंसू नहीं बहे। पूरे समय वे चुपचाप बैठे रहे और किसी से कोई बातचीत नहीं की। अंतिम संस्कार के बाद सभी परिजन बिना कुछ कहे वापस लौट गए। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए श्मशान घाट पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में अंतिम संस्कार की पूरी प्रक्रिया पूरी करवाई गई। अधिकारियों के अनुसार, यह कदम एहतियातन उठाया गया ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। गौरतलब है कि पत्रकार हत्याकांड के दोनों आरोपी पेशेवर अपराधी थे, जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज थे। उनके एनकाउंटर के बाद पुलिस पर भी सवाल उठे, लेकिन इस अंतिम संस्कार के साथ ही इस प्रकरण का एक अहम अध्याय शांतिपूर्वक समाप्त हो गया।

संक्षेप

## ट्रैक्टर चालानों से मैटेरियल सप्लायर्स परेशान

**ललितपुर।** जनपद में इन दिनों मटेरियल सप्लाई का कार्य कर रहे छोटे व्यापारी भारी प्रशासनिक दबाव और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि एआरटीओ (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) और पीटीओ (प्रादेशिक परिवहन अधिकारी) द्वारा अनावश्यक रूप से उनके ट्रैक्टरों के भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं, जिससे आमजन के निर्माण कार्यों में भी गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। व्यापारियों के अनुसार, परिवहन विभाग द्वारा न तो उनके ट्रैक्टरों को कमर्शियल श्रेणी में परिवर्तित किया जा रहा है, और न ही उनके व्यवसाय की वास्तविक आवश्यकताओं को समझा जा रहा है। कहा कि वह अपने ट्रैक्टरों का प्रयोग घरों में मटेरियल शिफ्टिंग और भवन निर्माण सामग्री की सप्लाई हेतु करते हैं, लेकिन विभाग द्वारा 50-50 हजार रुपये तक के चालान काटे जा रहे हैं। निर्माण कार्यों में देरी और बढ़ती लागत से आमजन त्रस्त हैं। इस समस्या को लेकर जनपद के समस्त मटेरियल सप्लायर्स ने एकजुट होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुये आह्वान किया है कि उनकी समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि या तो ट्रैक्टरों को नियमानुसार कमर्शियल में परिवर्तित किया जाए।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 1 करोड़ 71 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने पर दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में बुधवार को बजाज फाइनेंस सेक्टर से जुड़ा एक बड़ा लोन फ्रॉड सामने आया था, जिसमें 1.71 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से लोन के रूप में स्वीकृत कराई गई। यह मामला बजाज फाइनेंस लिमिटेड से जुड़ा है, जिसके इलाइट चैराहा स्थित करीब 35 वर्ष नि0 नेहरूनगर थाना कोतवाली जनपद ललितपुर एवं नवनीत पुत्र यादवेन्द्र सिंह उम्र करीब 27 वर्ष नि0 पटेल नगर, उरई जनपद जालौन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में संदीप सिंह सोलंकी पुत्र लक्ष्मन सिंह सोलंकी उम्र करीब 29 वर्ष असिस्टेन्ट मैनेजर रिस्क बजाज फाइनेन्स लिमिटेड झोखन बाग इलाइट चैराहा जनपद झांसी द्वारा अभियुक्तगण

- वांछित मैनेजर सहित 02 अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा
- लोन का पैसा फर्जी खातों में मंगाकर आपस में लोग बंदरबांट कर लेते थे आरोपी
- बजाज फाइनेंस लिमिटेड से जुड़ा है पूरा मामला

प्रबंधक संदीप सिंह सोलंकी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आठ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी। इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को दो आरोपियों को प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी थाना कोतवाली ने अपनी टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये आरोपी महेन्द्र बरार पुत्र प्रेमलाल उम्र महेन्द्र बरार, नवनीत आदि 07 नफर द्वारा धोखाधड़ी करके षणयन्त्रपूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बजाज कम्पनी को करीब 1 करोड, 71 लाख से अधिक रुपये की क्षति पहुचाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिये थे। पकड़े गये आरोपी नवनीत सिंह व महेन्द्र ने पूछतांछ करने पर बताया कि उन लोगो का एक संगठित गिरोह है । वह



(नवनीत सिंह) बजाज फाईनेन्स लिमिटेड झोकन बाग झांसी मे अक्टूबर 2022 से क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत था तथा महेन्द्र डायरेक्ट सेल एजेन्ट के पद पर ललितपुर में कार्य करता था जिसका काम लोन के लिये लोगो को लाना होता था। नवनीत सिंह का कार्य क्षेत्र मे जनपद झांसी व जनपद ललितपुर आते हैं, दोनो जिलो के कस्टमरो के लोन मेरे दुनारा ही स्वीकृत किये जाते है, जिसकी सीमा अधिकतम 20 लाख रुपए है । साहब मेरे संगठित गिरोह में कई स्तर पर काम बंटा हुआ है। हम लोग लोन कैसे मिलेगा इसका पम्पलेट बनांकर सभी जगहों पर चिपका देते हैं व उसमें हमारे गिरोह के सदस्य के लोगो के नम्बर दिये रहते हैं जिसको लोन लेना होता है वह उस नम्बर पर फोन करता है फिर हम उससे सम्पर्क करते हैं उससे सम्बन्धित फाइल को तैयार करते थे। शुरूआत में हम लोग सही व्यक्तियों को लोन पास कराया करते थे जिसमें हम लोगो को कमीशन मिलता था। बाद में हम लोगो के द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रापर्टी से सम्बन्धित लोन कराना शुरू कर दिया, इसके लिये हम लोग कूटरचित तरीके से तैयार रजिस्ट्री के प्रपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड, नया एकाउन्ट नम्बर खुलवाकर के यह सारा फ्राड करने लगे और लोन का पैसा हम लोग फर्जी खातों में मंगाकर के उसको कैश के रूप में निकालकर आपस में सभी लोग बांट लेते हैं।

## अवैध तरीके से बेची जा रही देशी शराब संचालक को दबोचा

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड पर ढ़ाबा खोलकर खाना के साथ धड़ल्ले से अवैध शराब बेच रहे व्यक्ति को नई बस्ती चैकी पुलिस ने धर दबोचा है। भारी मात्रा में शराब को लेकर ढ़ाबा जा रहे युवक को दबोच कर पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में देशी शराब के क्वाटर बरामद किये गये हैं। प्रकरण दर्ज कराते हुये नई बस्ती चैकी प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह अपने हमराह चेतक नं. 02 मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल व सौरभ त्रिपाठी के साथ गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद थैले में अधिक मात्रा में देशी फ्रूटी रसभरी शराब भरे रखकर जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। तभी वहां से गुजर रही मोटर साइकिल को रोकते हुये पुलिस ने रेलवे लाइन किनारे से पकड़ लिया।

पुलिस को पकड़े गये युवक ने अपना नाम सिविल लाइन देवगढ़ रोड निवासी सुधीर अग्रवाल उर्फ भईया पुत्र स्व. राजकुमार अग्रवाल बताया। पुलिस ने उसके पास से सफेद थैले से 22 क्वाटर रसभरी देशी शराब के बरामद किये। पकड़े गये सुधीर अग्रवाल ने बताया कि वह देवगढ़ रोड पर सिद्धि भोजनालय के नाम से ढ़ाबा संचालन करता है।

## डीएम ने बाढ़ पीड़ितों निः शुल्क राशन बांटा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा तहसील सदर के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों ग्राम रावली एवं ग्राम ब्रह्मपुरी का ट्रैक्टर से निरीक्षण किया गया तथा बाढ़ प्रभावित लोगों को राशन किट वितरित की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मोटर बोट से मालन और गंगा नदी के जल स्तर का भी जायजा लिया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबन्ध में बताया कि रावली गाँव में बाढ़ प्रभावित जरूरतमंद लोगों के लिए रसोई शुरू की गई है, जिसमें लोगों को ताजा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ विस्थापितों की हर संभव सहायता करें और विशेष रूप से उनको खाद्यान्न की कमी न होने दें। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए उनके पशुओं के चारे की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गंगा और मालन नदी के प्रवाह का जायजा लेने के बाद ग्राम वासियों का आवाहन किया कि बढ़े हुए जल स्तर के दृष्टिगत किसी भी अवस्था में पानी में न जाएं और न ही अपने मवेशियों को पानी में ले जाएं। उन्होंने राशन किट वितरण के दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनके सहयोग और उनकी सहायता के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनकी किसी भी प्रकार की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, एसडीएम सदर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का 13 सितंबर को

**बिजनौर।** सचिव अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधि क सेवा प्राधिकरण एवं माननीय उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आगामी 13 सितंबर सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय बिजनौर में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के मार्गदर्शन मे जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालय व सम्बन्धित विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्री-लिटिगेशन स्तर के दीवानी वाद, शमनीय आपराधिक वाद, वैवाहिक वाद तथा न्यायालय में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 एन. आई. एक्ट के वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना क्लेम वाद, लेबर वाद, बिजली-पानी बिल वाद, मैट्रीमोनियल वाद (तलाक वादो के अतिरिक्त), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा सम्बन्धी वाद (जिसमें पेंशन वाद भी सम्मलित है), उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय के लम्बित राजस्व वाद, व अन्य दीवानी वाद (किराया, सुखाचार अधिकार, निषेधाज्ञा सूट, विशिष्ट प्रर्दशन सूट आदि) का प्रमुखता से सुलह-समझौते के आधार पर निःशुल्क निस्तारण किया जाएगा। साथ ही। 13 सितंबर, 2025 को आर्बीट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आर्बीट्रेशन सम्बन्धी निष्पादित वादो के निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने आवाहन किया कि वादकारीगण उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर, उपरोक्त रिति से अपने-अपने वाद का निस्तारण करा, लोक अदालत का लाभ उठाये।

## राष्ट्र के प्रति समर्पण ही स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि



**बांदा।** काकोरी टेज्न एक्शन शताब्दी महोत्सव का समापन समारोह रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज सभागार में हुआ। 9 अगस्त 1925 को घटित काकोरी टेज्न एक्शन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित काकोरी टेज्न एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के

- काकोरी एक्शन शताब्दी महोत्सव, स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित

परिजनों एवं सेना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। आयुक्त अजीत कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राष्ट्र भक्ति अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्रान्तिकारियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने हमें स्वतंत्रता प्रदान की है, उनके प्रति सच्ची श्रद्धान्जलि यह होगी कि हम राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें तथा उनके जीवन आदर्श से सीख लेकर राष्ट्रहित में कार्य करें।

डीआईजी राजेश एस ने कहा कि अग्रेंजी सरकार काकोरी के क्रान्तिकारियों से इतना खौफ खा चुकी थी, कि उसने क्रान्तिकारियों को प्रदेश की अलग-अलग जेलों में बन्द कर दिया और मुकदमा चलाकर कई वर्षों की कैद की सजा सुनाई। रानी लक्ष्मीबाई एवं रानी दुर्गावती का जिक्र करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड में भी वीरता की कमी नही है, आज भी हम उनकी वीरता को याद करते हैं। पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में मंगल पाण्डेय, चन्द्रशेखर आजाद, अस्फाकउल्ला खॉ सहित अन्य क्रान्तिकारियों का अमूल्य योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में 9 अगस्त, 1925 को शाहजहांपुर से लखनऊ आ रही टेज्न को काकोरी की ऐतिहासिक घटना के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण तथा ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध देश को आजादी दिलाने में क्रान्तिकारियों के महत्वपूर्ण योगदान सहित अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं एवं उनकी स्मृति पत्रों का सचित्र वर्णन किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। आर्यकन्या इण्टर कॉलेज, डी0ए0वी0 इण्टर कॉलेज, जीआईसी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से सम्बन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे0रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कल्लू सिंह राजपूत, एमएलसी प्रतिनिधि आलोक तिवारी, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा गण्यमान लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने सुनी जन समस्याएं



**ललितपुर।** विकास खंड जखौरा की ग्राम पंचायत किसलवास में शुक्रवार को जन चैपाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, नाली व जलनिकासी व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, आवास योजना, पेंशन भुगतान, स्वास्थ्य सुविधाओं और विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसी समस्याएं रखीं। सदर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया कि जिन समस्याओं का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें प्राथमिकता है, कि अंतिम पंक्ति के खड़े व्यक्ति को समस्त योजनाओं का लाभ मिले। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि जन चैपाल संवाद कार्यक्रम जनता और शासन-प्रशासन के बीच सीधा

- विधायक ने गांव का भ्रमण कर हैंडपंप, सड़कों, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय का निरीक्षण किया
- गंभीर मुद्दों पर अधिकारियों को मौके पर दिए समाधान के निर्देश

प्राथमिकता से निपटाया जाए, जबकि अन्य मामलों के लिए निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरा संकल्प है, किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा, यही हमारी सरकार और पार्टी की संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति आती है। जन चैपाल में विधायक ने पेयजल आपूर्ति, सड़कों का पक्कीकरण और मरम्मत, नाली व जल निकासी व्यवस्था का निर्माण, आवास योजना के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, पेंषन, डॉक्टर दवाओं की उपलब्धता, विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह तत्काल समस्याओं के निराकरण करायें। जन चैपाल संवाद कार्यक्रम में प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष अनुपम चैबे, नोडल जिला स्तरीय पदाधिकारी के रूप में परियोजना निदेशक दीपक यादव, खंड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ, खंड शिक्षा अधिकारी जखौरा, पशु चिकित्सा अधिकारी जखौरा, चिकित्सा अधिकारी जखौरा सहित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत विधायक ने गांव का भ्रमण कर हैंडपंप, सड़कों, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

## रोडवेज बस पलटी, कई घायल



**धामपुर, बिजनौर।** रोडवेज बस चालक को नींद की झपकी लगने से यात्रियों से भारी रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे खाई में जाकर पलट गई। बस में सवार पांच यात्री मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को उपचार के बाद आगे रवाना किया। उत्तराखण्ड के रुपईडीया डिपो की रोडवेज बस बहराइच से 44 सवारियों को लेकर हरिद्वार जा रही थी। शुक्रवार की सुबह बस जैसे ही धामपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर राजपूताना रिपोर्ट के पास पहुंची तो चालक को नींद आ जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर कर पलट गई। बस के पलटती ही उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके से गुजर रहे अन्य राहगीरों ने बस में सवार लोगों को रेस्क्यू कर बस से बाहर निकाला और मामले की सूचना धामपुर पुलिस को दी। सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य में लग गई। पुलिस क्षेत्रधिकारी धामपुर ने बताया कि पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर सभी को बस से बाहर निकलवाया। इस सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

## जांच के बाद राहुल का बयान रहा तथ्यहीन

बांदा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को द फाउण्डेशन ऑफ द कान्स्टीट्यूशन इज द वोट, वोट हैज बीन डिस्ट्रॉयड विषय पर प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें अन्य विषयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश का भी जिक्र किया गया। जिसमें उन्होने तथ्य रखा कि दो मतदाता जिनका नाम आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी० श्रीवास्तव इपिक नं0 एफपीपी 6437040 एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह इपिक नं0 आईएनबी 2722288 हैं। इनका नाम उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। राहुल गांधी ने यह आंकड़े 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए हैं। आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 के क०सं० 877, बैंगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 के क०सं० 1265, बूथ सं0 459 के क०सं० 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के क०सं० 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं0 513 के क०सं० 926 एवं बूथ सं० 321 के क०सं० 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं० 82 के क०सं० 516 पर अंकित दिखाया गया है। 7 अगस्त को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एस०पी०श्रीवास्तव एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह के नाम को वेबसाइट पर सर्च किया गया, पाया गया कि इस तरह के तथ्य उत्तर प्रदेश के बारे में प्रस्तुत किए गये हैं वह सही नही पाए गये। राहुल गांधी का आरोप बेबुनियाद है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह का आयोजन



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने काकोरी से सम्बंधित प्रदर्शनी, रंगोली का अवलोकन कर प्रदर्शनी का भ्रमण कर छात्राओं ने बनायी रंगोली का अवलोकन किया। सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धासुमन अप्रित करते हुए वृक्षारोपण किया। काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित लघु फिल्म के माध्यम से बताया गया कि क्रान्तिकारियों द्वारा चलाए जा रहे स्वतन्त्रता के आन्दोलन

- काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी, लघु फिल्म व रंगोली बनी आकर्षण का केन्द्र
- मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित प्रषासनिक अधिकारियों ने ली सेल्फी
- नगर के प्रमुख चौराहों पर निकाली गयीं रैलियां

एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही काकोरी शहीद स्मारक लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र एवं अमर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों मौजूद रहे, जिन्होंने फीता काटकर काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बंधित चित्र को गति देने के लिये धन की तत्काल व्यवस्था की जरूरत के लिए शाहजहांपुर में हुई बैठक के दौरान राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार का खजाना लूटने की योजना बनायी थी। इस योजनानुसार दल के ही एक प्रमुख सदस्य राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को लखनऊ जिले के काकोरी रेलवे स्टेशन से छूटी आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन को चेन खींच कर रोका और क्रान्तिकारी पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में अशफाक उल्ला खां, चन्द्रशेखर आजाद व 6 अन्य सहयोगियों की सहायता से समूची लौह पथ गामिनी पर धावा बोलते हुए सरकारी खजाना लूट लिया। बाद में अंग्रेजी सत्ता उनकी पार्टी हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के कुल 40 क्रान्तिकारियों पर सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड ?, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का प्रकरण चलाया जिसमें राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां तथा ठाकुर रोशन सिंह को मृत्यु-दण्ड (फांसी की सजा) सुनायी गयी। इस प्रकरण में 16 अन्य क्रान्तिकारियों को कम से कम 4 वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम काला पानी (आजीवन कारावास) तक का दण्ड दिया गया था। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चैहान, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा रमेश कुमार, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, डीआईओएस ओपी सिंह, डीआईओ, डीएसओ उमेश मिश्रा, पर्यटक अधिकारी हेमलता, सदस्य, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद पर्यटन मित्र फिरोज डायमंड आदि उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान, राष्ट्रभक्ति का जन आंदोलन

**बांदा।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा पूरी तरह जुट गयी है। पार्टी 10 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा कार्यकत्र्ता प्रत्येक घर, दूकान, प्रतिष्ठान, कालेजों व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा झंडा फहराएंगे। शुक्रवार को जिले के सभी 16 मण्डलों में कार्यशाला आयोजित कर कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कालिंजर मण्डल की बैठक को जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जसपुरा मण्डल की बैठक को मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, अतर्रा मण्डल की बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह अभियान केवल झंडा फहराने तक ही सीमित नहीं है बल्कि राष्ट्र भक्ति का जन आंदोलन है, राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है। पार्टी कार्यकर्ता इसे घर-घर पहुंचाएँ। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान शहीद वीर जवानों, स्वतंत्रता सेनानीयों, देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिस कर्मियों के परिजनों को उनके घरों में जाकर सम्मानित करें।

इसी प्रकार स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। घरों में परिवार के छोटे बच्चों से ध्वजारोहण कराकर सोशल मीडिया में अपलोड कराएँगे। इसी प्रकार बबेरू में पूर्व जिलाध्यक्ष लवलेश सिंह, नरैनी में पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पाण्डेय, बाँदा उत्तरी की कार्यशाला में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछडा मोर्चा इंद्रपाल सिंह पटेल, महुआ मण्डल में जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा के राजेश सेन, पंकज रैकवार, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, राजर्षि शुक्ला ने कार्यशाला को सम्बोधित किया।

## राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीकः एसपी



**ललितपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम व रक्षाबंधन पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने पुलिस प्रशासन के साथ स्नेह, भाईचारे और सुरक्षा के संकल्प के साथ एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं, बहनों से राखी बंधवाई। शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बड़े स्नेह और उत्साह से तैयार की गईं राखियां एसपी, एएसपी

- महिलाओं ने पुलिस लाइन पहुंच कर एसपी को बांधी राखी

व पुलिस के जांबाज जवानों को बांधी गई। इसके साथ ही छात्राओं ने जनपद के पुलिस कर्मियों के लिए सप्रेम 1172 राखियां और आभार पत्र तैयार किये, जिन्हें डाकपत्र के बॉक्स में रखकर जनपद के पुलिस थानों और चैकियों में भेजा गया। इस अवसर पर एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। बहनों द्वारा अपने रक्षकों के रुप में पुलिस कर्मियों को राखी बांधना आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग तथा स्नेहकर्ता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित पुलिस के जवानों को भी राखी बांधकर पुलिस बल के मनोबल को और सशक्त किया तथा मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन के पावन पर्व की मिठास को साझा किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## डॉक्टर की बेटी ने रक्तदान कर महिला की बचाई जान

बांदा। डॉक्टर की बेटी ने 75 वर्षीय महिला सुनैना को रक्तदान कर जान बचाने का सराहनीय कार्य किया है। मेडिकल कालेज में भर्ती सुनैना लीवर कैंसर की मरीज हैं और उन्हे रक्त की बेहद जरूरत थी। सेवर्स ऑफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार को दीपांशु का अध्यक्ष सलमान खान के पास फोन आया कि उसकी दादी को ओ पॉजीटिव ब्लड की जरूरत है, मदद करें। दीपांशु ने बताया कि परिवार के सभी लोग रक्तदान कर चुके हैं अब परिवार में कोई भी ऐसा नही है जो रक्तदान कर सके। इसके लिए रक्तदाताओं के पास तत्काल डिमांड भेजी गई और रक्तदानी डॉ नीलम एवं डॉ प्रदीप सिंह की बेटी रूचि सिंह से संपर्क किया गया। रूचि ने तत्काल मेडिकल कालेज ब्लड बैंक पहुंचकर बीमार महिला के लिए रक्तदान किया। रूचि सिंह का यह चैथा रक्तदान है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार सुनील सक्सेना, आशिफ अंसारी मौजूद रहे।

## वन विभाग की ओर से कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**कोटद्वार।** कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के स्वागती केन्द्र कोटद्वार में कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान स्थापना दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जेम्स कार्बेट के जीवन पर आधारित कार्बेट लैगेसी फिल्म दिखाई गयी।

कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान स्थापना दिवस पर कोटद्वार वन परिसर में रह रहे क्रमचारियों के परिवार जन व आगन्तुक पर्यटकों/राहगीरों को जेम्स कार्बेट के जीवन पर आधारित कार्बेट लैगेसी फिल्म दिखाई गयी। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी पाखरो आशीष मोहन तिवारी, वन दरोगा प्रभारी स्वागती केन्द्र कोटद्वार रवीन्द्र देव, अनामिका बुक्करवा, कुसुम, कु0 प्रिया डोबरियाल, मोहन चन्द्र एंव वन परिसर के परिवारजन व आगन्तुक मौजूद रहे।

# खोजने होंगे नये रास्ते

अमरीका के साथ व्यापार में अचानक टैरिफ बैरियर का खड़ा होना भारत के लिए बेशक बड़ा झटका है। लेकिन यह समय हमारे लिए दो कदम आगे बढ़कर यह सोचने का भी है कि क्या भारत अपने 1.40 लोगों का भविष्य किसी सिरफिरे के हवाले कर सकता है? आज ट्रंप भारत के सामने चुनौतियां खड़ी कर रहा है, कल कोई दूसरा ऐसी ही परेशानी खड़ी कर सकता है। इसलिए हमे अपनी प्रगति, लोगों की खुशहाली और रोजी-रोजगार के लिए अमरीका पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अगर हम अपनी किसी भी जरूरत के लिए दूसरे देश पर निर्भर रहेंगे, तो उसके सामने समय-समय हमें अपनी संप्रभुता के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसलिए अमरीका के साथ व्यापार अड़चनों को हमें ढाल बनाकर आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ना चाहिए ताकि भारत की जो आजादी सदियों के संघर्ष के बाद मिली है, उसके साथ कोई सिरफिरा विदेशी खिलवाड़ करने की हैसियत ही न रखे। इसलिए भारत को अमरीकी टैरिफ पर शोक मनाने और बेवजह के विमर्श और कूटनीति में उलझने के बजाय भारत को अपनी 1.40 अरब की आबादी की आवश्यकताओं को संतुष्ट करने पर फोकस करना चाहिए। इससे देश में इतनी मांग बढ़ेगी की अमरीकी नुकसान की भरपाई आसानी से हो सकता है। सात अगस्त को अमेरिका




द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गये 25 फीसदी के शुल्क के प्रभावी होने के पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके भारत पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल के आयात के दंड स्वरूप 25 फीसदी का यह अतिरिक्त शुल्क (मूल्य के अनुपात में) लगाया गया। यह अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से प्रभावी होगा। कुल मिलाकर ट्रंप ने भारत को चुनौतीपूर्ण हालात में डाल दिया है। इसकी वजहों को तार्किक रूप से समझा पाना मुश्किल है। इसकी वजह यह दी गई है कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण रूस को युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। यानी अगर भारत रूसी तेल खरीद बंद कर देगा तो इससे जंग रोकने में मदद मिलेगी। फरवरी 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण की शुरूआत की थी तब अमेरिका और उसके पश्चिमी साझेदार देशों ने रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को जब्त कर लिया था और उसे अंतरराष्ट्रीय भुगतान प्रणाली से अलग करके उस पर तमाम तरह के प्रतिबंध लागू कर दिए थे। इन कदमों से रूस अप्रभावित रहा। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को पूरा समर्थन दिया, इसके बावजूद रूस पीछे नहीं हटा। इन सब बातों के बावजूद शायद अमेरिका यही मानता है कि भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का तरीका प्रभावी साबित होगा। यह कदम ट्रंप के समर्थकों को प्रसन्न करने के लिए और यह दिखाने के लिए उठाया गया है कि वे उस युद्ध को रोकने के लिए कुछ कर रहे हैं जिसे समाप्त करने का उन्होंने वादा किया था। भारत सरकार ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण करार दिया है। यह सही भी है। ट्रंप यह सोचते हैं कि वे दुनिया को अपने इशारों पर चलायेंगे। ऐसा करने की वे कोशिश भी करते हैं। लेकिन जब कुछ कर नहीं पाते हैं तब अपनी हताशा छिपाने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पीछे अमरीकी नीतियां जिम्मेदार हैं। अब अमरीका इसमें उलझ गया है, ट्रंप चौबीस घंटे में पूरी दुनिया से युद्ध समाप्त करने की बात करते थे, लेकिन आज अमरीका खुद हरेक युद्ध में पक्षकार बना हुआ है। गाजा, ईरान से लेकर यूक्रेन तक, हरेक युद्ध में अमरीका की सहभागिता है। युद्ध अमरीका युद्ध करे और उसकी कीमत भारत चुकाये, यह तो संभव नहीं है। इसलिए भारत को अब नये रास्ते तलाशने होंगे। वैसे भी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता ठीक नहीं है। व्यापार, रक्षा संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा आदि का विविधीकरण करना होगा। जहां तक आर्थिक प्रगति की बात है, तो इसके लिए निर्यात पर निर्भरता के बजाय आत्म निर्भर भारत की दिशा में बढ़कर हम सतत् विकास सुनिश्चित कर सकते हैं।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

# होम स्टे: पहाड़ों की बर्बादी का शोकगीत

मनोज वार्ष्णेय

विमर्श

> प्रश्न यह है कि आखिर प्रकृति और पर्यटन बचें कैसे? इसके उत्तर में विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को अपने मानकों पर सख्ती से काम करना होगा और होम स्टे के नाम पर बन रहे होटलों जैसे घरों के मालिकों को यह स्पष्ट करना होगा कि वह स्थानीय संस्कृति और सुविधाओं में ही रहें न कि शहरीकरण से पहाड़ों को नुकसान पहुंचाएं।




उत्तराखंड का चाहे विस्तारित हो चुका शहर नैनीताल हो या फिर मैदानी गर्मी जैसा तपता देहरादून। हर जगह होम स्टे की क्रांति आयी हुई है, सिर्फ शहर ही नहीं उत्तराखंड के छोटे छोटे गांव भी होम स्टे क्रांति की चपेट में हैं। उत्तराखंड ही क्यों, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और जयपुर जैसे शहरों में भी होम स्टे की बीमारी तेजी से फैल चुकी है। हालात ये हैं कि जिस स्टैंडर्ड का होटल दो हजार में मिलता है, उसी स्टैंडर्ड का होम स्टे भी दो हजार का ही मिल रहा है। उस पर तुर्रा यह कि होटल तो होटल जैसा फील होता है मगर होम स्टे में जाकर होटल से भी अधिक सुविधाएं मिल जाती हैं। यह सब पिछले सात-आठ सालों में आयी होम स्टे क्रांति का नतीजा है। इस क्रांति ने शहरों को भले ही नुकसान नहीं पहुंचाया हो लेकिन पहाड़ों के लिए यह बहुत खतरनाक बन चुकी है। इस होम स्टे क्रांति के दुष्परिणाम क्या हो रहे हैं, यह हाल में गंगोत्री के मार्ग के तीन खूबसूरत गांवों की बरबादी से देखा जा सकता है।

उत्तराखंड के गांवों से प्रतिभा पलायन के साथ ही गांववासियों के शहर की ओर रुख करने से वीरान हो रहे गांवों को बचाने के लिए सरकार ने वर्ष 2018 में होम स्टे योजना आरंभ की थी। सोच यह थी कि इससे पर्यटक गांवों का रुख करेंगे, इससे जो पहाड़वासी रोजगार की कमी के कारण शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की ओर आकर्षित होंगे। होम स्टे के लिए एक सोच यह भी थी कि इससे स्थानीय उत्पादों को भी नया जीवन मिलेगा। जो पर्यटक यहां आएंगे वह यहां की संस्कृति, खानपान, रहन-सहन, संस्कारों आदि से परिचित होंगे। सबसे बड़ी सोच यह थी कि यहां के पारंपरिक घरों को इसके जरिये खंडहर से बचाया जा सकता है। इसलिए सरकार ने होम स्टे के लिए अनुदान के साथ ही तमाम सुविधाएं भी दीं। इसमें अनुदान तथा सब्सिडी भी शामिल थी। संभावना यह थी कि सरकारी मदद से विरासती घर बच पाएंगे। होम स्टे योजना अच्छी थी, मगर इससे पहाड़ों से हो रहा पलायन तो रुका नहीं, हां यह जरूर हुआ कि होम स्टे की इतनी बाढ़ आ गई कि उसमें यहां की संस्कृति, संस्कार, परंपराएं, खानपान तथा मकान आदि सभी धूमिल होने लगे। आज हालत यह है कि अकेले उत्तराखंड में अनुमानित पांच हजार से अधिक होम स्टे हैं और यह यहां के बड़े शहरों में ही नहीं है बल्कि उन कस्बों-गांवों में भी हैं, जहां पर जाना आज भी मुश्किल है। जो होम स्टे बन रहे हैं, वह तीन सितारा स्तर की सुविधाएं तक दे रहे हैं। इनमें एसी से लेकर गीजर, हीटर, चार बर्नर के गैस स्टोव, शानदार रूम के साथ ही वाहन खड़े करने के लिए स्पेशल पार्किंग तक की सुविधाएं हैं। ये सब सुविधाएं, बेदर्दी से काटे जा रहे वृक्षों से खाली हुए स्थान पर बन रहे होम स्टे में मिल जाएंगी। इतना ही नहीं जहां पर अनुमति मिल रही है, वहां पर गंगा या उसकी सहायक नदियों के तट को छूती भूमि में भी होम स्टे कतारों में खड़े प्रकृति को मुंह चिढ़ाते नजर आते हैं। नाराज प्रकृति, इसका बदला धराली, केदारनाथ, यमुनोत्री, नैनीताल, अल्मोड़ा, बद्रीनाथ मार्ग आदि में लेती है और सामने आती है बर्बादी।

होम स्टे भले नाम से बहुत अच्छे लगते हों पर इनकी बाढ़ या क्रांति कुछ भी कह लें, पहाड़ों की समस्याओं को सौ प्रतिशत बढ़ा दिया है। रिवर्स पलायन के उदाहरण दो प्रतिशत भी नहीं हैं जबकि होम स्टे से हो रही समस्याएं कितनी हैं, उन्हें ऐसे समझा जा सकता है कि सरकार ने होम स्टे के लिए कुछ नियम बनाए थे, पर ये नियम कहीं पर भी पालन होते नजर नहीं आते। जहां पर बिजली है, वहां पर हीटर तथा गीजर जरूर हैं। कचरा निस्तारण के नाम पर उसे सड़क के किनारे फेंका जा रहा है या फिर इसे नदियों में आसानी से बहा दिया जाता है। कई होम स्टे तो ऐसे हैं जिनके पीछे जंगल है और ये अपना कचरा सीधे इसी जंगल में निस्तारित कर देते हैं। प्रदूषण की हालत यह है कि जगह-जगह पर्यटकों द्वारा फेंकी गई बोतलें-प्लास्टिक पॉलीथिन जलाई जाती नजर आती हैं। नदियों के किनारों पर बने होम स्टे या होटल जो बोतल मिक्स कचरा यहां वहां फेंक देते हैं, वह हल्के से पानी के बहाव में नदी में अवरोध पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पानी का मार्ग रूकने पर क्या हो सकता है, यह सभी देख रहे हैं।

होम स्टे में मिलने वाले भोजन में स्थानीय व्यंजन कम पनीर या मैगी अधिक होते हैं। लोकल फूड के नाम पर एक दो आइटम को छोड़कर यहां पर शीतल पेय, चिप्स, कुरकुरे या फिर उस जैसी शहरी वस्तुएं प्राथमिकता में हैं। इसका सीधा सा कारण है कि यह रेडी टू ईट हैं जबकि स्थानीय फूड के लिए पहले जंगल या खेत में जाना होता है और उसमें काफी समय लगता है, जो होम स्टे कम होटल में रूके पर्यटकों को पसंद नहीं होता। होम स्टे क्या नुकसान कर रहे हैं, यह एक उदाहरण से समझा जा सकता है। ओम पर्वत-आदि कैलाश यात्रा में जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं गए थे, तब तक वहां पर जाना बहुत मुश्किल था पर अब हालत यह है कि आदि कैलाश तक इतनी बेहतरीन सड़क बन गई है कि उस पर गाड़ियां फर्राटा भरती हैं। ओम पर्वत की स्थिति तो यह है कि इससे महज पचास मीटर नीचे धुंआ फैलाती डीजल की गाड़ियां खड़ी होती हैं और तमाम ऐसे रेस्टोरेंट बन गए हैं, जो वहां पर भी गर्मी का अहसास करवा देते हैं। रही सही कसर रास्ते में खतरनाक स्थानों पर बने होम स्टे पूरी कर देते हैं। होम स्टे से प्रकृति को जो नुकसान हो रहा है, वह हाल में धराली या मुखवा में हुए बिध्वंस ने दिखा ही दिया है। रही बात पर्यटन की तो यह भी नकारात्मकता की ओर है। पर्यटक इस उम्मीद में कि यहां पर होम स्टे में स्थानीयता का आनंद मिल जाएगा आते हैं और जब उन्हें उम्मीद से कम सुविधाएं या दूसरे लाभ मिलते हैं, तो वह सोशल मीडिया के साथ ही माउथ पब्लिसिटी में भी नकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं।

इसके साथ ही मई-जून की छुट्टियां हों या फिर अन्य त्योहार, जब इन पर भीड़ उमड़ती है तो सुविधाएं छोड़िए खाने के भी लाले पड़ जाते हैं और यदि प्राकृतिक आपदा आ गई, तो उसका वर्णन पर्यटक इस तरह से करता है जैसे वह मौत के मुंह में से निकलकर आया है। यहां यह ध्यान नहीं रहता कि जो भगदड़ या गंदगी हो रही है, उसके लिए आधे पर्यटक भी जिम्मेदार हैं। प्रश्न यह है कि आखिर प्रकृति और पर्यटन बचें कैसे? इसके उत्तर में विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को अपने मानकों पर सख्ती से काम करना होगा और होम स्टे के नाम पर बन रहे होटलों जैसे घरों के मालिकों को यह स्पष्ट करना होगा कि वह स्थानीय संस्कृति और सुविधाओं में ही रहें न कि शहरीकरण से पहाड़ों को नुकसान पहुंचाएं। हां, आने वाले टूरिस्टों के लिए प्रतिबंध लागू हों, इस पर भी कड़ाई बरतनी होगी। जब तक सरकार और स्थानीय निवासी मिलकर कोई काम नहीं करेंगे, तब तक धराली या केदारनाथ जैसी घटनाओं को रोक पाना मुश्किल होगा।

### सोशल मीडिया



राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई, हमने द्वि-पक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की। इस साल के अंत में भारत में पुतिन की मेजबानी करने को उत्सुक हूं। पीएम मोदी.

# ऋषियों की तपस्या

अंतर्दृष्टि

वनों, पहाड़ों एवं प्रकृति का सौंदर्य ऋषियों को हमेशा आकर्षित करती रही है। प्रकृति का शांत वातावरण प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# हमारी सांस्कृतिक चेतना का जीवंत पर्व

धीरज बसाक



रक्षा बंधन पर विशेष

भारत विविधता में एकता का देश है, जहां उत्सव न केवल धार्मिक भावना से जुड़ा होता है बल्कि वह सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों का संवाहक भी होता है। रक्षाबंधन ऐसा ही पर्व है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। परंतु इसकी रेंज या परिधि सिर्फ निजी भावनाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये भारतीय परंपरा, जीवन दर्शन और सामाजिक संरचना से भी बहुत गहरे स्तर पर जुड़ा हुआ है। जहां तक रक्षाबंधन पर्व के पौराणिक प्रसंग का सवाल है, तो पुराणों में इस पर्व की कई कथाएं प्रचलित हैं, जो इसके धार्मिक के साथ साथ सांस्कृतिक महत्व को भी रेखांकित करती हैं। एक मशहूर कथा यह है कि जब देव दानव युद्ध में देवता पराजित हो रहे थे, तब देवराज इंद्र की पत्नी इंद्राणी ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधा था, जिस कारण देवता, दानवों के साथ युद्ध में विजयी हुए थे। बाद में यह रक्षा सूत्र, रक्षा का प्रतीक बन गया। एक अन्य कथा के मुताबिक जब भगवान श्रीकृष्ण की शिशुपाल वध के समय अंगुली कट गई थी, तब द्रोपदी ने तुरंत अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया था। श्रीकृष्ण ने द्रोपदी द्वारा उनकी अंगुली में बांधे गये इस टुकड़े का ऋण आजीवन अदा किया, खासकर तब जब चीरहरण के समय उन्होंने कुरु सभा में द्रोपदी की लाज बचायी। ये प्रसंग बताते हैं कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसके व्यापक आयाम हमारे सारे पवित्र रिश्तों से जुड़ते हैं। वास्तव में ये संकट में रक्षा की भावना से जुड़ा पर्व है। इस पर्व का अपना एक वृहद धार्मिक महत्व भी है। रक्षाबंधन सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह तिथि वैदिकाल से ही बहुत शुभ मानी जाती रही है। इस दिन यज्ञ, पूजा, दान आदि धार्मिक कार्यों का विशेष महत्व होता है। इस दिन पुरोहित अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांधते हैं और उनकी कुशलता की कामना करते हैं। इस तरह यह एक सामूहिक, धार्मिक, अनुशासन का रूप भी है, जिसमें व्यक्तित्व और सामाजिक रक्षा का संकल्प समाहित है। दरअसल भारतीय संस्कृति में परिवार महज एक ईकाई मात्र नहीं है बल्कि यह बहुमूल्य जीवन संरचना है। भाई-बहन का रिश्ता इस संरचना की आत्मा है। रक्षाबंधन वास्तव में उस आत्मीयता का उत्सव है, जो आत्मीयता भाई और बहन के बीच भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को प्रकट करती है।

यह पर्व एक ऐसा अवसर होता है, जब बहनें अपनी ससुराल से मायके आती हैं। भाई उनका स्वागत करते हैं, उन्हें उपहार देते हैं और जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह पर्व न केवल हमारे आत्मीय संबंधों को मजबूत बनाता है बल्कि भारत की संयुक्त पारिवारिक व्यवस्था और स्त्री सम्मान की अवधारणाओं को जीवंत बनाये रखता है। रक्षाबंधन वह सांस्कृतिक पर्व है, जिसमें हमारे सभी जीवन मूल्य मसलन कर्तव्य, समर्पण, निःस्वार्थ प्रेम, विश्वास और रक्षा के भाव निहित होते हैं। इस दिन भाई, बहन की रक्षा का संकल्प लेता है और बहन अपने प्रेम, विश्वास व आशीर्वाद से उसका मार्ग प्रशस्त करती है। यह कर्तव्य और उत्तरदायित्व का भी पर्व है। यह पर्व वास्तव में एक नैतिक अनुबंध की तरह है, जहां बिना किसी कानूनी बाध्यता के प्रेम और कर्तव्य का बंधन होता है। रक्षाबंधन का त्योहार त्याग और समर्पण का भी प्रतीक है। रक्षाबंधन का धागा रिश्तों का इंद्रधनुष है। इसका हमारे वास्तविक जीवन



में होना जिंदगी को खुशनुमा बनाता है। लेकिन अगर आज के संदर्भ में रक्षाबंधन का महत्व देखें तो यह बहनों की शक्ति और आत्मनिर्भरता को सम्मानित करता है। यही कारण है कि कई भाई-बहन आपस में एक दूसरे को भी रक्षा सूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन के पर्व का हमारी जातीय स्मृतियों और इतिहास से भी गहरा रिश्ता है। यह सामूहिक सुरक्षा और सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक है। भारतीय स्वत्रंतता संग्राम में कवि गुरु रविंद्रनाथ ठाकुर बंग-भंग के विरोध में रक्षाबंधन को हिंदू, मुस्लिम एकता का प्रतीक बनाकर जनजागरण का माध्यम बनाया था। यह त्योहार हमें सिखाता है कि समाज के प्रत्येक सदस्य की रक्षा का हम सभी का दायित्व है यानी हम सब मिलकर एक दूसरे की रक्षा और सुरक्षा का जिम्मा संभालें। शायद यही कारण है कि आज भी कई जगहों पर विशेषकर बोर्डर एरिया में महिलाएं, वहां तैनात फौजियों को राखी बांधती हैं। तो यह एक भावनात्मक डोर होती है, जिससे वे सामजिक कर्तव्य को बांधती हैं।

रक्षाबंधन जितना प्राचीन पर्व है, उतना ही आधुनिक भी है। रक्षाबंधन के हमारी आधुनिक जीवनशैली और बदलती पारिवारिक संरचना के बीच भी अगर प्रासंगिकता बची हुई है, तो समझा जा सकता है कि इस पर्व की मानवीय ऊष्मा कितनी गर्मजोशी से भरी हुई है। आज जब आधुनिक परिवार सिकुड़कर बहुत छोटे हो गये हैं, जब डिजिटल दुनिया में मानवीय रिश्तों की नई संभावनाएं तलाशी जा रही हैं, तब यह पर्व नये सिरे से प्रासंगिक होकर लोगों को एक दूसरे के पास लाता है। प्रेम और सामजिक रिश्ते को मजबूत करता है और संवेदनाओं को नये आयाम तक पहुंचाता है। रक्षाबंधन अब केवल भाईयों की बहनों के प्रति रक्षा तक ही नहीं सीमित बल्कि यह परस्पर संरक्षण का पर्व भी बन गया है। भाई भी अब बहन से मानसिक सहारा पाते हैं और बहनें भी भाईयों के लिए ताकतवर विश्वास की मजबूत कड़ी बनती हैं। इसलिए रक्षाबंधन का त्योहार पारंपरिक त्योहार भर नहीं है बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भाई-बहन के संबंधों को तो सुदृढ़ करता ही है, हमारी पारिवारिक मूल्यों, समाज और राष्ट्र के प्रति भी हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। क्योंकि यह भारतीय जीवनमूल्यों का सार है।

# बहनें, बहनों को भी बांध रहीं राखी

नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगीभरी बयार सबको सुखद लग रही है और ऐसा हो भी क्यों न। आइये इस नई शुरूआत के कुछ बेहद सकारात्मक पहलुओं पर नजर डालें।

**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलोदिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाय बहन भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। मगर यह 2025 है। भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं'। चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक दूसरे की ढाल भी बन रही हैं।

**परंपरा के संवेदना की नई ऊर्जा:** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंडभर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। एक बात यह भी समझ लीजिए कि राखी अब केवल भोथरी रक्षा का ही सिंबल नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश है।

## आप की बात

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। अब सौर ऊर्जा क्रांति तेजी से आगे बढ़ रही है।

**अमित कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### योजनाओं की हकीकत

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

# अयोध्या में दिखेंगे दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञ

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या के ऐतिहासिक कुंडो का जीर्णोद्धार करा रही है। बदहाल रहे अब तक कई कुंडो का स्वरुप बदल चुका है। इसी क्रम में टेढ़ीबाजार स्थित वृहस्पति कुंड का सौंदर्य करण कराया जा रहा है। यह कुंड दक्षिण भारत के पर्यटको को भी खूब भायेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां पर दक्षिण भारत अंजाम दिया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 4.49 करोड़ रुपये है। अयोध्या संरक्षण विकास समिति इस परियोजना की मॉनिटरिंग कर रही है, ताकि कुंड को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भव्य और पर्यटन के लिए आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जा सके।वृहस्पति कुंड अयोध्या के 108 प्राचीन कुंडों में से एक है, जिनका उल्लेख वेदों, पुराणों और उपनिषदों में मिलता है। यह कुंड धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि

- जीर्णोद्धार हो रहे वृहस्पति कुंड से पर्यटन को लगेंगे पंख, कुंड को मिलेगा आध्यात्मिक और भव्य स्वरूप
- कार्यदायी संस्था है राजकीय निर्माण निगम, 4.49 करोड़ रुपये है परियोजना की लागत

के तीन महान व भक्ति गीतों के दिवंगत संगीतकारों की मूर्तियां सुशोभित की जाएंगी। तकरीबन 4.49 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे इस कुंड को महीने डेढ़ महीने में पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। श्रीराम की पावन नगरी एक बार फिर अपनी प्राचीन और आध्यात्मिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या के टेढ़ी बाजार के समीप स्थित वृहस्पति कुंड का जीर्णोद्धार कार्य तेजी से चल रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान राम और उनके भाइयों ने इन कुंडों में स्नान और अन्य धार्मिक कार्य किए थे। लंबे समय तक उपेक्षा का शिकार रहे इन कुंडों को योगी सरकार ने अपने सौंदर्यीकरण और संरक्षण के एजेंडे में शामिल किया है। वृहस्पति कुंड का जीर्णोद्धार न केवल इसकी प्राचीन गरिमा को बहाल करेगा, बल्कि इसे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण के रूप में भी स्थापित करेगा।इस परियोजना के तहत कुंड के आसपास के क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित



किया जा रहा है।इसमें पक्के घाटों का निर्माण, स्वच्छ जल की व्यवस्था, और पर्यटकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था शामिल है। कुंड के आसपास हरियाली और लैंडस्केपिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे यह स्थल पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक बने। टॉयलेट ब्लॉक, सिक्योरिटी केबिन, सेपटीक टैंक, आर्क, सीसी रोड चाहरदिवारी व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है, जबकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग व आरसीसी रिटेनिंग वाल का कार्य पूरा हो चुका है।अयोध्या का संगीतकारों से नाता जुड़ता ही जा रहा है। हाल ही में सरकार ने सुप्रसिद्ध गायिका लता मंगेशकर की भारी भरकम वीणा नया घाट चैराहे पर लगवाकर उन्हें नमन किया है। ठीक इसी तरीके अब तीन सांगितज्ञ की मूर्तियां लगने जा रहीं हैं। इनमें दक्षिण भारत के भक्ति गीतों के महान संगीतकारों त्यागराज स्वामीगल (1767-1847), पुरंदर दास (1484-1564) व अरुणाचल कवि (1711-1779) की मूर्तियां आनी प्रस्तावित है, जिनकी स्थापना के लिए 3 फाउन्डेशनों का कार्य पूर्ण हो चुका है। मूर्तियों का 10 दिन में परियोजना पर आना प्रस्तावित है। मूल परियोजना में उक्त फाउन्डेशनों का कार्य सम्मिलित नही था, लेकिन कमिश्नर के मौखिक निर्देशों के कम में उक्त फाउन्डेशनों का कार्य कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा अतिरिक्त रूप से कराया जा चुका है।

राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रविंद्र यादव ने बताया की परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है। दो वर्ष पहले कार्य शुरू हुआ था। वृहस्पति कुंड के जीर्णोद्धार से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या में पहले ही सूर्य कुंड और भरत कुंड जैसे स्थलों का जीर्णोद्धार हो चुका है, जो अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं।

संक्षेप

## अंडरपास निर्माण व सड़क चौड़ीकरण की मांग

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर अयोध्या में सड़कों और रिंग रोड से जुड़ी प्रमुख समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने नाका बाईपास से रिंग रोड तक सड़क चैड़ीकरण की मांग करते हुए इस संबंध में पत्र सौंपा। साथ ही, अयोध्या रिंग रोड पर आवश्यक अंडरपास निर्माण को लेकर भी विस्तृत सुझाव दिए।पूर्व सांसद ने बताया कि मसौधा ब्लॉक के सरियावां क्षेत्र से गुजर रही रिंग रोड के कारण गोपालपुर और रानीबाजार मार्ग के सात गांवों का संपर्क कटने की आशंका है। ऐसे में इन क्षेत्रों में अंडरपास बनाना आवश्यक है ताकि स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। उन्होंने जलालाबाद-हूसेपुर संपर्क मार्ग पर ओवरब्रिज अथवा अंडरपास और तिवारी का पुरवा व तुलसी तारा ददेरा के बीच अंडरपास निर्माण की जरूरत पर भी जोर दिया। शहर के नाका क्षेत्र में दिशा कोचिंग के सामने -जोगीतारा कालोनी स्मार्ट फुट किया। जनसुविधा को लेकर गंभीर चुनौतियां सामने आ रही हैं।

## यूरिया की उपलब्धता और कालाबाजारी रोकने के लिए कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** निजी क्षेत्रों व सरकारी क्षेत्र में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व कालाबाजारी पर पैनी नजर रख किसानों तक यूरिया खाद को सुचारू रूप से पहुंचाने की मांग को लेकर काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के किसानों को लम्बी-लम्बी लाइनों में लगने के उपरान्त भी खाद नही मिल पा रही है। जिसके कारण धान की फसल प्रभावित होने की प्रबल सम्भावना है। इस वर्ष जनपद में मोटे धान की अधिक मात्रा में रोपाई होने के कारण यूरिया खाद की पिछले वर्ष की तुलना में अधिक मांग हो रही है। जिला कृषि विभाग को पहले से ही इस बात की जानकारी थी परन्तु उन्होने इस पर अत्यन्त उदासीन रवैय्या अपनाया जिसकी वजह से किसान दर-दर की ठोकरे खा रहा है। नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि यदि जल्द से जल्द यूरिया खाद की व्यवस्था जनपद के अन्दर न होने पर कांग्रेसी धरने पर बैठने के लिये विवश होगे। ज्ञापन देने वालो मे अजीत वर्मा, अनुराग यादव, अखिलेश कुमार, सुरेन्द्र नाथ मिश्रा, आर0के0 यादव, राकेश तिवारी, रमन द्विवेदी, आर0डी0 राव, विजय पाल, विरेन्द्र यादव, मो0 इजहार, अरविन्द वर्मा, देवेन्द्र सिंह मोनू, अजय रावत, राम हरख रावत, गोपी, कनौजिया, आनन्द गौतम, अकील इदरीसी, मो0 सद्दाम, सौरभ पाण्डेय, नेकचन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

## जिला शांति समिति की बैठक 11 को

**बहराइच ।** नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीगणेश चतुर्थी पूजा व चेहल्लुम त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 11 अगस्त 2025 को मध्यान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**अयोध्या।** न्यू वेव एकेडमी स्कूल के कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, समूह गीत, लघु नाटक (स्किट) तथा शिव तांडव की अद्भुत प्रस्तुति दी जिसमें सावन माह की महत्ता को भी शानदार तरीके से मंचित किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने भाई-बहन के पवित्र बंधन और इस रिश्ते की गहराई को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। विद्यालय के निदेशक अमित रस्तोगी ने विद्यार्थियों और स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हर उत्सव और हर पल का आनंद लेना उतना ही आवश्यक है जितना अपने कर्तव्यों का पालन करना। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनामिका रस्तोगी भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं और पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं मार्गदर्शन सुनिश्चित किया।

## बारिश ने बढ़ाई मुसीबत, जन जीवन अस्त व्यस्त

सोहावल-अयोध्या। वृहस्पतिवार की रात हुई तेज बरसात से तहसील अधिवक्ता परिसर हो या गांव की गलियां सब पानी से जलमग्न हो गया। सबसे बुरा हाल शिक्षण संस्थानों का देखने को मिला। जिनके परिसर पानी से भर गए प्रबंधको को मजबूरन रेनी डे घोषित करना पड़ा। लहरापुर, देवराकोट जैसे दर्जनों प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चारों ओर पानी भर जाने से इन्हें बंद करना पड़ा इनकी पठन पाठन व्यवस्था चरमरा गयी।

नगर पंचायत खिरौनी से जुड़े कई ग्राम पंचायत में जल भराव की समस्या सामने आई है।

साल्हेपुर निमैचा से रेलवे फाटक तक बनने वाले नाले के निर्माण में हुई गड़बड़ी से ऊंचाई अधिक होने के कारण तहसील परिसर का पानी बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया। अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताते हुए उप जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज



कराई। एन एच ए आई द्वारा हाइवे 27 सोहावल चैराहा से रौनाही पड़ाव के बीच बनाये गए नाले की सफाई न होने से सब वे पर लगभग 800 मीटर मे लगभग 3 फिट पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ। टोल प्लाजा के निकट हाइवे पार एक तरफ पेंड़ गिर जाने से घंटा भर यातायात ठप रहा बड़ी मसक्कत के बाद रौनाही पुलिस ने मार्ग साफ कराया। तराई के क्षेत्र सीवार, रामनगर, धौराहरा, कलाफरपुर, मगलसी, रौनाही, निदूरा आदि में बाढ़ और जल भराव से आवागमन के रास्ते बंद होने से पशुओं के हरे चारे की समस्या ने किसानों के लिये मुसीबत खड़ी कर दी है।

## सीएचसी बीकापुर ने रचा इतिहास, एक ही दिन में हुए सात सीजर

**अयोध्या।** बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने शुक्रवार को एक नया कीर्तिमान हासिल किया। सी एम ओ डॉ 0 सुशील कुमार बानियान के दिशा निर्देशन व अधीक्षक डॉ0 अंशुमान यादव की देखरेख में सात महिलाओं के शल्य प्रसव कराए गए।

सी एम ओ डॉ सुशील कुमार बानियान ने बताया कि यह कीर्तिमान डॉक्टर्स और अन्य कर्मियों के कड़े प्रयास से हासिल हुआ। उन्होंने बताया कि डॉ0 फातिमा और डॉ0 गुंजन यादव, जबकि निश्चेतक डॉ0 अभिषेक सिंह ने महिलाओं का गहन परीक्षण कर सीजर प्रक्रिया को अंजाम दिया।

इस दौरान पाँच मेल और दो फीमेल बच्चों ने जन्म लिया। उन्होंने बताया कि प्रसूता और नवजात को गहन चिकित्सकीय निरीक्षण में रखा गया है।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बाराबंकी।** डीआरडीए सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समारोह 2025 कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित शुभारंभ किया गया। तथा शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत संस्कृति विभाग के कलाकारों ने काकोरी ट्रेन ऐक्शन से जुड़े क्रांतिकारियों की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किये। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## एसपी को छात्राओं ने राखी बांधकर मनाया रक्षा बंधन



**बहराइच।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) व अन्य पुलिस कर्मियों ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर, दीघार्यु की कामना करते हुए मिठाई खिलाई। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय ने छात्राओं को पावन पर्व की हार्दिक बधाइयां देते हुये उनके उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी और उन्हें सुरक्षा एवं शांति का विश्वास दिलाया। साथ ही महोदय ने बताया कि बहराइच पुलिस हमेशा महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने छात्राओं और पुलिस के बीच एक मधुर संवाद और विश्वास निर्मित किया। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के शिक्षकगण और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे

# महिला से झपटमारी करने की घटना का पर्दाफाश

जिला संवाददाता

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच महोदय के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री दद्दन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना को0 देहात व थाना रामगाँव में महिला

- तीन अभियुक्त गिरफ्तार और नगदी, मोबाइल मोटर साइकिल बरामद

से झपटमारी करने की घटना का सफल अनावरण कर 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार किया। दिनांक 05.08.2025 को थाना को0 देहात क्षेत्र में गोलवाघाट के आगे नानपारा रोड पर एक ई-रिक्शा पर सवार महिला से मोटर साइकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा महिला का पर्स झपट्टा मार कर छीन कर भाग गये थे उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में वादिनी सना परवीन पुत्री समीउल्ला निवासी चाँदपुरा थाना को0 नगर जनपद बहराइच की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0- 310/2025 धारा-304(2) इ.ठ.र. बनाम अज्ञात थाना को0 देहात में पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में आज दिनाँक 08.08.2025 को उ0नि0 अजय सिंह मय हमराह पुलिस उक्त अभियोग के अभियुक्तों की तलाश में पुलिस चेक पोस्ट त्रिमुहानी घाट तिराहे में मौजूद थे तभी नानपारा की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्ति आते दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल को रोककर भागने का प्रयास किये किन्तु उनका संतुलन बिगड़ जाने के कारण सड़क पर ही गिर गये।

जिन्हें तुरंत पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया तथा पुछताछ करने पर तीनों व्यक्तियों ने अपना नाम 1. उत्सव यादव उर्फ चुन्नी पुत्र मंशाराम यादव, 2. रिजवान उर्फ रियाज पुत्र साबिर अली, 3. सलमान पुत्र अकबर अली बताये तथा जब कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि 05.08.2025 को हम तीनों मिलकर मरी माता मन्दिर के पास ई-रिक्शा से जा रही एक महिला का पर्स छीन लिये थे पर्स में 1500 रुपये थे जिसको हम तीनों ने बराबर-बराबर बांट लिया था व 01 मोबाइल ओप्पो कम्पनी उत्सव यादव अपने पास रख लिया पूछताछ में



उत्सव यादव ने यह भी बताया कि दिनाँक 22.07.2025 को मैं तथा मेरे साथी अरमान उर्फ नाचे हाइवे चौकी से करीब 02 किमी0 आगे ई-रिक्शा से जा रही एक महिला का पर्स झपट्टा मारकर लेकर भाग गये थे जिसमें 18000 रुपये व सैमसंग कम्पनी का एक मोबाइल मिला था मोबाइल तथा पर्स एक नहर में फेंक दिये थे व पर्स में मिले 18000 रुपये मैंने व मेरे साथी नाचे ने बराबर-बराबर बांट लिया था उत्सव ने बताया कि जो मेरे पास 9000 रुपये हैं थाना रामगांव में महिला से छीना था वही पैसा है। इस सम्बन्ध में वादिनी मरजीना बेगम पत्नी मोहम्मद साजिद द्वारा थाना रामगांव में मु0अ0सं0 257/2025 धारा 304(2) बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था।

थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अभियुक्तों से पूछताछ व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 310/2025 धारा 304(2) बीएनएस में धारा 317(2), 317(4) की बढोत्तरी करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निदेशों का पालन करते हुए बरामद माल के साथ माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया जा रहा है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिक्षण संस्थाओं में कई कार्यक्रम आयोजित



**बहराइच ।** प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त तक 03 चरणों में हर घर तिरंगा अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के प्रथम चरण अन्तर्गत जनपद के स्कूलों, शिक्षण संस्थाओं में तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला व प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में श्री शंकर इंटर कॉलेज नानपारा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को भारत देश की आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा वितरित करते हुए पूरे सम्मान के साथ अपने-अपने आवास पर फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तिरंगा ध्वज पाकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कालेज की शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर एक साथ राष्ट्रगान भी गया। कार्यक्रम के दौरान 13 से 15 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाने का संकल्प भी लिया गया। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बभनी रिसिया, बहराइच में आज हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा विभिन्न राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत व मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। छात्राओं द्वारा तिरंगा गोष्ठी, छात्राओं की श्रृंखला में तिरंगा आकृति, तिरंगा राखी, मेंहदी प्रतियोगिता व राखी प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं द्वारा आपस में राखी का बंधन त्यौहार मिल-जुलकर हँसी-खुशी मनाने का संदेश दिया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में जूनियर सदन व सीनियर सदन का गठन किया गया, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई सदन से कु. कामना प्रथम रहीं तथा सरोजनी नायडू सदन की कु. सावनी ने द्वितीय स्थान तथा सीनियर सदन में प्रथम स्थान पर कु. कल्पना ने अपना परचम लहराया तथा रानी अवन्ती बाई सदन की कु. सबा द्वारा द्वितीय स्थान हासिल किया गया।

इसी क्रम में राखी प्रतियोगिता में भी दो सदन बनाये गये प्रत्येक सदन 12-12 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जूनियर सदन के रानी अवन्ती बाई ग्रुप की कु. उर्मिला प्रथम, कु. निशा ने द्वितीय स्थान हासिल किया तथा रानी लक्ष्मीबाई सदन की कु. योग्यता ने तृतीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय में चल रहे राखी प्रतियोगिता आयोजन में सीनियर सदन की छात्राओं द्वारा अत्यन्त मनमोहक हैण्डमेड राखियां बनायी गयीं। रानी अवन्ती बाई ग्रुप की छात्रा कु. सुधा रावअनामिका गौतम द्वितीय स्थान पर तथा कु. ब्यूटी वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया, इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-गण उपस्थित रहे।

## गाजे - बाजे के साथ निकाली गयी रक्षाबंधन की विशाल भव्य शोभायात्रा




गोसाईगंज-अयोध्या। श्रृंगी ऋषि आश्रम पर आयोजित रामलला रक्षाबंधन कार्यक्रम के अंतिम दिन भी भक्ति और आस्था का अद्भुद संगम रहा।इस अवसर पर सत्यनारायण भगवान की कथा हुई। बाबा श्रृंगी ऋषि और माता शांता का विधिवत पूजन अर्चन किया गया और भव्य सरयू आरती की गई।इसके पश्चात गाजे बाजे के साथ रक्षाबंधन की विशाल भव्य शोभायात्रा टोकरी में फल,मेवा,मिष्ठान,पकवान के साथ थाल में सजाकर रक्षासूत्र लेकर निकाली गई और सैकड़ो वाहनों के साथ राम मंदिर अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।शोभायात्रा पर श्रद्धालुओ ने जगह जगह पुष्पवर्षा व आरती उतारी।यात्रा का नेतृत्व कार्यक्रम के संयोजक सुभाष सिंह,उदयभान गुप्ता कर रहे थे।सुभाष सिंह ने बताया कि पौराणिक शास्त्रों के मुताबिक पुत्रेष्टि यज्ञ के मूर्धन्य आचार्य श्रृंगी ऋषि का विवाह चक्रवर्ती नरेश महाराज दशरथ की पुत्री शांता के साथ हुई थी।परम्परानुसार रक्षाबंधन के पर्व पर बहन अपने भाई को राखी भेजती है।इसलिए माता शांता की ससुराल शेरवा घाट सुजानपुर से प्रभु श्रीराम व उनके सभी अनुजो के लिए प्रतिवर्ष भव्य शोभायात्रा के साथ रक्षाबंधन भेजी जाती है।प्रभु श्रीरामलला का भव्य मंदिर बन जाने के बाद कार्यक्रम को और भी भव्यता दी जा रही है।शोभायात्रा के साथ सभी श्रद्धालु कारसेवकपुरम पहुंचकर श्रीरामजन्म भूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय को रक्षासूत्र सौंपी जाएगी।यात्रा में महंत हेमंतदास,बाबा जयमंगलदास,पुजारी महेंद्र गोस्वामी,ध्रुव गुप्ता,जितेंद्र सिंह,मधुबन सिंह,प्रसुनलता सिंह,शशिप्रभा सिंह,शिवम श्रीवास्तव,प्रदीप जायसवाल,दीपक गुप्ता,गजेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 का समापन

**बहराइच ।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट ह्युउत्थानह्न (आडिटोरियम) में आयोजित कार्यक्रम का एमएलसी पदमसेन चैधरी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों, अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान काकोरी शहीद स्मारक स्थल पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 समापन समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों काजल अग्रहरी एण्ड पार्टी व उनकी टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आडिटोरियम में काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी तथा तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत निकाली गयी जागरूकता रैली भी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता



संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यक्ता हेतु क्रियान्वयन किया गया था।

योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खजाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ साहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर 8 डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को चैन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रू. 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था।इस घटना से क्षुब्ध अंग्रेजी सत्ता ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया, जिसमें शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ व रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गयी तथा 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम 04 वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम कालापानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया। क्रांतिकारी शहीदों की याद में 09 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हुआ था जिसका आज समापन हो रहा है।

संक्षेप

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**जामो, अमेठी।** जामो थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह हत्या की वारदात ने सनसनी मचा दी। घटना जामो थाना क्षेत्र के पूरे पंचम सिंह भितई गांव में रहने वाले राजेश कुमार की गांव के ही राम बहादुर से दो दिन पहले कहा सुनी हुई थी। कहासुनी के बाद विवाद खत्म हो गया था लेकिन शुक्रवार की सुबह लगभग 08 बजे राजेश गांव के ही चौराहे पर स्थित एक होटल पर चाय पीने गया था। यहां चाय नाश्ता कर घर की तरफ आ रहा था तभी रास्ते मे शकील मास्टर के घर के सामने पहुंचा ही था कि अचानक सामने आए राम बहादुर ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। खून से लथपथ राजेश रोड पर ही गिर गया। गांव में अफरातफरी फैल गई। परिजन भी मौके पर आ गए। उसे आनन फानन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की मां फूलकली रंजिश की बात कहकर थाने में राम बहादुर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## युवक का शव मिला

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार पूरे लदई दुबे का पुरवा मजरे दक्षिण गांव निवासी भवानी प्रसाद पुत्र मंगली उम्र करीब 55 वर्ष कल शाम को शुकुल बाजार कस्बे के पास सुबह रोड पर दूध लेकर कहीं आए थे जिनकी लाश संदिग्ध परिस्थितिमें पाई गई रात्रि करीब 9:00 बजे किसी ने उनके घर पर सूचना दिया सूचना पाकर घर वाले मौके पर पहुंचे और थाने पर सूचना दिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है

## छप्पर पर गिरा पेड़ महिला की मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र के शुकुल बाजार के रानीगंज रोड पर स्थित गयासपुर गांव की सावित्री पुत्री जगदीश उम्र करीब 22 वर्ष जिनके मकान पर सड़क किनारे लगा पेड़ गिर जाने के कारण उसमें सो रही सावित्री जिसकी दुर्घटना के कारण मृत्यु हो गई मौके पर शुकुल बाजार पुलिस में पंचनामा करवा कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भारी बारिश से सड़क बही विधायक के प्रयास से हुआ अस्थायी बंदोबस्त

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कुड़वार-नौगवातीर मार्ग पर स्थित के.एन.टी. पब्लिक स्कूल, पूरे रामभद्र गांव के सामने की सड़क अचानक बारिश के चलते पूरी तरह बह गई। इस कारण ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इसौली विधायक श्री ताहिर खां ने तत्परता दिखाते हुए मामले का संज्ञान लिया और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए सड़क के लिए अस्थायी बंदोबस्त करवाया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पंकज तिवारी ने बताया कि हर वर्ष बरसात में सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्थायी समाधान के लिए वहां एक पुलिया का निर्माण अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मना रक्षाबंधन

## छात्राओं ने अधिकारियों को राखी बांधकर सहेजी समाज की सुरक्षा

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों की उपस्थिति में भगवान गणेश एवं पेड़ को राखी बाँधकर प्रकृति की रक्षा हेतु जागरूक किया। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों, डीएम हर्षिता माथुर, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, डीआईओएस संजीव कुमार सिंह, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, सीओ सिटी अमित सिंह, संस्थापक-प्रबंधक एनएसजीआई डॉ शशिकांत शर्मा सहित प्रधानाचार्य को राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा का वचन लिया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई, जिसके बदले में छात्रों ने उनकी सुरक्षा का वचन दिया तदोपरांत छात्रा एंजल, अनुष्का, आर्या व आराध्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अभिषेक श्रीवास्तव, पिंकी जायसवाल, साक्षी द्विवेदी, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



**सहपाठी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर कराया मुंह मीठा :** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसजीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमडी सर सहित अन्य सभी ने श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा का पूजन संपन्न कर उनका आशीष प्राप्त किया। कल्चरल प्रोग्राम के अंतर्गत बच्चों द्वारा राखी मेकिंग, डांस, गीत जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखने को मिली। आज के कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनका मुँह मीठा कराया, तो भाइयों ने भी उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। इसी क्रम में स्कूल की शिक्षिका संध्या अग्रवाल, भावना श्रीवास्तव ने एमडी सर को राखी बांधकर उनके सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा जी ने रक्षाबंधन को भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम, स्नेह और सम्मान का त्योहार बताते हुए सभी को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**भारत छोड़ो आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के अलावा जन समुदाय ने भी भाग लिया था**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में भारत छोड़ो आंदोलन विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बाबूनाथ त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी द्वारा ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के उद्देश्य से यह आंदोलन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 8 अगस्त 1942 को आरंभ किया गया था। यह ऐसा आंदोलन था जिसका लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुंबई अधिवेशन में प्रारंभ किया गया था। इस आंदोलन में लाखों आम हिंदुस्तानी शामिल थे। आंदोलन में गांधी जी का नेतृत्व ऐतिहासिक था। उनका कहना था कि भारत देश हमारा है और हमें अपना देश चाहिए। इसके लिए उन्होंने करो या मरो का नारा भी दिया था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के अलावा विशाल जन समुदाय ने भी भाग लिया था। जिसमें ब्रिटिश पुलिस द्वारा लाठी चार्ज और हिंसा में कई लोग घायल व शहीद हो गए थे।

## एमडब्ल्यूओ का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** मानव रक्षा, सामाजिक उत्थान, न्याय और निरंतर सेवा के संकल्प के साथ कार्यरत सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) ने 08 अगस्त को अपना 17वां स्थापना दिवस भव्य रूप से पर्यावरण पार्क में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए केक काटकर मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाते हुए संगठन द्वारा 17 साल में किए गए कार्यों का सारांश बताया कि संस्था ने अब तक 2000 से अधिक यूनिट रक्त जरूरतमंदों तक पहुँचाया, सामाजिक उत्पीड़न के विरुद्ध दर्जनों बार प्रशासन से सीधी लड़ाई लड़ी, विभिन्न गरीब-जरूरतमंद रोगियों को स्थानीय प्रतिनिधियों के माध्यम से चिकित्सा सहायता मुहैया करवाई। संगठन के जिला अध्यक्ष हनुमान शर्मा ने आए हुए सभी लोगों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए आभार प्रकट किया और जनपद को आगे और भी मजबूत बनाने का आश्वासन दिया। वक्ताओं में अनिल शर्मा राजू, घनश्याम शर्मा, अजीत शर्मा, रविंद्र शर्मा, श्रीकांत शर्मा, दिनेश शर्मा, संग्राम सविता, शिवपूजन शर्मा आदि ने संबोधित किया।

## शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति मामले में 86 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज

बलिया। मऊजिले में समाज कल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में 42 शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति के मामले में कुल 86 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मऊ के तीन तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारियों, तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चार खंड शिक्षा अधिकारियों, समाज कल्याण विभाग के तीन सुपरवाइजरा पटल सहायकों, सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों के 42 शिक्षकों और 19 प्रबंधकों के साथ ही 14 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 42 आरोपी शिक्षकों का वेतन भुगतान रोक दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मऊजिले की मऊ कोतवाली में जिला समाज कल्याण अधिकारी रश्मि मिश्रा की तहरीर पर तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारियों बलदेव त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह एवं विमला राय सहित 72 लोगों के विरुद्ध नामजद और 14 अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मंगलवार को नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। रश्मि मिश्रा ने बताया कि मऊजिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त और निजी प्रबंध तंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों में 2014 के बाद कुल 70 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है और जांच में 42 शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़े का पता चला। अन्य नियुक्तियों की जांच अभी जारी है। मिश्रा के मुताबिक, 42 शिक्षकों का वेतन भुगतान रोक दिया गया है और फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध कार्वाई करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर घटा, नगर निगम सफाई में जुटा

प्रयागराज। जिले में गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान 84.73 मीटर से नीचे आने और लगातार घटने के साथ प्रयागराज नगर निगम युद्ध स्तर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में साफ सफाई में जुट गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि आज दोपहर 12 बजे जिले में यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 82.77 मीटर, जबकि गंगा का जलस्तर फाफामऊमें 82.16 मीटर, छतनाग में 81.84 मीटर और बक्शी बांध पर यह 82.50 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर में निरंतर गिरावट जारी है। प्रयागराज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बाढ़ का पानी हटने के साथ नगर निगम के कर्मचारी साफ सफाई में जुट गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 3,000 सफाई कर्मियों को लगाया गया है, वहीं आंशिक प्रभावित क्षेत्रों से 600 कर्मचारी, पूर्ण प्रभावित क्षेत्रों में लगाए गए हैं। यादव ने बताया कि जिन क्षेत्रों से बाढ़ का पानी निकल गया है, वहां वाटर प्रेशर मशीनें लगाकर गाद हटाया जा रहा है। जितना पानी घट रहा है, प्रतिदिन उतना क्षेत्र साफ कर दिया जा रहा है। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है और जहां कर्मचारी नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां कृषि विभाग से लिए गए दो ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया जा रहा है। सदर के बाढ़ प्रभावित सलोरी क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतीक विश्वकर्मा ने बताया कि बाढ़ घटने से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन पूरा इलाका साफ होने में कई दिन लग सकते हैं क्योंकि गलियों में गंदगी फैल गई है। अपर जिलाधिकारी विनीता सिंह ने बताया कि पिछले शनिवार से ही गंगा और यमुना का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया था जिससे जिले के 200 से अधिक गांवों और शहर की करीब 60 बस्तियों में पानी भर गया था। लेकिन अब जलस्तर नीचे आने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर में सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले 107 वार्ड एवं मोहल्ले बाढ़ से प्रभावित हुए जिनमें राजापुर, बेली कछार, चांदपुर सलोरी, गोविंदपुर, छोटा बघाड़ा और बड़ा बघाड़ा प्रमुख रूप से प्रभावित थे। पिछले रविवार को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता और इसके अगले दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था और अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

## छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर बढ़ाया भाईचारे का संदेश




पिपरौली, गोरखपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वर्गीय रामरती देवी कन्या इंटर कॉलेज, देईपार की छात्राओं ने गीडा थाने पर पहुंच कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर छात्राओं ने थाने के एसएसआई राकेश कुमार पाण्डेय और एसएसआई अभिनव मिश्रा समेत अन्य पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीघार्यु व सुरक्षित जीवन की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की प्रिंसिपल साधना पाण्डेय ने किया। उनके साथ सहायक अध्यापक कुमकुम सिंह, पूजा सिंह, आस्था विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह और चंदन कुमार भी उपस्थित रहे। पुलिसकर्मियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज और पुलिस के बीच आपसी विश्वास और सम्मान को मजबूत बनाते है।

## बार बेंच के बीच सामंजस्य बनाये रखने में अधिवक्ता की होती है बड़ी भूमिका




**कादीपुर, सुलतानपुर।** बार बेंच के बीच सामंजस्य बनाए रखने में अधिवक्ता की बड़ी भूमिका होती है। किसी तरह के गतिरोध होने पर न्यायिक प्रक्रिया में विलंब होता है।

यह बात एडीजे प्रथम संतोष कुमार ने कहीं। वे बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वादकारियों को समय से न्याय मिले यह हम सब की जिम्मेदारी है। अधिवक्ता अच्छी तरीके से जब अपनी बात न्यायालय में प्रस्तुत करते हैं। तभी त्वरित न्याय मिलता है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे बर काउंसिल के सदस्य एवं मुख्य स्थाई अधिवक्ता प्रथम उच्चतम न्यायालय लखनऊ के प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि अधिवक्ताओं को पांच शपथ लेने की जरूरत है। आपकी कथनी एवं करनी में फर्क नहीं होना चाहिए। सार्वजनिक रूप से आलोचना ना करें और एकजुटता बनाए रखें। अधिवक्ता सदैव अध्ययन करें एवं चुनाव में अच्छे लोगों का चयन करें। अधिवक्ताओं के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक अधिवक्ताओं ने नेतृत्व किया है। बर काउंसिल ने दो सौ अठारह करोड़ रुपए मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को दिया। बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन योजना पर हम गंभीरता पूर्वक विचार कर रहे हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह ने नई कार्यकारिणी को शुभकामना देते हुए कहा कि बार बेंच में मधुरता बनी रहे। तभी न्यायिक कार्य में विलंब नहीं होगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम अधिवक्ता हितों के लिए सदेव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। इसके पूर्व बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्री प्रसाद सिंह, सचिव मंगला प्रसाद तिवारी एवं उनकी कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम का संचालन जयशंकर तिवारी एडवोकेट ने किया।

## कर्मचारियों को बायोमेट्रिक हाजिरी में गड़बड़ी की सूचना अधिकारी को देनी चाहिए: इलाहाबाद हाई कोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि यदि कर्मचारियों को बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत हाजिरी दर्ज कराने में इंटरनेट संबंधी समस्या का सामना करना पड़ता है तो वे व्यक्तिगत तौर पर संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या ड्यूटी करने का साक्ष्य दे सकते हैं। सत्यनारायण उपाध्याय नाम के एक व्यक्ति और नौ अन्य द्वारा दायर रिट याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने कहा, याचिकाकर्ताओं की शिकायत अस्पष्ट होने के कारण टिकने योग्य नहीं है क्योंकि इन्होंने जून, 2025 के दौरान प्रतिवादियों से कभी संपर्क कर यह नहीं बताया कि इंटरनेट की समस्या के चलते वे बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगा सके। यदि याचिकाकर्ता यह दर्शाने में समर्थ होते हैं कि उन्होंने जून, 2025 में काम किया है तो उनका वेतन, यदि रोका गया है तो उसे जारी किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि तीन जुलाई, 2025 को इन याचिकाकर्ताओं को सूचित किया गया कि यदि कर्मचारियों ने जून, 2025 में एक दिन के लिए भी ऊर्जा जनशक्ति ऐप के जरिए बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत हाजिरी नहीं लगाई है तो जून माह का वेतन रोक दिया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि याचिकाकर्ताओं ने जून माह में उक्त ऐप पर बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाई क्योंकि वे आमतौर पर फील्ड ड्यूटी पर रहते हैं और संभवतः इंटरनेट समस्या की वजह से वे हाजिरी नहीं लगा सके। वहीं, प्रतिवादियों के वकील ने कहा कि यह प्रणाली 23 सितंबर, 2024 को जारी अधिसूचना के जरिए प्रभावी की गई जिसे चुनौती नहीं दी गई है। जहां तक याचिकाकर्ताओं की शिकायत का संबंध है, इनमें से एक भी याचिकाकर्ता इंटरनेट समस्या की सूचना देने आगे नहीं आया।

## प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर गदगद हैं हाटावासी

### दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगी प्रधान कमलेश चंद

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत हाटा बुजुर्ग की महिला प्रधान को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है, जिससे ग्रामवासी गदगद हैं। देश को आजाद हुए 78वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिल्ली में लाल किला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा होने वाले ध्वजारोहण समारोह में विविध प्रस्तुतियों का साक्षी बनने के लिये हाटा बुजुर्ग की महिला प्रधान कमलेश चंद अपने परिवार के साथ उपस्थित होगी। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को इस आशय का पत्र जारी किया था कि पूरे प्रदेश में अपनी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को लाल किले पर झंडारोहण के कार्यक्रम का हिस्सा



बनाया जाना है। जिसके तहत प्रदेश से कुल 5 विशिष्ट अतिथियों को लाल किले के समारोह में सरिक होने का न्यौता मिला है, जिसमें हाटा बुजुर्ग की प्रधान के निमंत्रण पर पूरे ग्रामवासी गदगद है।

हाटा बुजुर्ग की प्रधान ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन के अलावा शिक्षा, चिकित्सा, आमजनों की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण जैसे मुख्य मुद्दों पर अन्य ग्राम पंचायतों की तुलना में बेहतर कार्य किया है। हाटा बुजुर्ग की प्रधान को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी ग्राम पंचायत में बेहतर कार्य करने के लिए देश के प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कार मिलेगा, यह सम्मान महामहिम राष्ट्रपति भवन में दिया जायेगा तथा रात्रि भोज में सम्मिलित होना है। जिससे ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में और गति आएगी। जिले के दक्षिणांचल में स्थित विकासखंड गगहा की ग्राम पंचायत हाटा बुजुर्ग की प्रधान कमलेश चंद को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्ष 2020-21और 2022-23 में जैविक खेती में प्रथम स्थान के अलावा सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरी ग्राम पंचायत को सीसीटीवी कैमरे की जद में रखने के लिए पुरस्कृत किया था।

## नौनिहालों ने बीएसए को बांधी राखी, बीएसए ने दिया उपहार



सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के प्राथमिक विद्यालय करौंदिया में रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नन्हीं बालिकाओं ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेन्द्र गुप्ता को राखी बांधकर रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। रक्षा सूत्र के इस पावन पर्व पर बीएसए उपेन्द्र गुप्ता ने भी बच्चों के प्रेम और स्नेह से अभिभूत होकर सभी बच्चियों को मिठाई खिलाई और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर बीएसए ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में पारंपरिक मूल्यों की भावना विकसित होती है। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## बच्चों ने पुलिस के जवानों को बांधी राखी

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र स्थित सेंट्रल एकेडमी चौरी चौरा की छात्राओं ने शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर थाना मुख्यालय चौरी चौरा पहुंचकर थाना प्रभारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं पुलिस के जवानों को राखी बांधी। उक्त अवसर पर छात्राओं ने पुलिस के जवानों द्वारा किए जा रहे सुरक्षा कार्यों एवं जागरूकता के लिए उनका आभार व्यक्त किया। पुलिस के जवानों ने भी इन छात्राओं की रक्षा का वचन दिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक निदेशक अमन आकाश मिश्रा ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राखी प्रेम एवं सद्भावना का त्यौहार है। यह सिर्फ धागे का त्यौहार नहीं है बल्कि समर्पण एवं इच्छा शक्ति के साथ अपनों के साथ खड़े होने का त्यौहार है। राखी बांधने वाली छात्राओं में सिद्धिक मौर्य, आराधना जायसवाल, समृद्धि जायसवाल, समृद्धिका जायसवाल, प्रिया जायसवाल, सुहानी, अंचिता राय, रितिका त्रिपाठी, समृद्धि मिश्रा, प्रियांजली त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर निदेशक सृंजय कुमार मिश्रा, निदेशिका अनुराधा मिश्रा, अनिल कुमार पांडे, प्रतिमा उपाध्याय, गर्विता श्रीवास्तव, दानवीर सिंह, विमला पांडे, सुशील कुमार नायक, राकेश श्रीवास्तव, अनिल सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, नीलिमा शुक्ला, अनीता गुप्ता, किरन जयसवाल, सीमा राय, वंदना त्रिपाठी, पवन उपाध्याय, आदित्यनाथ कुशवाहा, अमरजीत कौर, राज नारायण पांडे, अश्वनी त्रिपाठी, संजय कुमार द्विवेदी, अंजलि जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद, रजनीश सिंह, घनश्याम सिंह, अनिरुद्ध यादव, कुसुम यादव, रीता चतुर्वेदी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गेस्ट हाउस के शिलान्यास के कार्यक्रम में उपेक्षा से सभासदों में उबाल

**सुलतानपुर।** शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बनने वाले सरकारी गेस्ट हाउस के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित न किए जाने पर नगर पालिका परिषद के सभासदों में खासा आक्रोश है। सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को पत्र लिखकर तत्काल बोर्ड बैठक बुलाए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि बीते सात अगस्त को लोनिविअयोध्या ने नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में करीब दो हजार वर्ग मीटर पर बनने वाले सरकारी गेस्ट हाउस का भूमि-पूजन कराया था, जिसमें भाजपा विधायक विनोद सिंह, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक राजप्रसाद उपाध्याय के साथ डीएम कुमार हर्ष व एसपी कुंवर अनुपम सिंह के अलावा सीडीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। 17.63 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले गेस्ट हाउस के शिलान्यास कार्यक्रम में सभी को उस समय आश्चर्य हुआ जब उक्त भूमि का प्रस्ताव करने वाले नगर पालिका अध्यक्ष व सभासदों को न तो सूचना दी गयी और न ही आमंत्रित किया गया। इस बात को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष व सभासदों में काफी आक्रोश है। नगर पालिका सभासद रेनू सिंह, संजय कप्तान, अरूण कुमार तिवारी, अरविंद यादव, पूर्णिमा कुमारी, गिरीश कुमार मिश्र, विजय कुमार, अनीता, मीना जायसवाल, योगेश मिश्र, कंचल लता, दिनेश आदि ने त्बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है।

**पालिका को न बुलाने पर बोले अध्यक्ष :** आधुनिक गेस्ट हाउस निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद को न बुलाया जाना, न ही जानकारी देने के मामले में पालिका बोर्ड में क्षोभ है। चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि पालिका ने जमीन उपलब्ध कराई है। पर, किसी भी स्तर से भूमि पूजन कार्यक्रम में आमंत्रण न मिलना पूरे बोर्ड के लिए दुखद है। सभासदों ने मुझसे कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

# काकोरी शताब्दी महोत्सव में शहीदों को किया नमन

**रायबरेली।** काकोरी शताब्दी महोत्सव समापन कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक मुंशीगंज में हुआ। इस अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ. यशवीर सिंह, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एडीएम अमृता सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा लखनऊ में आयोजित सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा गया। डीएम और उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम के दौरान शहीद स्तंभ पर पुष्प चक्र से चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि देश की एकता व सम्मान सबसे पहले है। काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर शहीदों को नमन व स्मरण करने के लिए हम सभी एकत्रित हुए है। शहीदों के बलिदान



कारण ही हम देश में आज आजाद है। उन्होंने शहीदों की माताओ को भी याद किया और कहा कि धन्य है वह माताएं जिन्होंने इन शहीदों को जन्म दिया। डीएम ने भी वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन एक घटना ही नहीं बल्कि इसका संदेश बहुत व्यापक था। काकोरी घटना से देश भक्ति की आग हर जन के दिलों में प्रज्ज्वलित हुई। इस घटना का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों की छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। लाल ऋषि इंटर कॉलेज की कक्षा 11वीं की छात्रा हबीबा खान के गीत ए मेरे वतन के लोगों ने उपस्थित लोगों को वीर शहीदों के प्रति श्रद्धा भाव से भर दिया। संस्कृति विभाग के आल्हा गायक रामरथ पांडे के वीर रस के गीत को सुन लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर डीएम व एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में एएसपी संजीव कुमार, डीआईओएस संजीव कुमार सिंह, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, ईओ नगर पालिका सिंह, प्रभागीय निदेशक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मयंक अग्रवाल, प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर गिरी, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, खंड विकास अधिकारी राही, गौरी राठौर, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकार संगठन के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष कमल द्विवेदी, शिवबाबू शुक्ला, अजय सिंह, महामंत्री अमित मिश्रा, शिव नारायण मिश्रा, हरिओम शुक्ला सहित आम जन उपस्थित रहे। डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में रामपति पत्नी स्व० घुरई निवासी ग्राम पुरे मछरिया, मजरे अटौरा बुजुर्ग, तहसील सदर, जिला रायबरेली को 50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का आवासीय आवंटन प्रमाण पत्र दिया, इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन करा दिया गया है।

## वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र के सरदार नगर स्थित वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को चुने गए बच्चो में सिद्धार्थ यादव हेड ब्वॉय एवं दिव्यांशी निषाद हेड गर्ल एवं हाउस मेंबर्स का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे उनको अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों की शपथ दिलाते हुए बैच दिए गया। बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखे। स्कूल प्रिंसिपल डॉ आर के मिश्रा ने कहा की आप सब पर थोड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जिसमे आप सब स्कूल अनुशासन मे सहयोग करें। और जिम्मेदारी को समझे। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैनअरविंद त्रिपाठी स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई दी। इसी के साथ स्कूल सीनियर कोऑर्डिनेटर पी.एस. पटेल, सोम शर्मा जूनियर कोऑर्डिनेटर, शालिनी मिश्रा, खुशबू श्रीवास्तव गेम्स टीचर राम अचल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मनाया काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह

**आगरा।** जनपद में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर का माहौल देश के वीरों की स्मृति और तिरंगे के सम्मान से सराबोर हो उठा। आयोजन की शुरुआत संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई इसके बाद राष्ट्रधुन की गूंज के बीच एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान के तहत पौधारोपण कर धरती मां को समर्पण भाव व्यक्त किया गया। इसी क्रम में विकास भवन में काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी और तिरंगा मेला का आयोजन भी किया गया, जिसे आगरा दक्षिण के विधायक डॉ. जीएस धर्मेश सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने देखा और सराहा। लखनऊ से हो रहे काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया, जिसे कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह ने गम्भीरता से देखा और शहीदों के बलिदान को नमन किया। प्रसारण के उपरांत विधायक डॉ. धर्मेश एवं जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने तिरंगा प्रभात फेरी एवं मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों के साथ जब रैली रवाना हुई, तो वातावरण में गूंजता राष्ट्रभक्ति का संदेश हर हृदय को झंकृत कर गया। इस अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर सेना और पुलिस के जवानों को धन्यवाद दिया गया। आयोजनों ने बहनों से राखी बंधवाकर मातृभूमि के रक्षकों को कृतज्ञता प्रकट की। यह दृश्य न केवल भावनात्मक था, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्र के बलिदानों के प्रति श्रद्धा और सम्मान सिखाने वाला भी रहा।

## आगरा में बीजेपी नेता पर फायरिंग करने वाले से मुठभेड़

**आगरा।** भाजपा नेता पर गोली चलाकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। बुधवार रात को न्यू आगरा के नगला पदी निवासी सुमित दिवाकर पर तमंचे से गोली चलाई गई थी। सुमित डेयरी संचालक हैं। इसके साथ ही वे भाजपा महानगर के कार्य निर्माण विभाग के सह संयोजक हैं। सुमित दिवाकर ने पुलिस को बताया था कि बुधवार रात 11.30 बजे हरि पर्वत के शाह मार्केट के बाहर ठेले पर अंडे खाने आए थे। वहां पर जज कंपाउंड निवासी तीन युवक सोहेल, राजा और शाहरुख बैठे थे। जैसे ही सुमित वहां पहुंचे सोहेल ने पीछे से उनके कान में तमंचा सटा दिया। और उन पर गोली चला दी। सुमित दिवाकर कुछ समझ पाते इससे पहले ही सुमित को लहूलुहान करते हुए निकल गई। भाजपा नेता को जख्मी समझकर तीनों युवक वहां से फरार हो गए। सुमित दिवाकर की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में टीमों का गठन किया था। गुरुवार रात चैकिंग के दौरान पालीवाल पार्क में थाना हरी पर्वत पुलिस, सर्विलांस, एसओजी टीम कमिश्नरेट आगरा को सूचना मिली कि अभियुक्त सोहेल पालीवाल पार्क से गुजर रह है। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन सोहेल ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाही में सोहेल को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी। सोहेल को इलाज के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मथुरा में धरना-प्रदर्शन

## राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत जनपद मथुरा में आज एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि फतेहपुर (उ.प्र.) के आरिश खान की हर्षवर्धन पांडे व उसके साथियों द्वारा पीट-पीट कर कर हत्या किए जाने तथा रमाकांत शुक्ला व अन्य आरोपियों द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार के मामलों में, भारतीय विद्यार्थी मोर्चा द्वारा 30 जुलाई 2025 को संवैधानिक व शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था। किन्तु, 5 अगस्त 2025 को कुछ ब्राह्मण व ब्राह्मणवादी संगठनों के दबाव में आकर फतेहपुर पुलिस प्रशासन ने उक्त आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज कर, उन्हें व उनके परिजनों को प्रताड़ित करना प्रारंभ कर दिया। इन्हीं घटनाओं के विरोध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने निम्न मांगों के साथ प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन एवं प्रदेशव्यापी बंद की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी फतेहपुर प्रशासन की होगी। इस आंदोलन का नेतृत्व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह निषाद ने किया। इस मौके पर बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष (कार्यकारी) चौधरी इसराइल मलिक, जिलाध्यक्ष मैराज अली, बबलू कुरैशी, चीना भाई, मनीराम चैधरी, आसिफ, रमेश सैनी, आरिफ कुरैशी, इब्बो कुरैशी, मंसूर अली, जितेंद्र निषाद, डॉ. अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नासिर अब्बासी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानसी गंगा में एक दूसरे को बचाने में दो दोस्त डूबे

**मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसी गंगा में स्नान करते समय दो नाबालिग दोस्त डूब गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। गोवर्धन पुलिस ने घटना की जानकारी तत्काल परिजनों को दी। भरतपुर के कुम्हेर निवासी 16 वर्षीय कृष्णा और फरह निवासी 14 वर्षीय अमन और मोनू तीनों दोस्त एक साथ भरतपुर में पढ़ते है। बीतीरात को तीनों गोवर्धन परिक्रमा करने के लिए गए थे। परिक्रमा सुबह समाप्त के बाद मानसी गंगा कुंड में स्नान करने चले गये। मानसी गंगा में सर्व प्रथम मोनू स्नान कर बाहर आ गया। उसके बाद कपड़े उतारकर अमन स्नान करने के कुंड में उतरा। स्नान के दौरान अमन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। अमन बचाओ.. बचाओ चिल्लाया। अपने दोस्त को बचाने के लिए कृष्णा भी पानी में कूद गया। दोस्त को बचाने वह भी गहराई में चला गया। फि दोनों पानी से निकल ही नहीं पाए और डूब गए। लोगों ने जब दोनों को डूबते देखा तो शोर मचाया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गोवर्धन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से खोज अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को कुंड से बाहर निकाला गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में मातम छा गया। मां शव देखकर बेहोश हो गई। अमन और कृष्णा के परिजन गोवर्धन पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## बाइक सवार युवक और महिला ने वृद्धा को लूटा

**मथुरा।** सुरीर क्षेत्र में बाइक सवार युवक और महिला ने बाइक पर बैठाने के बहाने लेजाकर हरनौल स्कैप पर लूटपाट की। जानकारी में आया कि वृद्धा मृत्यु भोज से लौट रही थी, तभी यह घटना हुई। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। अभी तक महिला और युवक की जानकारी नहीं लग पायी है। पुलिस ने बताया अलीगढ़ के खैर स्थित गांव धूमरा निवासी सोनदेवी टप्पल के एक गांव में मृत्यु भोज में शामिल होने आई थी। भोज समापन के बाद वृद्धा को रिश्तेदार बाजना क्षेत्र स्थित मानागढ़ी मोड़ पर छोड़ कर चले गए। वह वाहन का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार महिला और युवक वहां पहुंचे और घर छोड़ने का वास्ता देकर सोना देवी को बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूर जाकर दोनों ने हरनौल स्कैप पर बाइक रोक दी। वृद्धा से कान के कुंडल पैरों की पायल व बटुये में रखे चार हजार रु. लूट लिये।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने डीएम एसएसपी को बांधी राखी



**फिरोजाबाद।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिलाधिकारी रमेश रंजन एसएसपी सौरभ दीक्षित मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, एडीएम विशु राजा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे अतुल चौधरी नगर आयुक्त ऋषि राज, समाज कल्याण अधिकारी राजमती जेल अधीक्षक जेलर डिप्टी जेलर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित जेल में निरुद्ध बंदी भाईयों की कलाई में आध्यात्मिक राखी बांधी। इस दौरान कैदियों की विचारधारा व दृष्टिकोण को सशक्त एवं सकारात्मक बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका सरिता दीदी के सानिध्य में ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदी भाईयों की कलाई में आध्यात्मिक राखी बांधते हुए अच्छाई ग्रहण करने एवं अवगुणों को छोड़ने का संकल्प दिलाया और परमात्मा शिव का परिचय देकर उन्हें, उनकी रक्षा कवच को धारण करने के लिए प्रेरित किया। तथा, विकारों व्यसनों और बदले की भावना को त्याग कर पावन बनने की राजयोग की शिक्षा दी। साथ ही बंदियों के मस्तक पर चंदन का टीका लगाया और बाबा का प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा कराया। तथा, पढ़ने के लिए आध्यात्मिक ज्ञानवर्धक साहित्य वितरित किया। खुशी दीदी ने कलाई पर बांधने वाले रक्षा सूत्र का महत्व बताया और सभी को मैडिटेशन कराया। इस दौरान ब्रह्मकुमारी बहनों को भी राखी बांधी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मधु बहन खुशी बहन सपना बहन नूतन बहन, तन्वी बहन सुमन बहन राधा बहन चंपा बहन जतिन भाई अविनाश भाई व अन्य उपस्थित रहे।

## बीएलओ व पर्यवेक्षकों का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**फिरोजाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु डीएम फिरोजाबाद रमेश रंजन के निर्देशन में तहसील सिरसागंज से संबन्धित बीएलओ एवं पर्यवेक्षक एवं शेष तहसीलों के छूटे हुए बीएलओ एवं प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड, फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ। एडीएम नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर ने 11 कक्षों में प्रदान किया। तहसील सिरसागंज के कुल 243 बीएलओ में218 बीएलओ व कुल 29 पर्यवेक्षक में से 27 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। इसी प्रकार तहसील फिरोजाबाद के छूटे कुल 46 बीएलओ में से 9 ब्बीएलओ, टूण्डला के 6 बीएलओ में से 5, शिकोहाबाद के 15 बीएलओ में से 7 बीएलओ, जसराना के 11 बीएलओ में से 8 बीएलओ प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि संबन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम अनुपस्थित बीएलओ के विरुद्ध राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत एवं नगरीय निकाय के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करे, प्रशिक्षण में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह एवं मुख्य प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन ने कक्षों में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से प्रशिक्षण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी से उन्हें प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए उनकी संलग्नक गणना प्रपत्र 11 परिवर्धित सूची संशोधित सूची, विलोपित सूची अन्य प्रपत्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में एसडीएम सिरसागंज तहसीलदार सिरसागंज, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स इत्यादि उपस्थित रहे।

## महिला से बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ब्लैकमेल कर वसूले रुपये, फिर फाड़ दिया पति का सिर

**आगरा।** अंजान नंबर से आए कॉल पर बात करना विवाहिता को महंगा पड़ गया। आरोपी युवक ने महिला से बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली। इसे वायरल करने की धमकी देकर रुपये वसूल लिए। विरोध करने पर देवर को पीटा। पति का सिर फाड़ दिया। सदर थाना क्षेत्र में एक युवक ने महिला से बातचीत के दौरान कॉल रिकॉर्डिंग कर ली। वायरल कर बदनाम करने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेल कर 5 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता के पति और देवर ने रास्ते में मिलने पर समझाने की कोशिश की। आरोपी ने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। पीड़िता ने केस दर्ज कराकर आरोप लगाया कि कुछ दिनों से उनके फोन पर एक अंजान नंबर से कॉल और मैसेज आ रहे थे। बातचीत करने पर कॉल करने वाले युवक ने अपना नाम रविंद्र बताया। दोस्ती का दबाव बनाने लगा। विरोध पर उसने पहले हुईं बातों की रिकॉर्डिंग कर ली। पति पास भेजने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेल कर रुपयों की मांग करने लगा। पांच हजार रुपये दे दिए। इसके बाद भी परेशान करना नहीं छोड़ा। पीड़िता ने पति को जानकारी दी। मंगलवार को राजपुर चुंगी के 100 फुटा से वह अपने पति और देवर के जा रही थीं। इस दौरान आरोपी रविंद्र अपने दोस्तों के साथ मिल गया। पति और देवर ने समझाने की कोशिश की। सभी ने मिलकर पति और देवर के साथ मारपीट कर दी। पति का पत्थर मार सिर फोड़ दिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

## 16वीं बटालियन कैंप में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन

**मथुरा।** 16वीं बटालियन, हैड क्वाटर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, मथुरा में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने बटालियन के वीर जवानों को राखी बांधी गई तथा उनके दीघार्यु, सुरक्षा एवं सेवा कार्यों में सफलता की मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान एक स्नेहपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला, जिसमें बहनों ने न केवल राखी बांधी, बल्कि सकारात्मक विचारों, नैतिक मूल्यों एवं आत्मबल से परिपूर्ण जीवन जीने का संदेश भी दिया।

# संस्कृति हरियाली तीज महोत्सव के परिणाम घोषित



- रीना रानी बनीं तीज क्वीन

**मथुरा।** संस्कृति विवि में हरियाली तीज महोत्सव के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल आफ फैशन डिजाइनिंग की डीन सुश्री शिल्पा डेनिस फिलिप्स को तीज क्वीन, स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की डा. रीना रानी को मिस बनी ठनी और स्कूल आफ एजूकेशन की डा. प्रियंका गौतम को मिस टैलेंट के खिताब से सम्मानित किया गया।

हरियाली तीज उत्सव के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, एसओआईटी की प्रो. गरिमा गोस्वामी व संस्कृति आयुर्वेदिक कालेज की सहा.प्रो डॉ. एकता कपूर ने एक कार्यक्रम के मध्य विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि विवि में हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और नारीत्व, परंपरा और त्योहार के आध्यात्मिक महत्व का जश्न मनाने के उद्देश्य से संस्कृति विवि के सांस्कृतिक और विरासत क्लब द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला संकाय और कर्मचारियों को उत्सव की भावना में एक साथ आने, अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने और एकता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम सुश्री शुभ्रा पांडे, सहायक प्रोफेसर, एसओईआईटी, संस्कृति विवि के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि, संस्कृति विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा थीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। संगीत की धुनों पर प्रतिभागियों ने जीवंत धुनों पर नृत्य किया और ऊर्जा और उत्साह के साथ त्योहार मनाया। देर तक महिला संकाय सदस्यों ने डीजे पर जमकर नृत्य किया। प्रत्येक महिला संकाय और स्टाफ सदस्य को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. रीना रानी द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिवम भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में सुश्री शुभ्रा पांडे, डा. दुर्गेश वाधवा, डा. डीएस तोमर आदि की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## दो अभियुक्त तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम ने दो शातिर अभियुक्तो को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तगण गौरव कुमार पुत्र प्रमोद कुमार उर्फ चीचा निवासी कछपुरा थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा मय दो जिंदा कारतूस व श्यामसुन्दर उर्फ सेट्टी पुत्र सत्यप्रकाश निवासी नगला गडरिया थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को एक अवैध तमंचा मय 2कारतूस सहित कोटला रोड जैतपुर तालाब के बगल से जाने वाले चकरोड पर थाना क्षेत्र नारखी से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना नारखी पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को राखी बांधी



**टूंडला।** नगर के देव नगर थाना के पीछे स्थित एम०एस० स्कूल की छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर थाना टूंडला पहुंचकर थानाध्यक्ष समेत समस्त पुलिस कर्मियो को राखी बांधी। छात्राओं के इस स्नेह और सम्मान से अभिभूत होकर थाना प्रभारी ने बच्चों को मिठाइयां और चॉकलेट वितरित कर अपना स्नेह और दुलार लुटाया। साथ ही, बच्चों के मन से पुलिस के प्रति भय को मिटाते हुए मित्र पुलिस का संदेश स्थापित किया। इस अवसर पर थाना परिसर में एक पारिवारिक और भावनात्मक वातावरण बना, जिसमें स्नेह का सुंदर संगम देखने को मिला। प्रधानाचार्य रितु चार्ल्स ने कहा कि पुलिस कर्मी हमारी 24 घंटे निरंतर रक्षा करते हैं, अपने घरो से सैकडों किलोमीटर दूर रहकर उन्हें अपनी बहिनों की कमी महसूस न हो इसीलिए हमारे स्कूल की छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर समस्त थाना पुलिस कर्मियों को राखी बांधी है। इस दौरान छात्राओ के साथ शिक्षक अशू सक्सैना श्वेतांक चौधरी अनुराग कुमार मौजूद रहे।

# काकोरी घटना की 100वीं वर्षगांठ पर देश भक्तों को किया नमन



**फिरोजाबाद।** भारतीय स्वतंत्रता इतिहास के सुनहरे अध्यायों में से एक अध्याय इस अस्मरणीय घटना से जुड़ी है, जिसे इतिहास में काकौरी षड्यंत्र या काकोरी डकैती की घटना के रूप में जाना जाता है, उपनिवेशवादी ब्रिटिश सत्ता के अभियान को भारतीय आजादी के नायकों ने काकोरी ट्रेन डकैती के माध्यम से चूर-चूर करके रख दिया था इस घटना के नायक रहे चंद्रशेखर आजाद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह राजेंद्र लाहडी इस देशभक्त नायकों की स्मृतियों को सजाने और आधुनिक पीढ़ी को उनके योगदान को परिचित कराने हेतु लखनऊ में काकोरी नामक स्थल पर घटित इस घटना पर संबंधित देशभक्तों को नमन करने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसी के अनुकरण पर प्रदेश के सभी जनपदों में इन नायकों के इस साहसिक कार्य को स्मरण करने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जनपद फिरोजाबाद के विकास भवन सभागार कक्ष में भी जनपद स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, इस अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रद्युम्न कुमार अग्रवाल सुपुत्र गुरु नारायण अग्रवाल, प्रदीप कुमार जैन सुपुत्र रामबाबू जैन, रूबी राठौर पत्नी शहीद शिवराम राठौर, संगीता देवी पत्नी शहीद राजेश कुमार, अनिल कुमार पुत्र शहीद सुरेश चंद्र, आशा देवी पुत्रवधू शहीद प्रेमपाल सिंह, अखिलेश कुमार भाई शहीद हरवीर सिंह चौहान इस अवसर पर बोलते हुए मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि देश के शहीदों को सच्चा नमन तभी होगा जब हम सब सच्चे हृदय से समर्पित होकर अपने आप को ईमानदारी से देश के कार्यों में लगाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा की काकौरी नामक स्थान पर घटित यह घटना हमारे इतिहास का वह क्षण है, जब हम इन शहीदों के बलिदानों को याद करते हैं, जिन्होंने हंसते-हंसते अपनी मातृभूमि के लिए अपने को समर्पित कर दिया, यहां उपस्थित शहीदों के परिजनों को मैं नमन करता हूं, जिनके बलिदान से आप हम सब देशवासी सुरक्षित हैं, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज के दिन हम सभी समस्त शहीदों को नमन करते हैं, जिनके बलिदानों से हमारा इतिहास गौरव से भरा हुआ है, इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा भी निकाली।

साथ ही साथ काकौरी ट्रेन एक्शन के 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें पंडित मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की उमंग सिंह धाकरे को भाषण प्रतियोगिता में उन्मूलन को निबंध लेखन में, जीतू, हेमंत और अर्जुन को सुलेख प्रतियोगिता में, जबकि आदित्य करीना और कृष्णा को वाद-विवाद प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया।

## बिजली कटौती और दरों में वृद्धि पर व्यापार मंडल ने जतायी नाराजगी

**आगरा।** उप्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और प्रस्तावित दर वृद्धि के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (पंजी.) ने सीएम को पत्र भेजा है। मंडल ने डीएम के अनुपस्थिति में एसीएम राजेश कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। पत्र में कहा गया है कि लगभग 45% बिजली कटौती व दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी से व्यापारी वर्ग को गंभीर नुकसान हो रहा है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा दरें बढ़ाकर ग्रामीण क्षेत्रों में 3 से 4 रुपये प्रति यूनिट और शहरी क्षेत्रों में 6.60 से 8.40 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए हानिकारक बताया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गिर्राज कुमार अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गुरनानी, मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री दीपक शर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# बड़े भाई को बेरहमी से मार डाला

**आगरा।** जिले में युवक ने अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। चाकू से उसके पेट में तीन वार किए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ताजगंज थाना क्षेत्र के कच्ची सराय में बुधवार रात छोटे भाई ने बड़े की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। दोनों भाइयों के बच्चों में गैलरी से निकलने पर विवाद हो गया था। उनमें मारपीट के बाद भाई भी झगड़ पड़े थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कच्ची सराय निवासी मुकेश कुशवाहा बिजली मैकेनिक थे। वह पैतृक आवास में रहते थे। उनके अलावा चार भाइयों नरेश, राजेश, रवि और राजेंद्र का परिवार रहता है। पांचों के कमरों से बाहर निकलने के लिए एक गैलरी है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि रात करीब ढाई बजे पुलिस को सूचना मिली कि भाई ने भाई की हत्या कर दी है। इस पर पुलिस पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि रात 10 बजे घर की गैलरी से रवि के बच्चे निकलकर जा रहे थे। आरोप है कि बड़े भाई मुकेश के बच्चों ने निकलने से मना किया। इस पर दोनों के बच्चों में मारपीट हो गई। यह देखकर रवि व मुकेश भी आ गए। दोनों झगड़ने लगे। अचानक रवि चाकू निकाल लाया। उसने मुकेश के पेट में 3 वार किए। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। आरोपी भाग निकला। परिजन मुकेश को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रात 1 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। बाद में आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया। परिजन ने पुलिस को बताया कि रवि और मुकेश का आना-जाना मकान के पिछले हिस्से में बने गेट से होता था। इसमें गैलरी बनी है। भाइयों के परिवार में अक्सर रास्ते से निकलने पर विवाद होता था। कुछ देर बाद दोनों शांत भी हो जाते थे। मगर, किसी ने यह नहीं सोचा था कि गेट के विवाद में जान भी चली जाएगी। शहर में यह कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी अपने अपनों की जान के दुश्मन बन चुके हैं। हाल ही में बाह क्षेत्र में बेटे ने मां की दोस्तों से हत्या करा दी थी। कार से कुचलकर मार दिया था। दो दोस्तों की भी हत्या हुई थी।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में शहीदों को किया नमन



**मथुरा।** काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में महापौर श्री विनोद अग्रवाल, माननीय विधायक बल्देव श्री पूरन प्रकाश जी, सीडीओ मनीष मीना, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, परियोजन निदेशक अरुण कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया। कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का माननीय महापौर विनोद कुमार एवं माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया।

महापौर ने कहा कि 9 अगस्त का दिन देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को नमन करने का दिन है। जिन शहीदों ने हमें आजादी दिलाई, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए आज यह कार्यक्रम किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति हमें राष्ट्र के प्रति प्रेम करना सिखाती है। भारतीय संस्कृति, भारतीय संस्कारों व भारतीय राष्ट्र पर गर्व है। भावी पीढ़ी को इससे सीख लेनी चाहिए, देश के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने वाले सभी वीरों को नमन करने के उद्देश्य उक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

महापौर ने कहा हमें क्रांतिकारियों से बहुत कुछ सीखना चाहिए। हमें राष्ट्र प्रथम की भावना को मन में रखकर ही कार्य करना चाहिए। कितने ही क्रांतिकारी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 1942 को गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था। देश के मतवालों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाई। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। भावी पीढ़ी को भी इसकी जानकारी दी जानी चाहिए कि कितने संघर्षों व बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है, ताकि वह भी इससे सीख ले सकें। संघर्षों के बाद मिली आजादी की महत्वता को सबको समझना चाहिए। सीडीओ मनीष मीना ने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना को बलवती करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान भी 13 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। मथुरा जनपद में कोई भी छत ऐसी ना रहे जिस पर तिरंगा न फहरा हो। सभी दुकानों, मकानों, आश्रमों, होटलों, रेस्टोरेंटों, प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पंपों, थानों, चौकियों, कोतवालियों, सामाजिक संस्थाओं सहित सभी कार्यालयों में तिरंगा लगाया जाएगा।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चेतन मलिक, कानूनगो पटवारी सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मथुरा।** गुरुवार खुशीपुरा में एक बुजुर्ग और उसकी पुत्रवधू को जलाने के मामले में वृद्ध के पुत्र ने पूर्व जिला पचांयत अध्यक्ष, कानूनगो, पटवारी सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ज्ञात रहे कि ग्राम समाज और निजी जमीन बताने के नाम पर कल जैत के खुशीपुरा गांव में हुयी घटना में आरोपियों ने पेट्रोल डालकर झोंपड़ियों में आग लगा दी थी जिसमें वहां मौजूद वृद्ध सत्यवान और बचाने आयी उनकी पुत्रवधू ललितेश बुरी तरह से जल गये थे। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस प्रशासन के अधिकारी कल पूरी रात घटना की वास्तविकता जानने के लिये जुटे रहे। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही में पुलिस लग गयी है। कानूनगो पटवारी को कल ही सस्पेंड कर दिया गया है। अब इस संबंध में गंभीर रूप से जले वृद्ध सत्यवान के पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ कल्लू ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चेतन मलिक पुत्र महेक सिंह, क्षेत्रीय कानूनगो, पटवारी कपिल उपाध्याय, राजकुमार पुत्र उदयवीर सिंह, विश्वेन्द्र उर्फ सोनी पुत्र विनोद के खिलाफ जैत थाने में एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि उसके पिताजी के गांव के घर को लेकर सिविल न्यायालय में दो मुकदमे लम्बित हैं। इसी को लेकर गांव के भूमाफिया चेतन मलिक पुत्र महेक सिंह, राजकुमार, विश्वेन्द्र और उनके गुंडों और कानूनगो पटवारी ने गुरुवार दोपहर 02 बजे हमारे मकान पर अवैध रूप से जेसीबी चला दी और पटवारी के कहने पर पिताजी को पेट्रोल डालकर आग लगा दी। रिपोर्ट में कहा है कि इन लोगों नेउसकी पत्नी को भी जलाया। पिताजी सौ प्रतिशत जल चुके हैं जिन्हें उपचार के लिये आगरा रैफर किया गया है। सत्यप्रकाश का कहना है कि हम इस जमीन पर 40 वर्ष से रह रहे हैं। हमारे बाथरूम और बिटोरे आदि तोड़ दिये गये हैं। घटनास्थल पर वेदप्रकाश पुत्र घनश्याम सिंह, ज्ञानेंद पुत्र ब्रहम सिंह, पुष्पराज पुत्र सत्यवान आदि मौजूद थे जिन्होने घटना को देखा है।

संक्षेप

## रूसी तेल की खरीद को लेकर सरकार से नहीं मिला कोई निर्देशः एचपीसीएल चेयरमैन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल के चेयरमैन विकास कौशल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने रूसी तेल की खरीद को रोकने या जारी रखने को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है और पेट्रोलियम कंपनियां केवल आर्थिक आधार पर इस बारे में फैसला कर रही हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के तिमाही नतीजों पर निवेशकों के साथ चर्चा के दौरान कौशल ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में एचपीसीएल द्वारा रिफाइन किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी 13.2 प्रतिशत रही और इसकी आपूर्ति पूरी तरह बंद होने पर भी कोई महत्वपूर्ण असर नहीं पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो दिन पहले ही रूसी तेल आयात जारी रखने की वजह से भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अब कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप की इस घोषणा के बाद सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर रूसी तेल की खरीद को लेकर सरकार से निर्देश आने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि कौशल ने कहा कि सरकार की ओर से रूसी तेल का आयात बंद करने या (जारी रखने) के लिए कोई भी दिशानिर्देश या निर्देश नहीं आया है। हम विशुद्ध रूप से व्यावसायिक गुणदोष के आधार पर आयात करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके साथ ही एचपीसीएल चेयरमैन ने कहा कि रूस से अगस्त एवं सितंबर में आपूर्ति के लिए कोई भी ऑर्डर नहीं दिया गया है क्योंकि कच्चे तेल के दाम में मिल रही छूट घटकर लगभग दो डॉलर प्रति बैरल रह गई है। ऐसे में अन्य स्रोतों से तेल खरीदना लगभग समान लागत पर ही संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जून तिमाही में रूसी तेल की खरीद सिर्फ 13.2 प्रतिशत ही रखने का फैसला भू-राजनीतिक कारणों से नहीं बल्कि शुद्ध रूप से आर्थिक गणना के आधार पर लिया गया।

## सिम्बायोसिस के एसएनएपी टेस्ट 2025 की एडमिशन विंडो खुली

पुणे। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट 2025 के लिए ऐप्लीकेशन की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। यह एमबीए में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। एसएनएपी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन एवं पेमेंट विंडो की शुरूआत 1 अगस्त 2025 शुक्रवार को हुई। यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, यानि उम्मीदवार तीन बार तक परीक्षा दे सकते हैं। इनमें से प्रवेश प्रक्रिया के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाएगा हर गलत जवाब के लिए 25 फीसदी नेगेटिव मार्किंग होगी। परीक्षा के प्रत्येक प्रयास के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क रुपये 2250 होगा और प्रत्येक प्रोग्राम के लिए रुपये 1000 का अतिरिक्त शुल्क देना होगा। सलेक्शन की फाइनल प्रक्रिया (मेरिट लिस्टिंग) कम्पोजिट स्कोर के आधार पर की जाएगी।

## उज्जीवन स्मॉल बैंक ने बनायी 42 फीट लंबी फूलों की राखी

नोएडा। राखी के त्यौहार को खास अंदाज में मनाते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) राजधानी के फन रिपब्लिक मॉल में 'थ्रेड ऑफ ट्रस्ट, बॉन्ड फॉर लाइफ' नाम से एक खास पहल कर रहा है। 8 अगस्त से शुरू हुई इस दो दिवसीय त्यौहारी पहल में देश का सबसे बड़ा इनडोर फ्लोरल राखी इंस्टॉलेशन और परिवारों को जोड़ने वाली कई रोचक गतिविधियाँ आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। 42 फीट लंबा खूबसूरत राखी इंस्टॉलेशन लोगों को खूब लुभा रहा है, जो फूलों की डिजाइन से सजा है।

## संस्थापक दिवस का आयोजन

लखनऊ। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, लखनऊ द्वारा बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की 144वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बैंक के लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख ए.के. खन्ना द्वारा सर सोराबजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके अमर आदर्शो को नमन किया गया तथा सभी स्टाफ सदस्यों का ग्राहकों की संतुष्टि बनाएं रखने के लिए बेहतर ग्राहक सेवा तथा संस्था के प्रति निष्ठा रखते हुए, अपने कार्य के प्रति पूर्ण समर्पित रहते हुए समाज की आवश्यकताओं, विशेषकर कमजोर तथा जरूरतमंद वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया।

# सेंसेक्स में 765 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 847.42 अंक टूटकर 79,775.84 अंक पर आ गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 शेयरों में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 232.85 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है। बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 202.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि, एनटीपीसी, टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी का रूख रहा। भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ने से घरेलू बाजार में गिरावट रही और यह तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली जारी रखी है जिससे घरेलू सूचकांकों पर दबाव बढ़ रहा है। नाउम्मीद के माहौल में रियल्टी एवं धातु खंडों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। शेयर बाजार से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,997.19 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 10,864.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक नकारात्मक दायरे में बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 2.09 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि दूरसंचार खंड में 1.83 प्रतिशत और धातु खंड में 1.82 प्रतिशत की सुस्ती रही।

# विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.70 अरब डॉलर बढ़कर 698.19 अरब डॉलर हो गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.32 अरब डॉलर घटकर 581.61 अरब डॉलर रहा। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.71



अरब डॉलर घटकर 83.99 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 23.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.57 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 5.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.69 अरब डॉलर रहा।

## सोना 800 रुपये चढ़कर 103,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 103,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 102,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी।

राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 103,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ यह बृहस्पतिवार के 102,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया। पिछले पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है। अमेरिका द्वारा स्विट्जरलैंड से आयातित एक किलो और 100 औंस सोने की छड़ों पर 39 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद सोने की कीमतों में तेजी आई है। इससे एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग बाधित हुआ है और सर्राफा बाजार में नई अस्थिरता आई है। इन छड़ों को कर योग्य श्रेणी में पुनर्वर्गीकृत करने से उनकी लंबे समय से चली आ रही छूट समाप्त हो गई है, क्योंकि स्विट्जरलैंड एक प्रमुख रिफाइनिंग केंद्र है।

## भारत पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क लगने पर छह प्रतिशत रह जायेगी वृद्धि दरः मूडीज

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि अगर अमेरिका 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर देता है तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रह जाएगी।

यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। हालांकि रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी। इसके साथ ही मूडीज ने कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्क पर भारत की प्रतिक्रिया से ही यह तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर इसका क्या असर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने छह अगस्त को भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की थी। इसके साथ ही 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर लगने वाला कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। मूडीज ने कहा कि भारतीय आयात पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों पर लागू 15-20 प्रतिशत शुल्क के मुकाबले कहीं अधिक है। लंबे समय में इसका असर भारत के विनिर्माण क्षेत्र, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे मूल्यवर्धित क्षेत्रों की विकास योजनाओं पर पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि भारत के पास बाहरी अस्थिरता से निपटने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है और सरकार संभवतः धीरे-धीरे राजकोषीय और ऋण नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगी। मूडीज ने कहा कि वर्ष 2022 के बाद से भारत ने रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात किया है जिससे उसे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे पर दबाव कम करने में मदद मिली है। वर्ष 2024 में भारत का रूस से तेल आयात बढ़कर 56.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 93 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 93 प्रतिशत बढ़ी। इसमें टाटा मोटर्स का योगदान सबसे अधिक रहा। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने शुक्रवार को बताया कि पिछले महीने कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 15,528 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 8,037 इकाई था। टाटा मोटर्स 6,047 इकाइयों की बिक्री के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रही, जो पिछले वर्ष जुलाई में 5,100 इकाइयों की तुलना में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की वृद्धि है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,07,655 इकाई थी। टीवीएस मोटर कंपनी 22,256 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस खंड में सबसे आगे रही। इसने जुलाई 2024 की 19,655 इकाइयों की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 69,146 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 63,675 इकाई थी। महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा जो जुलाई 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत अधिक है।

# 47 से 60 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। केंद्र ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की 47 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर खुदरा बिक्री की शुक्रवार को घोषणा की। इस पहल का मकसद खरीदारों को राहत प्रदान करना है।



उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बताया कि एनसीसीएफ चार अगस्त से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीद रहा है और न्यूनतम मुनाफे पर उनकी खुदरा बिक्री कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, आज तक एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम की खुदरा कीमतों पर 27,307 किलोग्राम टमाटर बेचे हैं। खुदरा बिक्री एनसीसीएफ के नेहरू प्लेस, उद्योग भवन, पटेल चौक और राजीव चौक स्थित खुदरा दुकानों के साथ-साथ शहर भर में विभिन्न स्थानों पर संचालित छह से सात वैन के माध्यम से की जा रही है। एनसीसीएफ द्वारा पिछले कई वर्षों में भी इसी तरह की पहल की गई है। मंत्रालय ने कहा कि बारिश के कारण दिल्ली में टमाटर की कीमतों में अस्थायी रूप से बढ़ोतरी हुई है, लेकिन अखिल भारतीय औसत मूल्य स्थिर बना हुआ है। दिल्ली में टमाटर का वर्तमान औसत खुदरा मूल्य 73 रुपये प्रति किलोग्राम है, जिसका मुख्य कारण जुलाई के अंतिम सप्ताह से उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश है। मौसम संबंधी इस व्यवधान के कारण जुलाई के अंत तक कीमतें 85 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं। हालांकि, पिछले सप्ताह आजादपुर मंडी में दैनिक आवक में सुधार और स्थिरता के साथ मंडी और खुदरा कीमतों दोनों में गिरावट आनी शुरू हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि देश भर के विभिन्न केंद्रों पर खुदरा कीमतें किसी बुनियादी मांग-आपूर्ति असंतुलन या उत्पादन में कमी के बजाय अस्थायी स्थानीय कारकों से प्रभावित होती हैं। इसके विपरीत, चेन्नई और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में कीमतों में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई है। चेन्नई और मुंबई में वर्तमान औसत खुदरा मूल्य क्रमशः 50 रुपये प्रति किलोग्राम और 58 रुपये प्रति किलोग्राम है जो दिल्ली की प्रचलित कीमत से काफी कम है। टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य वर्तमान में 52 रुपये प्रति किलोग्राम है जो 2024 के 54 रुपये प्रति किलोग्राम और 2023 में 136 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है।

## मौजूदा समय में भारत को यूरोपीय संघ के एफटीए पर तेजी से काम करने की जरूरतः पनगढ़िया

नयी दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग के प्रमुख अरविंद पनगढ़िया ने देश की वृद्धि रफ्तार बढ़ाने के लिए शुक्रवार को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को तेजी से आगे बढ़ाने के साथ भूमि एवं श्रम बाजार सुधारों को लागू करने का सुझाव दिया।

पनगढ़िया ने यहां आयोजित बिजनेस टुडे इंडियाए100 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में अधिक शुल्क लगने के बीच भारत के लिए यह महत्वपूर्ण मोड़ है, जहां एक बाजार सीमित हो रहा है तो दूसरे को व्यापक रूप से खोलने की जरूरत है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय आयात पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बीच कहा



कि भारत को अपने सुधार एजेंडे को अब आगे बढ़ाना होगा। पनगढ़िया ने कहा कि अमेरिका में ऊंचा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत अपने निर्यात को कम शुल्क वाले यूरोपीय संघ की तरफ मोड़ने का काम कर सकता है। इस महत्वपूर्ण क्षण में हमें यूरोपीय संघ के साथ एफटीए पर गंभीर प्रयास करने चाहिए। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे एक बड़ा बाजार हमारे लिए खुल जाएगा। पनगढ़िया ने अमेरिका की तरफ से लगाए गए ऊंचे शुल्क पर कहा, यह संकट भारत के लिए 1991 जैसा समय है।...हमें अतीत पर नजर डालकर यह सोचने की जरूरत है कि क्या किया जा सकता है। बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। सुधारों के मोर्चे पर कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने श्रम संहिता के क्रियान्वयन, भूमि सुधार और केंद्र एवं राज्यों में नियमों की संख्या घटाने को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और यदि घरेलू सुधार पूरे किए जाएं तो वृद्धि की रफ्तार को तेज करने में कोई बाधा नहीं है।

## पेज एक का शेष

### हम जियेंगे

याद दिलाया कि उस ट्रेन एक्शन में सिर्फ 4600 रुपये लूटे गए थे, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें पकड़ने में 10 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए। उन क्रांतिकारियों (पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी और अन्य को बिना सुनवाई के फांसी दी गई। चंद्रशेखर आजाद ब्रिटिश हुकूमत के हाथ नहीं लगे, बल्कि वो स्वयं मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। आज यह शताब्दी महोत्सव उन महान क्रांतिकारियों के स्मरण का महान दिवस है। हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा है। आज से 100 वर्ष पहले इस महान आजादी को लेकर जिन क्रांतिकारियों ने खुद को बलिदान दिया था, उनका पुनः स्मरण करके उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए हर देशवासी को प्राण प्रण से जुटना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन के मन में पुनः प्रतिष्ठित करना आज का हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए, हर गांव और नगर निकाय, वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले, यही हमारी आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि हर घर के ऊपर ये तिरंगा झंडा हो और हम सब तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता के संदेश को विभाजनकारी मंसूबों को तोड़ते हुए आगे बढ़ाएं। अगर हम इस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो आजादी का यह महोत्सव एक बार फिर से हर भारतवासी को अपने आप से जोड़ने में सफल सिद्ध होगा। देश के स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों के सामने यही संकल्प दिया है। हर भारतवासी ने भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सदैव सम्मान दिया है। हाल ही में दुश्मन देश के द्वारा भारत पर थोपी गई युद्ध का जवाब भारत के बहादुर जवानों में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जिस तत्परता के साथ दिया, पूरी दुनिया ने भारत के शौर्य और सामर्थ्य का लोहा माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा।

### केजीएमयू को

किया गया था। प्रो. नित्यानंद ने पदभार संभालते ही यह संकल्प लिया था कि विश्वविद्यालय को ए++ ग्रेड की ओर अग्रसर करना है, और अपने दूरदर्शी नेतृत्व व अटूट समर्पण से उन्होंने यह सपना साकार कर दिखाया।

### पेट्रोलियम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू एलपीजी की बिक्री पर हुए घाटे के लिए तीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) को 30,000 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया, इस क्षतिपूर्ति से तेल विपणन कंपनियां अपनी आवश्यक जरूरतों जैसे कच्चे तेल व एलपीजी की खरीद, ऋण चुकाने और अपने पूंजीगत व्यय को जारी रखने में सक्षम होंगी। इससे देश भर के मकानों में एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। तेल विपणन कंपनियों के बीच क्षतिपूर्ति का वितरण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। बयान में कहा गया यह कदम वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव से उपभोक्ताओं की रक्षा करने और साथ ही इन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाए रखने की सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। वहीं सरकार ने तमिलनाडु में मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन में बदलने को लेकर कुल 2,157 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्तमान में, चेन्नई, पुडुचेरी, विलुप्पुरम और नागपत्तनम के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 332ए (एनएच-332ए) और संबंधित राज्य राजमार्गों पर निर्भर है, जहां यातायात की अधिकता के कारण, विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों और गलियारे वाले प्रमुख कस्बों में काफी भीड़भाड़ रहती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, इस परियोजना के तहत मरक्कनम से पुडुचेरी तक लगभग 46 किलोमीटर लंबे एनएच-332ए को चार-लेन का बनाया जाएगा। इस परियोजना से मौजूदा गलियारे पर भीड़ कम होगी, सुरक्षा में सुधार होगा और चेन्नई, पुडुचेरी, विलुप्पुरम और नागपत्तनम जैसे तेजी से बढ़ते शहरों की परिवहन संबंधी जरूरतें पूरी होंगी। यह परियोजना दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-32, एनएच-332) व दो राज्य राजमार्गों (एसएच-136, एसएच-203) को जोड़ती है, जिससे तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों तक निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी

के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हूं।

### अमित शाह ने

नौकरियों को हड़प रहे हैं जिन पर बिहार के युवाओं का वैध दावा है। शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और लालू प्रसाद ऐसे अवैध मतदाताओं को बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा क्या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जाने चाहिए? राहुल गांधी को संविधान की प्रति लहराने का शौक है। उन्हें संविधान को अच्छी तरह पढ़ना चाहिए, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, उन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री ने वास्तविक मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए जाने या वोट देने के पात्र नहीं रहे लोगों को सूची में शामिल किए जाने के संबंध में विपक्षी दलों द्वारा एक भी दावा या आपत्ति पेश न कर पाने पर भी उनका मजाक उड़ाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह ने दावा किया कि उन्हें बिहार में राजग की निश्चित जीत का पूर्वानुमान है, जिसका नेतृत्व जदयू अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। कुमार इस अवसर पर मौजूद थे। भाजपा नेता ने कहा, ऐसा लगता है कि विपक्ष को एहसास हो गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में उसकी हार निश्चित है। इसलिए वे इसे टालने के तरीके ढूंढ़ रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण की उनकी तीखी आलोचना भी इसी तरह का एक प्रयास है।

### इजराइली कैबिनेट

बहुमत से यह मानना है कि सुरक्षा कैबिनेट को सौंपी गई वैकल्पिक योजना से न तो हमास की हार होगी और न ही बंधकों की वापसी होगी। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वैकल्पिक योजना क्या थी। सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत योजना में पांच सिद्धांत शामिल हैंः हमास को निरस्त्र करना, सभी बंधकों की वापसी, गाजा का विसैन्यीकरण, गाजा में इजराइली सुरक्षा नियंत्रण और एक ऐसे असैन्य प्रशासन की स्थापना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।

### धराली आपदा

ताकि मुआवजे की प्रक्रिया में देर न हो। स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के समक्ष धराली का पुनर्निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर करने की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में पूरी मजबूती से हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है, और धराली के पुनर्निर्माण के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। धराली व हर्षिल में सामुदायिक रसोइयों के माध्यम से प्रभावितों के भोजन की समुचित व्यवस्था की गयी है। आपदा प्रभावित क्षेत्र में एक अत्यंत भावुक कर देने वाला क्षण तब सामने आया जब गुजरात की धनगौरी बरौलिया, जिन्हें हाल ही में रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया था, मुख्यमंत्री धामी से मिलीं। रक्षाबंधन से ठीक पहले, भावनाओं से भीगी आंखों के साथ उन्होंने अपने दुपट्टे का एक टुकड़ा फाड़कर मुख्यमंत्री को राखी के रूप में बांध दिया। यह दृश्य वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम कर गया।

मुख्यमंत्री धामी ने भी इस प्रेम भरी राखी को गहराई से स्वीकार किया और कहा कि यह राखी सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी का स्मरण है कि इस आपदा की घड़ी में हम हर पीड़ित के साथ हैं। मुख्यमंत्री के साथ धराली दौरे पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, डीजीपी दीपम सेठ, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे, आईजी अरुण मोहन जोशी, डीएम प्रशांत आर्य, एसपी सरिता डोबाल, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने राहत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।

### भारत के

है। मंत्रालय ने कहा, किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। भारत और अमेरिका के मौजूदा हालात पर बात करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी अटॉर्नी रवि बत्रा ने कहा कि ट्रंप के शुल्क के बीच काफी कुछ दांव पर लगा है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप की इच्छा के अनुसार यूक्रेन के साथ युद्धविराम स्वीकार नहीं किया।

### ट्रंप ने अमेरिका

चिंताओं का समाधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप परस्पर सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। पिछले सप्ताह घोषित 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूसी तेल की खरीद को लेकर बुधवार को 25 प्रतिशत शुल्क और लगा दिया, जिससे भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। यह अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। यह अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा।

### प्रदेश में

किये गए। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10:30 बजे उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) की अनुबंधित बस सवारियों को लेकर बाराबंकी बस अड्डे से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख गांव के समीप राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के कारण अचानक बस पर गिर पड़ा, जिससे बस को काफी नुकसान पहुंचा और यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। जहां पांच यात्रियों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में चार महिलाएं और बस का चालक शामिल है। बाराबंकी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल छह लोगों को जिला अस्पताल में लाया गया था। उन्होंने कहा कि इनमें से चार महिलाओं व बस के पुरुष चालक की मौत हो चुकी थी, जबकि एक अन्य घायल युवक का इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्वयं घटना स्थल पर पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी की तथा घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की।




# ऑस्ट्रेलिया का दौरा एशिया कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम का उसके घरेलू मैदान पर सामना करने से उनकी टीम को इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

भारतीय टीम आज तड़के ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई, जहां वह 15 से 21 अगस्त तक पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैचों की महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना हमेशा बड़ी चुनौती होती है और एशिया कप के लिए तैयारी के इस चरण में हमें इसी की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम इस श्रृंखला को एशिया कप की तैयारी के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देख रहे हैं। हमारा ध्यान एक इकाई के रूप में सुधार करने, मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने और एशिया कप के लिए राजगीर जाने से पहले जरूरी लय हासिल करने पर



है। हरमनप्रीत ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के इस दौर से हमें एशिया कप से पहले उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। हम ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे। इस श्रृंखला से टीम प्रबंधन को एशिया कप के लिए अंतिम टीम के चयन करने में भी मदद मिलेगी। एशिया कप 29 अगस्त से राजगीर में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

## ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी शामिल



मेलबर्न। भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। इस श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और सात से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया पुरुष अंडर-19 टीमः साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर।

रिजर्वः जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

## पंजाब ने हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती

चेन्नई। मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के फाइनल में शुक्रवार को यहां झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया।

खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम में दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया।

झारखंड के सुखू गुरिया (42वें) ने अपनी टीम को एक बार फिर बढ़त दिलाई। लेकिन पंजाब के मनदीप (45वें, 53वें) के दो गोल ने टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने कांस्य पदक के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 5-3 से हराया।

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए निविदाएं आमंत्रित कीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की सत्यापन सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की है।

बोर्ड ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के पंजीकरण के लिए सत्यापन सेवाओं के प्रावधान सहित सेवाएं प्रदान करने के अधिकार और दायित्व हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। बीसीसीआई ने निविदा के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है जिसमें इससे संबंधित विस्तृत नियम और शर्तें दी गई हैं।

बोर्ड ने कहा, एक लाख रुपये की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर का भुगतान प्राप्त होने पर आरएफपी उपलब्ध कराया जाएगा।

**संक्षेप**

### वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में बाहर

सिनसिनाटी। एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर रहने के बाद पिछले महीने वापसी करने वाली वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो से 6-4, 6-4 से हारकर बाहर हो गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन को अब अमेरिकी ओपन में भाग लेना है जहां उन्हें मिश्रित युगल में अपने जोड़ीदार रीली ओपेल्का के साथ वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश मिला है। वीनस ने अपनी बहन सेरेना के साथ महिला युगल में 14 ग्रैंड स्लैम और मिश्रित युगल में दो खिताब जीते हैं। दुनिया में 51वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 22 वर्षीय मानेरो का जब जन्म हुआ तब तक वीनस चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी थी। वह पिछले सप्ताह मांट्रियल में नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। 45 वर्षीय वीनस के खिलाफ यह उनका पहला मुकाबला था।

### अमेरिका के बेन शेल्टन बने टोरंटो में चैंपियन

टोरंटो। अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

### भाटिया ने करियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला

मेम्फिस (अमेरिका)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट जूड चैंपियनशिप में बढ़त कायम कर ली। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता 23 साल के भाटिया ने आखिरी कुछ होल में शानदार खेल दिखाया। शुरुआती नौ होल में चार अंडर का स्कोर करने वाले भाटिया 11वें होल में बर्डी करने के बाद 12वें होल में बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि इसके बाद कमाल की वापसी की। उन्होंने पांच शॉट वाले 16वें होल में ईगल लगाई और फिर आखिरी दो होल में लगातार दो बर्डी के साथ शीर्ष स्तर पर करियर का सबसे शानदार कार्ड खेला।

## इंग्लैंड में बलात्कार की जांच के बीच क्रिकेटर हैदर अली निलंबित

मैनचेस्टर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है। पीसीबी ने 24 वर्षीय अली के खिलाफ जांच की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताया। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सोमवार को उन्हें बलात्कार के आरोप की एक शिकायत मिली है। पुलिस ने बयान ने कहा कि हमने इस संबंध में एक 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह घटना बुधवार, 23 जुलाई 2025 को मैनचेस्टर के एक परिसर में हुई थी। आगे की पूछताछ तक उस व्यक्ति को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है।



ब्रिटेन में पुलिस आमतौर पर जांच के इस चरण में संदिग्धों का नाम नहीं बताती है। पाकिस्तान की टीम का 15 दिवसीय दौरा 22 जुलाई को शुरू हुआ था। पीसीबी ने बयान में कहा, अली को जांच के परिणाम आने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीसीबी यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को स्वीकार करता है। अली ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से पाकिस्तान के लिए दो एक दिवसीय और 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। पीसीबी ने कहा कि अली को उचित कानूनी सहायता प्रदान की गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, एक बार कानूनी कार्वाई पूरी हो जाने और सभी तथ्य सामने आने के बाद पीसीबी को अगर जरूरी हुआ तो अपनी आचार संहिता के तहत उचित कार्वाई करने का अधिकार है।

## मैकग्रा की भविष्यवाणीः एशेज में 5-0 से जीतेगा ऑस्ट्रेलिया

लंदन। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन महीने से अधिक का समय बाकी है लेकिन दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 से क्लीन स्वीप करेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह प्रतिष्ठित श्रृंखला 21 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। मैकग्रा ने कहा कि उनकी भविष्यवाणी भारत के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर आधारित है। भारत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली गई इस श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था।



मैकग्रा ने बीबीसी रेडियो पर कहा, मैं अमूमन भविष्यवाणी नहीं करता हूं लेकिन एशेज के लिए मेरी भविष्यवाणी है कि ऑस्ट्रेलिया इसमें 5-0 जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। जब पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन अपने घरेलू हालात में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हों, तो इंग्लैंड के लिए यह काफ़ी मुश्किल होने वाला है। इसके अलावा इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी अच्छा नहीं है। इंग्लैंड इस वर्ष के अंत में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। उसने 2015 के बाद से एशेज नहीं जीती है इसके अलावा इंग्लैंड को 2002-03 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला को छोड़कर बाकी सभी श्रृंखलाओं में 0-5 या 0-4 से हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट मैच 2010-11 में जीता था। इंग्लैंड ने तब श्रृंखला 3-। से अपने नाम की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2021-22 में जब इंग्लैंड का आखिरी दौरा किया था, तब 4-0 से जीत हासिल की थी। यही नहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी धरती पर जो पिछले 15 टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से 11 में उसने जीत दर्ज की है। उसने इस बीच केवल दो मैच हारे जबकि दो अन्य मैच ड्रॉ समाप्त हुए थे।

## कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता



मॉन्ट्रियल। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-। से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

## अंडर-17 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं ने संसद का दौरा किया

गुवाहाटी। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी मनीषा कल्याण ने शुक्रवार को कहा कि उनका सपना फीफा विश्व कप और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना है।



यूएफा चैंपियंस लीग (यूरोप की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग) में खेलने वाली इकलौती भारतीय फुटबॉलर मनीषा शुक्रवार को यहां नेहरू स्टेडियम में लड़कियों के लिए आयोजित अस्मिता अंडर-13 लीग में आकर्षण का केन्द्र थी। उन्होंने कहा कि अस्मिता युवा लड़कियों को अपने फुटबॉल के सपनों को साकार करने के लिए मुश्किल से मिलने वाला मंच है। तेईस साल की मनीषा ने अस्मिता के गुवाहाटी चरण में भाग लेने वाली आठ टीमों की हौसला अफजाई करने के बाद कहा मेरा सपना अब फीफा विश्व कप और ओलंपिक में खेलने का है। अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने के बाद हमारे इरादे मजबूत हुए है। अस्मिता लीग का उद्देश्य पूरे भारत में जमीनी स्तर पर प्रतिभा की खोज करना है। मनीषा ने कहा कि आपके पास अब अस्मिता जैसा एक मंच है और आप जितने अधिक मैच खेलेंगी, आप उतनी ही बेहतर होती जाएंगी। मनीषा के साथ इस मौके पर असम की दो उभरती हुई खिलाड़ी रेखा कटकी और दोसोमी रौतिया भी मौजूद थी। रेखा और दोसोमी दोनों ही अस्मिता लीग की हिस्सा रही है। दोसोमी ने राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई है, वहीं रेखा ने इंडियन वीमेन लीग डिवीजन 2 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब की कप्तानी की है। मनीषा ने कहा, फुटबॉल पूर्वोत्तर के लोगों की रगों में है। मैं बाला देवी को देखकर बड़ी हुई हूं और अब मेरी सीनियर राष्ट्रीय टीम में 11 साथी खिलाड़ी इसी क्षेत्र से हैं। इससे पता चलता है कि यहां कितनी प्रतिभा मौजूद है।

## भविष्य को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स से बात कर रहे हैं अश्विन

चेन्नई। सीनियर आफ स्पिनर आर अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने भविष्य को लेकर चर्चा कर रहे हैं जबकि ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम से अलग होने की मांग कर सकते हैं।



खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेंशन) की समय सीमा में अभी दो महीने बाकी हैं और समझा जाता है कि अश्विन सीएसके के आला अधिकारियों से अपनी भूमिका को लेकर बातचीत कर रहे हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा कि किसी खिलाड़ी के भविष्य को लेकर बात करना अभी जल्दबाजी होगी। रिटेंशन की कट आफ तारीख अभी घोषित नहीं है लिहाजा हमारे पास समय है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों से बात करने की योजना नीलामी से पहले की थी और सीनियर होने के नाते अश्विन इसका हिस्सा है। अगले आईपीएल सत्र से पहले टीम में भूमिका समझने के लिये यह आपसी बातचीत है। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले 38 वर्ष के अश्विन को चेन्नई ने 2025 मेगा नीलामी में नौ करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा था। चेन्नई के रहने वाले अश्विन 2009 से 2015 तक इसी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने इस साल आईपीएल में नौ मैच खेलकर सात ही विकेट लिये। चेन्नई चार जीत और 10 हार के बाद आखिरी (दसवें) स्थान पर रही। ऐसी अटकलें हैं कि चेन्नई विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को ले सकती है जो राजस्थान रॉयल्स छोड़ना चाहते हैं।

# लोगों को मिले किफायती ऊर्जा

## सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है: जयशंकर



नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और लोगों को किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो, इसके लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार एक बहुआयामी रणनीति अपना रही है जिसमें आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाना, तेल और गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाना, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने का विस्तार करना और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाना शामिल है। उनसे वैश्विक तनाव के बीच देश के सामरिक और ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण पूछा गया था, और यह प्रश्न भी किया गया कि क्या सरकार ने रूस और ईरान से भारत के पेट्रोलियम आयात पर प्रतिबंधों के प्रभाव के बारे में अमेरिका जैसे देशों के साथ चिंता व्यक्त की है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो 7 अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें नई दिल्ली द्वारा रूस से तेल की खरीद पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की गई, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा शुल्कों में से एक है। यह अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 21 दिन बाद 27 अगस्त से लागू होगा। जयशंकर ने अपने लिखित जवाब में यह भी कहा, सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और भारत के लोगों के लिए सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।

# मैंने ली है संविधान की शपथ, क्या चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट बन चुका है: राहुल




बेंगलुरु। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने या माफी मांगने के लिए कहे जाने के बाद शुक्रवार को उस पर पलटवार किया और कहा कि उन्होंने संसद के भीतर संविधान की शपथ ली है तथा इस संवैधानिक संस्था को बताना चाहिए कि क्या वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एजेंट बन गई है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में आयोजित वोट अधिकार रैली को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी कि वोट चोरी के लिए जिम्मेदार चुनाव आयोग के अधिकारियों को एक न एक दिन पकड़ा जाएगा क्योंकि यह एक आपराधिक कृत्य है। इससे पहले चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा था कि राहुल गांधी के पास दो विकल्प हैं, या तो शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या आयोग के खिलाफ बेतुके आरोपों के लिए माफी मांगे। कांग्रेस नेता ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है। उन्होंने दावा किया कि आज जब देश की जनता मतदाता सूची के डेटा को लेकर सवाल पूछ रही है तो चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट ही बंद कर दी क्योंकि आयोग जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी तो उनका पूरा ढांचा ढह जाएगा। राहुल गांधी ने सवाल किया, विपक्ष को डिजिटल मतदाता सूची क्यों नहीं मिल रही? सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं, ऐसा क्यों और किसके कहने पर हो रहा है? फर्जी मतदान और मतदाता सूची में गड़बड़ी क्यों की गई? विपक्षी नेताओं को क्यों डराया, धमकाया जा रहा है? साफ-साफ बताओ कि क्या चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है।

# पूर्वी लेबनान में इजराइली हवाई हमला, फलस्तीनी अधिकारी और उनके अंगरक्षक की मौत

बेरूत। पूर्वी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में कई लोग मारे गए, जिनमें एक फलस्तीनी समूह का वरिष्ठ सदस्य और उनका अंगरक्षक भी शामिल हैं। फलस्तीनी समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

समूह ने एक बयान में कहा कि बृहस्पतिवार दोपहर लेबनानी सीमा पार मस्ना के निकट हुए हवाई हमले में पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फलस्तीन (पीएफएलपी) की केंद्रीय समिति के सदस्य मोहम्मद विसाह की मौत हो गई। ये लोग सीरिया जा रहे थे। इजराइली सेना ने हवाई हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि विसाह क्षेत्र में अन्य आतंकवादी समूहों के साथ समन्वय करने तथा पीएफएलपी और ईरान के तथाकथित प्रतिरोध धड़े के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार था। सेना ने कहा कि विसाह इजराइल के खिलाफ हमले तेज कर रहा था और उसने सीरिया में पीएफएलपी के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया था, क्योंकि उसके पूर्ववर्ती की सितंबर में बेरूत में हवाई हमले में मौत हो गई थी। पीएफएलपी के वरिष्ठ पदाधिकारी मारवान अब्दुल-अल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विसाह और उनके अंगरक्षक मुफीद हुसैन की मौत पर शोक व्यक्त किया। अब्दुल-अल ने लिखा, हमने अपने दो सबसे वफादार साथियों को खो दिया है। उन्होंने अपनी जान आज़ादी के लिए कुर्बान कर दी। वहीं, लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने पीड़ितों की पहचान बताए बिना कहा कि पूर्वी लेबनान पर हुए हवाई हमले में छह लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गये। अक्टूबर 2023 में इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से, इजराइल ने लेबनान में फलस्तीनी अधिकारियों को निशाना बनाया है, जिनमें पीएफएलपी सदस्य भी शामिल हैं। पीएफएलपी के बयान में कहा गया है कि विसाह का जन्म 1954 में गाजा पट्टी में हुआ था और 1973 में फलस्तीनी समूह में शामिल होने के तुरंत बाद उन्होंने पांच साल इजराइल की जेलों में बिताये थे। एनएनए की खबर के अनुसार शुक्रवार की सुबह, एक इजराइली ड्रोन हमले में दक्षिणी लेबनान के एक तटीय राजमार्ग पर एक कार को निशाना बनाया गया, जिसमें पत्रकार मोहम्मद शेहादेह की मौत हो गई। बाद में हिजबुल्ला ने कहा कि शेहादेह उसके सदस्यों में से एक था। इजराइल और हिजबुल्ला उग्रवादी समूह के बीच 14 महीने का युद्ध समाप्त होने के बाद से, इजराइल ने लेबनान पर कई हवाई हमले किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से हिजबुल्ला सदस्यों को निशाना बनाया गया है।




**सन्देश**



सभी सुधी पाठकों, ईष्टमित्रों, विज्ञापन दाताओं को रक्षाबन्धन एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**रज्जन तिवारी**

तहसील संवाददाता-बीघापुर, उन्नाव
दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ

# चीन ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की संभावित यात्रा का स्वागत किया

बीजिंग। चीन ने इस महीने के अंत में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित यात्रा का शुक्रवार को स्वागत किया। उसने उम्मीद जताई कि यह आयोजन एकजुटता, मैत्री और सार्थक परिणामों का समागम होगा। दिल्ली में मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने इस सप्ताह बताया कि सात साल के अंतराल के बाद प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन एससीओ तियानजिन शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करता है। उनसे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी की चीन यात्रा की खबरों के बारे में पूछा गया था।

चीन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।




## चीन में अचानक आई बाढ़ से कम से कम 10 लोगों की मौत, 33 लापता

बीजिंग। चीन के उत्तर-पश्चिमी गांसू प्रांत के युझोंग काउंटी में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग लापता हो गए। चीन की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, बृहस्पतिवार से हो रही भारी बारिश के कारण लान्झोउ शहर के निकट पहाड़ी क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई और कम से कम एक बार भूस्खलन हुआ। मूसलाधार बारिश के कारण जिंगलोंग पर्वतीय क्षेत्र में बिजली और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गईं।

## भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाना राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है : व्यापार सलाहकार

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है, जो नयी दिल्ली के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नवारो ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि भारत पर लगाए गए शुल्क का तर्क पारस्परिक शुल्क से बिलकुल अलग है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दा है, जो भारत के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा हुआ है और हर अमेरिकी को इसका गणित समझना चाहिए, क्योंकि यह व्यापारिक स्थिति से संबंधित है। नवारो ने कहा कि आप इस बात से समझिए कि भारत शुल्क का महाराजा है, यह अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है और इसके पास ऊंची गैर-शुल्क बाधाएं भी हैं, जिससे हम अपने उत्पाद वहां नहीं पहुंचा पाते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका एक गैर न्यायसंगत व्यापारिक माहौल में भारत से उत्पाद ख़रीदने के लिए विदेशों में बहुत सारे डॉलर भेजता है। इसके बाद भारत, अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com